

किसी भी तरह के
विज्ञापन एवं समाचार
के लिए संपर्क करें मो0:
9891706853

दैनिक
# समाज जागरण
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200
दैनिक हिन्दी समाचार — समाज जागरण — RNI NO. UPHIN/2021/84200
नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित
वर्षः 4 अंकः 62 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 11 दिसम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

## अपने नागरिकों के अधिकारों और गरिमा की रक्षा करना हमारा साझा कर्तव्य है: राष्ट्रपति मुर्मु

समाज जागरण

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बुधवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित मानवाधिकार दिवस समारोह में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मानवाधिकार दिवस हमें यह याद दिलाता है कि सार्वभौमिक मानवाधिकार अविभाज्य हैं और वे एक न्यायपूर्ण, समतामूलक तथा करुणामय समाज की आधारशिला हैं।




### मानवाधिकारों के वैश्विक ढांचे को आकार देने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि 70 वर्ष पहले विश्व ने एक सरल, लेकिन क्रांतिकारी सत्य को स्वीकार किया था- प्रत्येक मनुष्य गरिमा और अधिकारों में स्वतंत्र एवं समान पैदा होता है। मानवाधिकारों के वैश्विक ढांचे को आकार देने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने मानवीय गरिमा, समानता और न्याय पर आधारित विश्व व्यवस्था की कल्पना की थी।

### सभी नागरिकों के मानवाधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए

उन्होंने अंत्योदय के दर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि वंचित और कमजोर वर्गों सहित सभी नागरिकों के मानवाधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने बल दिया कि 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के मार्ग में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है, तभी विकास को सही मायनों में समावेशी कहा जा सकेगा।

### मानवाधिकार हमारे संविधान की मूल भावना में निहित

राष्ट्रपति ने कहा कि मानवाधिकार हमारे संविधान की मूल भावना में निहित हैं और सामाजिक लोकतंत्र को मजबूत बनाते हैं। इनमें भयमुक्त जीवन, निर्बाध शिक्षा, शोषण से मुक्त होकर काम करने का अधिकार और गरिमापूर्ण वृद्धावस्था जैसे अधिकार शामिल हैं। भारत ने विश्व को यह याद दिलाया है कि मानवाधिकारों को विकास से अलग नहीं किया जा सकता। साथ ही, भारत सदैव इस सिद्धांत पर कायम रहा है कि "न्याय के बिना शांति नहीं और शांति के बिना न्याय नहीं।"

### संवैधानिक मूल्यों के सतर्क प्रहरी

उन्होंने यह जानकर संतोष व्यक्त किया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राज्य मानवाधिकार आयोग, न्यायपालिका और नागरिक समाज- सभी ने मिलकर संवैधानिक मूल्यों के सतर्क प्रहरी के रूप में कार्य किया है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में आयोग ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदायों, महिलाओं और बच्चों से जुड़े अनेक मामलों का स्वतः संज्ञान लिया है।

राष्ट्रपति ने यह भी उल्लेख किया कि आयोग ने इस वर्ष अपने स्थापना दिवस पर कैदियों के मानवाधिकारों पर महत्वपूर्ण चर्चा आयोजित की, जिससे उपयोगी निष्कर्ष निकलने की उम्मीद है।

### महिलाओं का सशक्तिकरण और उनका कल्याण मानवाधिकारों के प्रमुख स्तंभों में से एक

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण और उनका कल्याण मानवाधिकारों के प्रमुख स्तंभों में से एक है। उन्होंने खुशी व्यक्त की कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सार्वजनिक और कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर सम्मेलन आयोजित किया है। उनके अनुसार, ऐसे सम्मेलनों से प्राप्त सुझाव महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग राज्य और समाज के आदर्शों को मूर्त रूप देता है

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग राज्य और समाज के आदर्शों को मूर्त रूप देता है। भारत सरकार भी इन आदर्शों को अभूतपूर्व पैमाने पर लागू कर रही है। पिछले एक दशक में देश ने विशेषाधिकारों से सशक्तिकरण और दान से अधिकार आधारित दृष्टिकोण की ओर महत्वपूर्ण बदलाव देखा है। सरकार स्वच्छ जल, बिजली, खाना पकाने की गैस, स्वास्थ्य सेवा, बैंकिंग, शिक्षा और स्वच्छता जैसी सुविधाएं हर नागरिक तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिससे परिवारों का उत्थान हो रहा है और उनकी गरिमा सुनिश्चित हो रही है।

### व्यापक सुधार भविष्य के अनुरूप कार्यबल और अधिक मजबूत उद्योगों की नींव तैयार करता है

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार ने हाल ही में वेतन, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा तथा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थितियों से संबंधित चार श्रम संहिताओं को अधिसूचित किया है। यह व्यापक सुधार भविष्य के अनुरूप कार्यबल और अधिक मजबूत उद्योगों की नींव तैयार करता है।

### मानवाधिकार केवल सरकार, एनएचआरसी या नागरिक समाज संगठनों की जिम्मेदारी नहीं

समारोह के अंत में राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि मानवाधिकार केवल सरकार, एनएचआरसी या नागरिक समाज संगठनों की जिम्मेदारी नहीं है। अपने नागरिकों के अधिकारों और गरिमा की रक्षा करना हम सभी का साझा कर्तव्य है। एक दयालु और जिम्मेदार समाज के सदस्य के रूप में यह दायित्व हम सबको निभाना होगा। (इनपुटः आईएएनएस)

## राष्ट्रपति से मिले बीएफआई पदाधिकारी और पदक विजेता बॉक्सर, भारत के लिए नई प्रेरणा मिली



समाज जागरण

नई दिल्ली। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अजय सिंह, चेयरमैन राजेश भारद्वाज, पद्मश्री विजेंदर सिंह और हाल ही में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाली महिला बॉक्सर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मिले। राष्ट्रपति ने पदक विजेताओं की उपलब्धियों की सराहना की और उन्हें भविष्य में और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी।

उनका कहना था: "आप लोग स्वर्ण पदक जीतकर न केवल अपना नाम बल्कि देश का नाम भी रोशन करें।" प्रतिनिधिमंडल में नई उभरती सितारे शामिल थीं:

मिनाक्षी और जैस्मीन -लिवरपूल वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप और ग्रेटर नोएडा वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स में स्वर्ण पदक।
नूपुर - वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स में स्वर्ण पदक।
पूजा रानी - वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य और वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स में रजत पदक।

- राष्ट्रपति ने खिलाडियों की साहस, अनुशासन और उपलब्धियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।
- मुलाकात में बॉक्सिंग के विकास, खिलाड़ियों की आवश्यकताएं और भविष्य की योजनाएं पर भी चर्चा हुई।
- यह अवसर भारत में बॉक्सिंग को और ऊँचाइयों तक ले जाने की दिशा में प्रेरक साबित होगा।

राजेश भारद्वाज ने कहा कि यह मुलाकात उन्हें प्रेरित करती है कि वे उत्कृष्ट आयोजन, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, पोषण और संसाधन बढ़ाने में सक्रिय रहें।
उन्होंने विश्वास जताया कि सही दिशा और संयुक्त प्रयास से भारत विश्व खेल शक्ति के शिखर तक पहुँच सकता है।

राजेश भारद्वाज ने बताया कि यह उनकी राष्ट्रपति से दूसरी मुलाकात थी और इसे खाटू श्याम बाबा के आशीर्वाद का फल बताया।

## धान व्यवसायी लूटकांड का खुलासा, 7 आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण

चित्रकूट पुलिस ने धान व्यवसायी से हुई लूट की घटना सुलझाते हुए 7 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। आरोपियों से 1,39,500 नकद, 2 मोबाइल फोन और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई। पुलिस ने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत त्वरित कार्रवाई की।

## देश का प्रधानमंत्री और राज्य का मुख्यमंत्री कौन होगा ? क्या यह घुसपैठिए तय करेंगे: अमित शाह

समाज जागरण

लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 2004 तक किसी भी राजनीतिक दल ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध नहीं किया था। स्वच्छ मतदाता सूची और स्वस्थ लोकतंत्र बनाए रखने के लिए यह प्रक्रिया आवश्यक है। यदि मतदाता सूचियां, जो चुनावों की बुनियाद हैं, सटीक और अद्यतन नहीं होंगी, तो चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता की उम्मीद करना व्यर्थ है। इसलिए मतदाता सूचियों का एसआईआर अनिवार्य है। इसी क्रम में चुनाव आयोग ने 2025 में एसआईआर कराने का निर्णय लिया है।



### चुनाव कैसे निष्पक्ष रह सकते हैं? यदि मतदाता सूची ही त्रुटिपूर्ण हो

अमित शाह ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि 2004 के बाद अब 2025 में एसआईआर हो रहा है और इस समय केंद्र में एनडीए की सरकार है। 2004 तक इस प्रक्रिया का किसी भी दल ने विरोध नहीं किया, क्योंकि यह चुनावों की शुचिता बनाए रखने का महत्वपूर्ण साधन है। लोकतंत्र चुनावों पर टिका है, और यदि मतदाता सूची ही त्रुटिपूर्ण हो जाए तो चुनाव कैसे निष्पक्ष रह सकते हैं? समय-समय पर मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण आवश्यक है, इसलिए चुनाव आयोग ने 2025 में एसआईआर करने का निर्णय लिया।

### एसआईआर मतदाता सूची के शुद्धिकरण की प्रक्रिया

उन्होंने कहा, "क्या किसी भी देश का लोकतंत्र सुरक्षित रह सकता है, यदि यह तय करने वाले कि देश का प्रधानमंत्री और राज्य का मुख्यमंत्री कौन होगा, घुसपैठिए हों? एक मतदाता का नाम एक से अधिक स्थानों पर नहीं होना चाहिए। जिन लोगों की मृत्यु हो चुकी है, उनके नाम मतदाता सूची में नहीं होने चाहिए। एसआईआर मतदाता सूची के शुद्धिकरण की प्रक्रिया है।"

गृह मंत्री ने कहा कि इससे कुछ दलों के राजनीतिक स्वार्थ प्रभावित होते हैं। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा, "मुझे उन दलों के प्रति कुछ अनुकंपा भी है, क्योंकि देश के मतदाता तो उन्हें वोट देते नहीं हैं। कुछ विदेशी वोट देते थे, वे भी चले जाएंगे।"

### हरियाणा में कांग्रेस सरकार के समय से ही यह नंबर इसी प्रकार दर्ज है

उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 5 नवंबर को एक प्रेस वार्ता में एक 'परमाणु बम' फोड़ा और दावा किया कि हरियाणा में एक ही घर में 501 वोटर हैं। इस पर चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि हाउस नंबर 265 कोई छोटा मकान नहीं, बल्कि एक एकड़ के पुश्तैनी प्लॉट पर स्थित कई परिवारों का संयुक्त आवास है। परिवारों को अलग-अलग घर नंबर नहीं दिए गए हैं, इसलिए सभी के पते पर हाउस नंबर 265 ही दर्ज है। इनमें से एक परिवार की तीन पीढ़ियां साथ रह रही हैं। हरियाणा में कांग्रेस सरकार के समय से ही यह नंबर इसी प्रकार दर्ज है। यह न तो फर्जी घर है और न ही फर्जी वोटर।

अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस का दावा है कि मतदाता सूची में कुछ व्यक्तियों के नाम दो अलग-अलग स्थानों पर दर्ज हैं। दोहरे नामों के लिए संबंधित व्यक्तियों को दोषी ठहराना गलत है, क्योंकि यह अक्सर प्रणालीगत समस्याओं का परिणाम है।

### एसआईआर का उद्देश्य ऐसी गलतियों को रोकना है

उन्होंने बताया कि 2010 से रिटर्निंग ऑफिसर के अधिकारों से डुप्लिकेट प्रविष्टियों को हटाने का प्रावधान समाप्त कर दिया गया है, जिससे इस तरह की विसंगतियां बढ़ी हैं। वास्तव में कई नेताओं के नाम भी एक से अधिक स्थानों पर दर्ज हैं। यह नियमों और प्रक्रिया की वजह से पैदा होने वाली सामान्य त्रुटियां हैं। एसआईआर का उद्देश्य ऐसी गलतियों को रोकना है, फिर भी एनडीए पर 'वोट चोरी' का आरोप लगाया जा रहा है। (इनपुटः आ-ईएएनएस)

## चुनाव आयोग का निदेर्श: अनुपस्थित और मृत मतदाताओं की सूची राजनीतिक दलों को सौंपी जाएगी

समाज जागरण

चुनाव आयोग ने बुधवार को सभी 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में चल रही एसआ-ईआर प्रक्रिया के तहत एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। आयोग ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को आदेश दिया है कि वे बूथ स्तर पर तैयार की गई अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या दोहराए गए मतदाताओं (एएसडी) की सूची राजनीतिक दलों के बूथ स्तर एजेंटों के साथ साझा करें। यह वही प्रक्रिया है, जिसे बिहार में विशेष सुधार अभियान के दौरान सफलतापूर्वक लागू किया गया था।

### मतदाताओं की स्थिति की पुष्टि आवश्यक

आयोग ने स्पष्ट किया कि जिन मतदाताओं से बूथ स्तरीय अधिकारियों द्वारा तीन या उससे अधिक बार घर जाकर संपर्क करने की कोशिश के बावजूद संपर्क नहीं हो पाया, उन्हें एएसडी श्रेणी में शामिल किया गया है। अब इन मतदाताओं की स्थिति की पुष्टि आवश्यक है, ताकि मतदाता सूची के प्रकाशन से पहले त्रुटियों को दूर किया जा सके। इसी उद्देश्य से प्रत्येक बूथ पर बूथ स्तरीय अधिकारी राजनीतिक दलों के नियुक्त बूथ स्तरीय एजेंटों से मुलाकात करेंगे और उन्हें पूरी एएसडी सूची प्रदान करेंगे।

### केंद्रशासित प्रदेशों में लगभग 5 लाख बूथ स्तर अधिकारी और 12 लाख से अधिक बूथ स्तर एजेंट बूथवार बैठकों में भाग लेंगे

चुनाव आयोग के अनुसार, इन 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में लगभग 5 लाख बूथ स्तर अधिकारी और 12 लाख से अधिक बूथ स्तर एजेंट बूथवार बैठकों में भाग लेंगे। आयोग का कहना है कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से छूट न जाए और सभी त्रुटियों का समय रहते सुधार किया जा सके।

### एएसडी सूचियां संबंधित जिलाधिकारियों और मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएंगी

आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में बूथवार, विधानसभा वार और जिला वार एएसडी सूचियां संबंधित जिलाधिकारियों और मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएंगी। यह सूची पहचान पत्र संख्या के आधार पर खोजने योग्य रूप में भी उपलब्ध होगी। बिहार में अपनाई गई इसी व्यवस्था को अब देश के अन्य राज्यों में भी लागू किया जा रहा है।




### पारदर्शिता बढ़ाने और मतदाता सूची को अधिक सटीक बनाने के लिए यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण

चुनाव आयोग का कहना है कि पारदर्शिता बढ़ाने और मतदाता सूची को अधिक सटीक बनाने के लिए यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे राजनीतिक दलों को वास्तविक स्थिति की जानकारी मिलेगी और वे मतदाता सूची से जुड़े कार्यों में सक्रिय रूप से भाग ले सकेंगे। आयोग ने सभी राज्यों से कहा है कि वे निदेर्शों का समयबद्ध तरीके से पालन सुनिश्चित करें, ताकि विशेष सुधार प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण हो सके। (इनपुटः आ-ईएएनएस)

## अंतिम 11 मिनट में हुआ चमत्कार, भारत ने अर्जेंटीना के खिलाफ ठोके 4 गोल, 9 साल बाद जूनियर वर्ल्ड कप में जीता मेडल

नई दिल्ली. आखिरी 11 मिनट में चार गोल करके भारत ने 2021 की चैम्पियन अर्जेंटीना को बुधवार को कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में 4-2 से हराकर नौ साल बाद जूनियर पुरूष हॉकी विश्व कप में पदक जीत लिया.दो बार (होबार्ट 2001 और लखनऊ 2016 ) में चैम्पियन रही भारतीय टीम ने आखिरी बार नौ साल पहले कोई पदक जीता था. पिछले दो बार टीम कांस्य पदक का मुकाबला हारकर चौथे स्थान पर रही थी. भारत के लिये अंकित पाल (49वां), मनमीत सिंह (52वां), शारदानंद तिवारी (57वां) और अनमोल इक्का (58वां) ने गोल दागे. वहीं अर्जेंटीना के लिये निकोलस रौद्रिगेज ( पांचवां) और सैंटियागो फर्नांडिस (44 वां) ने गोल किये. तीन क्वार्टर तक दो गोल से पिछड़ने के बाद भारत ने शानदार वापसी करते हुए आखिरी क्वार्टर में दनादन चार गोल करके खचाखच भरे मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में मानो जान फूंक दी.

## नोएडा से दादरी : क्या जाम से निजात के लिए भंगेल फ्लाईओवर है काफी

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। बताते हुए खुशी हो रही है की लगभग 5 वर्ष बाद नोएडा आगाहपुर से भंगेल पेट्रोल पम्प तक का फ्लाईओवर चालू हो गया। लेकिन क्या नोएडा से दादरी या बुलंदशहर रोड पर पहुंचने या दादरी, तिलपता, सूरजपुर जाने वालों के लिए क्या सफर आसान हो गया?
जी नहीं यह सोचकर तो यह खुशी क्षणभंगुर हो जाती है कि इस मार्ग से दादरी ग्रेटर नोएडा तक का सफर इतना आसान नहीं रहा जो 5 वर्ष पहले निर्णय लेकर सिर्फ भंगेल फ्लाईओवर बनाने का फैसला लिया गया था।



कारण साफ है जैसे ही आप नोएडा से हिंडन नदी पार करेंगे, ट्रैफिक जाम का सफर शुरू हो जाता है विशेषकर सुबह और शाम का समय। हिंडन नदी पार करते ही कुलेसरा, हल्द्वानी, सूरजपुर और फिर तिलपता में, घंटो रोज का यात्रा के दौरान बर्बाद करने के लिए सभी को तैयार होना पड़ता है।
5 वर्ष पूर्व क्या संबंधित प्राधिकरण को यह अनुमान नहीं लगाना था कि इन स्थानों पर भी यातायात में समस्याएं आ सकती है। इनकी योजनाएं भी बनाकर एक साथ फ्ला-ईओवर का कार्य किया जाना चाहिए था।
आज पांच वर्ष के दौरान यातायात में रूट डायवर्सन की समस्या के साथ लंबे समय तक इंतजार करने के बाद भी आज दादरी , ग्रेटर नोएडा जाने वाले आज वहीं के वहीं खड़े महसूस कर रहे हैं।
अब आगे संबंधित प्राधिकरण से उम्मीद है कि अब और कितने समय तक इंतजार किया जाए और कब जाकर पूरी तरह इस मार्ग का सफर आसान हो पाएगा।

# वोट चोरी-एसआईआर के सहारे मोदी सरकार की छवि धूमिल करने की साजिश

**अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार**

संसद के दोनों सदनों में चुनाव प्रक्रिया में सुधार, एसआईआर और इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर चर्चा चल रही है। सभी दलों के नेता पक्ष-विपक्ष में अपने विचार रख रहे हैं। इसी के साथ चुनावों के दौरान मतदान प्रणाली को लेकर लगातार उठ रहे विवादों में पिछले कुछ समय से चुनाव आयोग भी विपक्षी दलों के निशाने पर है। विपक्ष की पार्टियां बार-बार यह सवाल कर रही हैं कि आखिर क्यों जनता लगातार भारतीय जनता पार्टी को चुन रही है, जबकि कांग्रेस और महागठबंधन जैसी पार्टियां हर बार चुनाव में हार रही हैं। इन दलों का आरोप है कि चुनाव आयोग चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता नहीं बरत रहा और ईवीएम में गड़बड़ी हो रही है। राहुल गांधी इस मामले में सबसे मुखर आवाज बने हुए हैं, जो ईवीएम के खिलाफ कई बार अपनी आपत्ति जता चुके हैं। विपक्ष का मानना है कि सभी चुनावों में वोटिंग मशीन के जरिए वोटिंग की बजाय फिर से बैलेट पेपर से चुनाव करवाए जाएं। उनका तर्क है कि ईवीएम में विश्वास नहीं किया जा सकता क्योंकि इससे गड़बड़ी संभव है। इसके साथ ही वे बताते हैं कि ईवीएम के विवादों को लेकर चुनाव आयोग और सरकार पर सवाल उठाना उनकी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है। विपक्ष की ओर से यह भी आवाज उठ रही है कि चुनाव प्रणाली में पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों का अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि हर वोट की गिनती सटीक और निष्पक्ष रूप से हो।

दूसरी ओर सत्ता पक्ष और चुनाव आयोग का इस मामले पर मजबूत रुख है। उनका कहना है कि बैलेट पेपर के जमाने में चुनावों में बहुत बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और हिंसा होती थी। उस वक्त दबंग अपने इलाकों में जबरन बैलेट पेपर डालकर चुनाव परिणामों को प्रभावित करते थे। मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने से रोका जाता था, धमकियां दी जाती थीं और कई बार मारपीट भी होती थी। बैलेट पेपर के डिब्बों में स्याही या पानी डालकर मतदाता का अधिकार छीना जाता था। ऐसी स्थिति में लोकतंत्र की पराकाष्ठा को खतरा था और जनता की मंशा का सही प्रतिनिधित्व नहीं हो पाता था।

इन्हीं कारणों से चुनाव आयोग ने बहुत सोच-विचार के बाद ईवीएम अर्थात इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को अपनाया। इसके आने के बाद चुनाव प्रक्रिया अधिक सुरक्षित, त्वरित और पारदर्शी हुई है। चुनाव आयोग बार-बार यह स्पष्ट कर चुका है कि ईवीएम पूरी तरह से सुरक्षित और विश्वसनीय हैं। संवैधानिक दिशा-निदेशों के तहत ईवीएम की जांच, परीक्षण और रख-रखाव नियमित रूप से किया जाता है और यह प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से होती है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए यदि कोई पार्टियां भी चुनाव आयोग के पास शिकायत दर्ज करातीं, तो उसे गंभीरता से लिया जाता और जांच का प्रावधान है।सुप्रीम कोर्ट ने भी अनेक मामलों में ईवीएम की वैधता और सुरक्षित होने की पुष्टि की है। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि किसी को ईवीएम से संबंधित कोई शिकायत हो, तो उसका समाधान ईवीएम वीवीपैट (वोटर वेरीफायबल पेपर ऑडिट ट्रेल) के जरिए जांचा जा सकता है। वीवीपैट सिस्टम मतदाता को यह सुनिश्चित करने का अधिकार देता है कि उनका वोट मशीन में सही तरीके से दर्ज हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार चुनाव आयोग को निर्देश दिए हैं कि चुनाव प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए।

हालांकि, विपक्ष के नेताओं ने इस मुद्दे को चुनाव आयोग से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक ले जाने की बजाय प्रचार-प्रसार और सार्वजनिक मंचों पर ही वोट चोरी का आरोप लगाना जारी रखा है। राहुल गांधी के अलावा कई अन्य विपक्षी दलों के नेता भी ईवीएम की आलोचना करते हुए कहते हैं कि यह तकनीक शक्तिशाली दलों का पक्ष लेती है। वे दावा करते हैं कि चुनाव आयोग और सरकार मिलकर ईवीएम के माध्यम से सत्तासीन पार्टी का समर्थन बढ़ा रही है। हालांकि, इस मामले में ठोस सबूत या अदालत में जांच के लिए कोई ठोस कदम विपक्षी दलों ने नहीं उठाए हैं। चुनाव आयोग ने इस दौरान अपने बयान में स्पष्ट किया है कि वे पूरी निष्पक्षता और स्वतंत्रता के साथ चुनाव प्रक्रिया का संचालन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ईवीएम और वीवीपैट प्रणाली पर पूरी तरह भरोसा किया जा सकता है। आयोग ने विपक्ष को भी कई मौके दिए हैं कि वे ईवीएम की जांच करे और यदि कोई त्रुटि मिले तो उसका निवारण किया जाए। आयोग ने बार-बार कहा है कि भारत में विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और विश्वसनीय बनाना उनकी प्राथमिकता है।

इस पूरे विवाद के बीच चुनाव आयोग ने कहा है कि वोटिंग सिस्टम की समीक्षा और सुधार आवश्यक है, मगर इसे वैज्ञानिक आधार और तथ्यात्मक प्रमाणों के आधार पर करना चाहिए। वे कहते हैं कि बिना किसी ठोस सबूत के, वोटिंग मशीन पर आरोप लगाना लोकतंत्र के हित में नहीं है। इसके बजाय सभी राजनीतिक दलों को साथ मिलकर चुनाव सुधारों पर विचार करना चाहिए और मतदाताओं के विश्वास को बनाए रखना चाहिए। चुनाव आयोग ने पुनर्निर्धारित मतदाता पहचान प्रक्रिया, ईवीएम के सुरक्षा तंत्रों में नवीनतम तकनीक, वीवीपैट की संपूर्ण जांच और चुनाव कर्मियों के प्रशिक्षण में सुधार जैसे कई कदम उठाए हैं ताकि चुनाव प्रक्रिया पर कोई संदेह न रहे। इसके अलावा, चुनाव आयोग ने निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए अन्य आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर भी विचार किया है जो लोकतंत्र की मजबूती में सहायक हों।


राजनीतिक दलों की बात करें तो कांग्रेस और महागठबंधन इस मुद्दे को बड़े पैमाने पर उठाकर जनता का ध्यान चुनाव प्रणाली की खामियों की ओर ले जाना चाहते हैं। वे दावा करते हैं कि जनता को सचेत किया जाए ताकि उनका वोट सुरक्षित रहे। दूसरी ओर भाजपा और अन्य सत्ता पक्ष इस बात पर जोर देते हैं कि पुरानी गलतियों को दोबारा न आएं और लोकतंत्र के मजबूत स्तंभों को मजबूत किया जाए। उनका तर्क है कि चुनाव आयोग निष्पक्ष है और विरोधी दल केवल अपनी चुनावी असफलताओं को छुपाने के लिए आरोप लगा रहे हैं। यह विवाद लोकतंत्र की सबसे बड़ी परीक्षा भी है। लोकतंत्र तभी मजबूत हो सकता है जब जनता चुनाव प्रक्रिया पर भरोसा करे और मतदाता अपने अधिकारों को स्वतंत्र और निष्पक्ष ढंग से प्रयोग कर सके। चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट की भूमिका इसमें निर्णायक होती है क्योंकि वे चुनाव के नियम-संहिता के संरक्षक हैं। इसीलिए, वोटिंग मशीन की विश्वसनीयता को लेकर चल रहे सवालों के बीच तथ्य-आधारित बहस जरूरी है ताकि लोकतंत्र की नींव मजबूत हो।

इस पूरे तर्क-वितर्क के बीच आम मतदाता की छवि भी ध्यान देने योग्य है। वह अपने क्षेत्र में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण मतदान चाहता है, जिसमें किसी प्रकार की बाधा, धमकी या गड़बड़ी न हो। सामान्य मतदाता चाहता है कि उसका वोट सही प्रकार से गिना जाए और चुनाव परिणामों में उसके फैसले की वास्तविक छवि दिखे। यही लोकतंत्र की मूल भावना है और इसके संरक्षण के लिए सभी पक्षों का सहयोग आवश्यक है। इसलिए चुनाव आयोग, सुप्रीम कोर्ट और सभी राजनीतिक दलों को चाहिए कि वे वोटिंग सिस्टम पर राजनीतिक लड़ाई लड़ने के बजाय वास्तविक सुधार के लिए मिलकर काम करें। चुनाव की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए तकनीकी सुरक्षा के उपायों को और बेहतर बनाया जाए। साथ ही मतदाताओं को जागरूक कर उनका विश्वास हासिल किया जाए ताकि हर नागरिक मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेकर देश के भविष्य को आकार दे सके। इस तरह की गंभीर स्थिति में, जो लोकतंत्र की मजबूती के सवाल को छूती है, केवल आरोप-प्रत्यारोप नहीं, बल्कि समाधान पर ध्यान देना आवश्यक है। राजनीतिक दलों का फर्ज बनता है कि वे अपने मतदाताओं को यह विश्वास दिलाएं कि उनका वोट सुरक्षित है और चुनाव निष्पक्ष तरीके से होता है। वहीं चुनाव आयोग को भी लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने के लिए अपनी प्रक्रिया को हर तरह से पारदर्शी और तकनीकी रूप से मजबूत करना होगा, ताकि देश का लोकतंत्र उत्सव की तरह हर चुनाव में फल-फूल सके।

# क्या आपका पर्सनल डेटा सुरक्षित है ?



**महेन्द्र तिवारी**




भारत में ProxyEarth.org का मामला केवल एक और वेबसाइट के डेटा-लीक की खबर नहीं है; यह उस व्यापक संकट का आईना है जो डिजिटल पहचान, टेलिकॉम-आधारित ङउ प्रणालियों और सरकारी डेटा सुरक्षा के दावों पर गहरा अविश्वास खड़ा करता है। इस घटना ने एक बार फिर दिखाया है कि आज भारतीय नागरिक का मोबाइल नंबर किस तरह उसकी पूरी डिजिटल पहचान का प्रवेश-द्वार बन चुका है। उस नंबर के आधार पर किसी व्यक्ति का नाम, पता, संबंध, पहचान-प्रपत्रों की जानकारी और यहां तक कि लोकेशन तक उपलब्ध होने का अर्थ है कि उसकी निजता व्यवहार में एक मृगतृष्णा मात्र बची है। यह स्थिति केवल अमूर्त ह्लप्राइवेसी अधिकारह्व का हनन नहीं, बल्कि वास्तविक और तात्कालिक जोखिमों का सूत्रपात भी है।

ProxyEarth.orğ की कार्यप्रणाली किसी जटिल या अत्याधुनिक हैकिंग तकनीक पर आधारित नहीं थी। उपलब्ध साक्ष्यों से यह स्पष्ट होता है कि वेबसाइट ने कोई नया डेटा चुराया नहीं, बल्कि वर्षों से विभिन्न लीक टेलिकॉम कंपनियों के KYC रिकॉर्ड, आधार-आधारित e-KYC डेटा, फिनटेक और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों के डेटाबेस, और डार्क वेब पर बिक चुके संवेदनशील पहचान-प्रपत्र–सबको जोड़कर एक सर्च टूल में बदल दिया। इस प्लेटफॉर्म का संचालन करने वाले व्यक्ति ने स्वयं स्वीकार किया कि उसने केवल "पहले से उपलब्ध" डेटा को एक जगह इकट्ठा किया है। लेकिन यह दलील उतनी ही खतरनाक है जितनी भ्रांतिपूर्ण, क्योंकि जानकारी की अव्यवस्थित, अंधेरी फाइलों से निकलकर एक आसान, कोई-भी-खोज-कर-ले वेबसाइट बन जाना स्वयं में बहुत बड़ा जोखिम है। विखंडित लीक भले हजारों की संख्या में फैले हों, पर उन सबका एकीकृत, खोजनीय डेटाबेस बन जाना व्यावहारिक रूप से एक नए डेटा-लीक से किसी भी तरह कम नहीं।

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस वेबसाइट ने केवल पहचान संबंधी स्थिर डेटा जैसे नाम, पिता का नाम, पता ही नहीं, बल्कि टॉवर-ट्राइएंगुलेशन पर आधारित लोकेशन भी दिखाई। चाहे यह "live location वास्तव में पल-पल सटीक न रही हो, पर इतनी भी निकटता पर्याप्त है कि कोई व्यक्ति किसी दूसरे की भौतिक उपस्थिति का अंदाजा लगा सके या उसे डराने, ट्रैक करने और पीछा करने के लिए उपयोग कर सके। हमें यह मान लेना चाहिए कि आज लोकेशन डेटा, निजी पते और परिवारिक विवरण जैसे तत्व किसी व्यक्ति की सुरक्षा के केंद्र में हैं; ऐसे में इनका इतने सहज तरीके से उपलब्ध हो जाना सीधे-सीधे नागरिकों की सुरक्षा पर आघात है।

ProxyEarth की घटना का प्रभाव इसलिए भी गहरा है क्योंकि यह उस मॉडल को उजागर करती है जिस पर पूरे देश का डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर निर्भर है एक ऐसा मॉडल जिसमें पहचान, सत्यापन और प्रमाणीकरण का आधार मोबाइल नंबर, आधार और KYC डेटा है, जिसे अब तक "सुविधा" और "इनोवेशन" के नाम पर व्यापक रूप से अपनाया गया है। यह तर्क दिया जाता रहा है कि आधार-आधारित सेवाएं तेज, सुरक्षित और भरोसेमंद हैं, परंतु हर कुछ महीनों में सामने आने वाले इस प्रकार के लीक बतलाते हैं कि जिस मजबूत सुरक्षा तंत्र की बात की जाती है, उसमें वास्तव में कई छेद मौजूद हैं। और सबसे दुखद यह है कि इन छेदों की जिम्मेदारी लेने के लिए कोई संस्था न निजी और न ही सरकारी स्पष्ट रूप से आगे आती है। लीक के बाद संस्थाएं "डेटा हमारे सिस्टम से नहीं गया" या "हमारे पास कोई ब्रीच का प्रमाण नहींह्व कहने में ज्यादा तत्पर दिखाई देती हैं, जबकि नागरिक अपने ही डेटा से उत्पन्न जोखिमों का बोझ अकेले झेलते हैं।

एक अन्य पक्ष यह भी है कि भारत में डेटा सुरक्षा को लेकर नियामकीय संरचना अक्सर प्रतिक्रियात्मक रही है, न कि सक्रिय। CERT के पास वेबसाइट ब्लॉक करने का अधिकार अवश्य है, और पिछले वर्षों में उसने कई साइटों पर कार्रवाई की भी है, पर यह कदम समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। वेबसाइट को ब्लॉक कर देना एक तात्कालिक उपाय है; असली प्रश्न यह है कि लीक हुए डेटा को वापस कैसे लिया जाए, या कम से कम यह सुनिश्चित कैसे किया जाए कि आगे ऐसा न हो। जो डेटा करोड़ों नागरिकों के KYC फॉर्मों, बैंकों, टेलिकॉम कंपनियों या सरकारी पोर्टलों के माध्यम से निकला है, वह पहले ही कई हाथों में घूम चुका होता है। ऐसे में, ब्लॉकिंग का आदेश वास्तविक नुकसान को रोकने की बजाय एक प्रतीकात्मक उपाय बनकर रह जाता है।

बात केवल तकनीकी जोखिमों या साइबर ठगी के बढ़ते मामलों तक सीमित नहीं है। सामाजिक-मानसिक तनाव, असुरक्षा की भावना, खासकर महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, पत्रकारों, कार्यकर्ता और राजनीतिक-सामाजिक रूप से सक्रिय व्यक्तियों के लिए कहीं अधिक खतरनाक हो सकती है। जब किसी की पहचान और लोकेशन तक पहुंच आसान हो जाए तो हिंसा, पीछा करने, समुदाय आधारित टारगेटिंग और उत्पीड़न की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। भारत में साइबर क्राइम पहले ही तेजी से बढ़ रहा है; ऐसे लीक उसके लिए उर्वर भूमि का काम करते हैं।

इस पूरे संकट का सबसे चिंताजनक पहलू यही है कि नागरिक के पास अपना पहले से लीक हुआ डेटा हटाने या उस पर नियंत्रण पाने का कोई साधन नहीं है। उसकी पहचान उसके हाथों में नहीं रहती; वह विभिन्न डेटाबेसों और डिजिटल प्लेटफॉर्मों में बिखरी रहती है, और वह भी अक्सर ऐसे सिस्टमों में जिनमें सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं बल्कि सुविधाजनक गौण तत्व होती है। नागरिक के पास केवल जोखिम प्रबंधन के विकल्प बचते हैं जैसे कि अनजान कॉलों से सतर्क रहना, किसी भी डळढ, लिंक या रिमोट-एक्सेस रिक्वेस्ट को खारिज करना, वढक और बैंक ऐप्स में मजबूत ढक्ष और मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन लागू करना, संचार साथी जैसे पोर्टल पर अपने आधार से जुड़े नंबरों की नियमित जांच करना, और SIM-swap या eSIM अनुरोधों पर कड़ी नजर रखना।

इस घटना ने यह भी स्पष्ट किया है कि भारत में डिजिटल अधिकारों पर एक व्यापक और गंभीर बहस अब टाली नहीं जा सकती। सुरक्षित डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिकों की सहमति को प्राथमिकता देनी होगी। डेटा-फिड्यूशियरी, चाहे वे टेलिकॉम कंपनियां हों, बैंक हों, फिनटेक हों या सरकारी एजेंसियां इन सबके ऊपर कठोर दंडात्मक प्रावधान लागू होने चाहिए, जिन्हें केवल कागजी नियमों के बजाय वास्तविक कठोर प्रवर्तन के माध्यम से महसूस कराया जा सके। जब तक जिम्मेदारी तय नहीं होगी, तब तक सुरक्षा केवल विज्ञापनों और नीतिगत दस्तावेजों में ही सुरक्षित रहेगी।

ProxyEarth केवल एक चेतावनी नहीं; यह वह क्षण है जब हमें स्वीकार करना चाहिए कि डिजिटल सुविधा की दौड़ में हमने सुरक्षा को पीछे छोड़ दिया है। यदि भारत सचमुच "ओपन, सेफ, ट्रस्टेड और अकाउंटेबल इंटरनेट" की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है, तो यह आवश्यक है कि नागरिक की पहचान को केवल एक नंबर या डेटाबेस एंट्री न माना जाए, बल्कि उसकी गरिमा और सुरक्षा के विस्तार के रूप में देखा जाए। डिजिटल भारत की सफलता इसी संतुलन पर निर्भर करेगी।

# मूल्य आधारित सफलता के संयम, कठोर श्रम और संकल्प मूल आधार।




श्रेष्ठ ध्येय की प्राप्ति के लिए चिंता नहीं, चिंतन के साथ कठोर श्रम की आवश्यकता होती है। निराशा और चिंता मनुष्य की प्रगति के सबसे बड़े अवरोध हैं,ये मन के पंख काट देती हैं और व्यक्ति को स्थिर कर देती हैं। आवश्यकता है कि निराशा को तत्काल विचारों से अलग किया जाए और चिंता को मन में प्रवेश न करने दिया जाए, अन्यथा अत्यधिक चिंता व्यक्ति को चिता तक ले जाने में देर नहीं लगाती। सकारात्मक सोच, नवीन संकल्प, दृढ़ निश्चय और संयम के साथ आगे बढ़ना ही सफलता का सार मार्ग है। मन में यदि संकल्प दृढ़ हो जाए तो संघर्ष की हर आँधी को जिजीविषा की शक्ति से मोड़ा जा सकता है।

कठिन कार्यों को जीवन में पहले चुनना चाहिए, क्योंकि कड़ी चुनौती ही ऊर्जा, सामर्थ्य और इच्छाशक्ति की परीक्षा लेकर मनुष्य को असाधारण बनाती है। कठिनाइयों से घबराकर उनसे पलायन करना निराशा को जन्म देता है, और निराशा से बढ़कर कोई बाधा नहीं होती, इसलिए हताशा को त्यागें, उत्साह और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ें सफलता स्वयं आपके चरण चूमेगी। समाज में जो महान व्यक्ति विलक्षण रूप में हमारे सामने खड़े हैं– जिनको आज की भाषा में सेलिब्रिटी कहा जाता है, उनकी चमक के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति, संयम और अटूट विश्वास छिपा होता है। बड़ी सफलता का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है।लेकिन कठिन परिस्थितियाँ ही मनुष्य की दृढ़ता को तेज करती हैं और संघर्ष उसे मंज़िल के करीब ले जाता है। मानव जीवन में इच्छाएँ, आकांक्षाएँ और प्रयत्न स्वाभाविक हैं, किंतु सफलता कभी भी मूल्यों, सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर नहीं होनी चाहिए, क्योंकि मूल्यहीन सफलता समाज के लिए संकट बन सकती है। यदि वैज्ञानिक अपनी क्षमता का उपयोग मानव कल्याण के लिए न करके जैविक या रासायनिक हथियारों के निर्माण में करे, तो वह प्रज्ञा विनाश में परिवर्तित हो जाती है यही कारण है कि सफलता के पीछे मानवीय मूल्य होना अनिवार्य है। मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता ही लक्ष्य की पवित्रता और उपलब्धि की स्थिरता को सुनिश्चित करते हैं। सफलता केवल स्थापित मापदंड नहीं, बल्कि मानवता के कल्याण से जुड़ी होनी चाहिए।

विश्व की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में सत्य, अहिंसा, दया, सेवा, करुणा और विश्व बंधुत्व जैसे गुणों की स्पष्ट स्वीकृति दिखाई देती है, और इन्हीं आधारों पर वैश्विक विकास की अवधारणा निर्मित होती है। भारत की सांस्कृतिक परंपरा में आदर्शों की प्रतिबद्धता स्वर्णिम धरोहर रही है। ऋषि-मुनियों से लेकर संत-परंपरा और स्वतंत्रता संग्राम के महापुरुषों तक– कबीर, रैदास, ज्ञानेश्वर, तुकाराम, चिश्ती, औलिया, रहीम, खुसरो, गांधी, नेहरू, टैगोर, विवेकानंद और सुभाषचंद्र बोस, इन सबने मूल्यों और सिद्धांतों की रक्षा को ही श्रेष्ठ सफलता माना और अपने जीवन को समाज के लिए समर्पित कर दिया। सफलता का अर्थ केवल उपलब्धि नहीं बल्कि सत्य का सम्मान और करुणा की सेवा है। बिना मूल्यों की सफलता पानी की पतली धारा की तरह होती है, जो नदी का रूप नहीं ले सकती। राजनीति और प्रशासन जैसे क्षेत्रों में तो मूल्यों का महत्व और भी अधिक है, क्योंकि राष्ट्र निर्माण संवेदना, न्याय, कर्तव्य और नैतिकता के आधार पर ही संभव होता है। मूल्यहीन शासन समाज को विभाजन, भ्रम और अव्यवस्था की ओर धकेल देता है। राष्ट्र अपनी ही जड़ों को खोकर विखंडन की कगार पर पहुंच जाता है। सफलता तभी शाश्वत और स्थाई हो सकती है जब उसमें नैतिकता, सत्य, श्रम, संयम और मानवीय संवेदना का संगम हो। वही राष्ट्र दीर्घकालीन स्वतंत्र और सशक्त रह सकता है, जिसके नागरिक और नेतृत्वकर्ता मूल्यों, उसूलों और राष्ट्रीय कर्तव्य की भावना के साथ कार्य करते हों। अंततः जीवन की सबसे बड़ी सफलता धन, पद या शोहरत नहीं, बल्कि वह आदर्श है जो हमारी पहचान को अमर बना देता है। चिरस्थाई सफलता का मार्ग केवल एक है निरंतर श्रम, अटूट संयम, सत्यनिष्ठ विचार और मानवीय मूल्य।

**संजीव ठाकुर वरिष्ठ पत्रकार, स्तंभकार , चिंतक , लेखकटिप्पणीकार,रायपुर, छत्तीसगढ़,
9009 415 415,**

## हिमालय

रामधारी सिंह दिनकर

मेरे नगपति! मेरे विशाल!
साकार, दिव्य, गौरव विराट्,

पौरुष के पुंजीभूत ज्वाल!
मेरी जननी के हिम-किरीट!

मेरे भारत के दिव्य भाल!
मेरे नगपति! मेरे विशाल!

युग-युग अजेय, निर्बंध, मुक्त,
युग-युग गर्वोन्नत, नित महान्,

निस्सीम व्योम में तान रहा
युग से किस महिमा का वितान?

कैसी अखंड यह चिर-समाधि?
यतिवर! कैसा यह अमर ध्यान?

तू महाशून्य में खोज रहा
किस जटिल समस्या का निदान?

उलझन का कैसा विषम जाल?
मेरे नगपति! मेरे विशाल!

ओ, मौन, तपस्या-लीन यती!
पल भर को तो कर दृगुन्मेष!

रे ज्वालाओं से दग्ध, विकल
है तड़प रहा पद पर स्वदेश।

# विकसित भारत का मूल मंत्र बनेगा– वंदे मातरम

## राष्ट्रगीत पर विपक्ष बेनकाब

**मृत्युंजय दीक्षित**

जिससे स्वतंत्रा का मूल मंत्र, "वंदेमातरम" उद्भासित हुआ, जिसे गाते हुए हजारों की संख्या क्रांतिकारी फांसी के फंदे पर झूल गए, जीवन जेलों की क्रूर यातनाओं में काट दिया, जिस गीत ने माँ भारती के प्रति प्रेम और समर्पण को परिभाषित किया, जिस गीत ने स्वाधीनता की अलख संपूर्ण भारत में जगा दी वह गीत है राष्ट्रगीत वंदेमतारम। भारत विभाजन के पूर्वाभ्यास के रूप में बंग -भंग करने के अंग्रेजी षड्यंत्र को पहचानकर सम्पूर्ण राष्ट्र बंगाल विभाजन के विरुद्ध खड़ा हो गया । इस आंदोलन के दो हथियार थे स्वदेशी का स्वीकार और विदेशी का बहिष्कार और रणघोष बना था वंदेमातरम।

इस गीत के रचनाकार थे बंगाल में जन्मे माँ भारती के महान सपूत श्री बंकिम चंद्र चटटोपाध्याय। आज वंदेमातरम अपनी रचना का 150 वां वर्ष मना रहा है।

इस अवसर पर वंदे मातरम गीत के माध्यम से एक बार पुनः राष्ट्र में ह्लस्वह्व की भावना की अलख जगाने का आह्वान प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया है । वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर देशभर में अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में संसद के दोनों सदनों में वंदेमातरम पर व्यापक चर्चा हुई। लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तथा राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने चर्चा की शुरूआत की। सत्ता पक्ष के वक्ताओं ने जहां वंदे मातरम गीत के इतिहास और उसकी महत्ता पर प्रकाश डालते हुए वंदेमातरम के प्रति कांग्रेस व वामपंथी दलों की विचारधारा और सोच को बेनकाब किया। विपक्ष ने इसके पीछे बंगाल चुनावों को ध्यान में रखते हुए की गई चर्चा बताया। कुछ विपक्षी सांसदों न कहा कि वंदे मातरम पर बहस गैरजरूरी और मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए की जा रही है।इतने गंभीर व ऐतिहासिक विषय की बहस के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सदन से गायब रहे। संसद में वंदे मातरम पर हुई व्यापक चर्चा सिर्फ एक गीत पर विमर्श नहीं वरन भारत की सांस्कृतिक चेतना, स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा और राष्ट्रीय एकता के मूल्यों को दोबारा केंद्र में लाने का प्रयास भी है।

चर्चा का आरम्भ करते हुए लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसके बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह तथा राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने वंदेमातरम के प्रति कांग्रेस व उनके नेताओं की सोच को बेनकाब कर दिया। सरकार ने वंदेमातरम गीत की प्रेरणा से संकल्प लेकर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के साथ राष्ट्रगीत को जीवंत बनाने का संकल्प लिया। वंदेमातरम गीत की महानता पर बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जो वंदे मातरम 1905 में महात्मा गांधी को राष्ट्रगान के रूप मे दिखता था, देश के हर कोने में हर व्यक्ति के जीवन में जो भी देश के लिए जीता जागता था उन सबके लिए वंदेमातरम की ताकत बहुत बड़ी थी।वंदेमातरम इतना महान था, उसकी भावना इतनी महान थी तो फिर पिछली सदी में इसके साथ इतना बड़ा अन्याय क्यों हुआ? वंदे मातरम के साथ विश्वासघात क्यों हुआ ? वह कौन सी ताकत थी जो पूज्य बापू की भावनाओं पर भी भारी पड़ गई ? किसने वंदेमातरम जैसी पवित्र भावना को भी विवादों में घसीट दिया। सदन को बताया गया कि जब वंदे मातरम को 50 वर्ष हुए तब देश गुलामी में जीने को मजबूर था और जब वंदेमातरम के 100 वर्ष पूर्ण हुए तब देश आपातकाल की जंजीरो में जकड़ा हुआ था जिस वंदे मातरम ने देश को आजादी की नई ऊर्जा दी थी जब उसके 100 वर्ष हुए तो दुर्भाग्य से एक काला इतिहास हमारे कालखंड में उजागर हो गया।

प्रधानमंत्री ने बताया कि वंदे मातरम के प्रति मुस्लिम लीग के विरोध की राजनीति तेज होती जा रही थी। मोहम्मद अली जिन्ना ने लखनऊ से 15 अक्तूबर 1937 को वंदे मातरम के विरुद्ध नारा बुलंद किया। कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहर लाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा तो उन्होंने मुस्लिम लीग के आधारहीन बयानों को तगड़ा जवाब देने के बजाय वंदे मातरम की ही पड़ताल शुरू कर दी और कहा कि कांग्रेस कार्यकारिणी में वंदेमातरम की उपयोगिता पर चर्चा होगी। इससे पूरा देश हतप्रभ रह गया। देशभक्तों ने कांग्रेस के उस प्रस्ताव के खिलाफ देश के कोने -कोने में प्रभात फेरियां निकालीं और वंदे मातरम गीत गाया किन्तु देशभक्तों को अनसुना करते हुए 26 अक्टूबर 1937 को कोलकाता अधिवेशन में कांग्रेस ने वंदेमातरम पर समझौता कर लिया।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# मंदिर की भूमि पर निर्माण कर, कब्जा करने का प्रयास

**(पार्षद ने अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर करी कार्रवाई की मांग)**

लोनी, 10 दिसंबरः नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड 41 में मंदिर की भूमि पर कथित निर्माण कर उसपर कब्जा करने का प्रयास करने का मामला प्रकाश में आया है। इस गंभीर प्र-करण में वार्ड पार्षद ने चिंता व्यक्त की है। उनके कथनानुसार गुरुवार को उन्हें सूचना मिली कि कुछ लोग मंदिर से संबंधित भूमि पर निर्माण कार्य कर रहे हैं, जिसको लेकर स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है।

अंकुश जैन के अनुसार स्थानीय निवासियों द्वारा उन्हें जैसे ही इस मामले की जानकारी मिली उन्होंने तुरंत प्रशासन व नगर निगम के संबंधित अधिकारियों से इस पर संज्ञान लेने का आग्रह करते हुए कहा था कि धार्मिक स्थलों से जुड़ी भूमि पर इस प्रकार की अवैध गतिविधि गंभीर मामला है जिसकी तुरंत जांच कर आवश्यक कार्रवाई किया जाना अति आवश्यक है। उनका यह भी मानना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने आवश्यक कार्रवाई नहीं की, तो स्थिति चिंताजनक हो सकती है।

अपने वार्ड की प्रतिष्ठा को ध्यान में रखते हैं उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि यदि मामले में जिम्मेदारों द्वारा तुरंत कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई, तो वह स्थानीय नागरिकों के संग कोई बड़ा कदम उठाने को मजबूर होंगे।

सूत्रों की माने तो मंदिर की उक्त भूमि का मामला वर्षों से विवादित बना हुआ है जिससे लोगों की भावना जुड़ी है। हालांकि देखना है कि अब संबंधित विभागीय अधिकारी उक्त स्थल का निरीक्षण करा क्या स्थिति स्पष्ट करते हैं।

मंदिर की भूमि पर कब्जा करने के मामले का विरोध करने के लिए स्थानीय लोग सभासद अंकुर जैन की भूरी-भूरी प्रशंसा कर रहे हैं।

# खनन मंत्री का पुतला फूंकेगी भारतीय किसान यूनियन(अनाज)

## (कार्रवाई न होने पर बड़े जन आंदोलन की दी चेतावनी)

**समाज जागरण**

लोनी, 10 दिसंबरः भारतीय किसान यूनियन (अनाज) ने पचहरा व नौरसपुर में खनन माफियाओं एवं प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्रियों पर कोई अंकुश नहीं लग पाने से नाराजगी व्यक्त की हैं। विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए संगठन ने कहा है कि उक्त अवैध गोरख धंधे पर अंकुश लगाए जाने को लेकर लगातार शासन, प्रशासन एवं सरकार को पत्राचार किया गया जाता रहा. मगर संदर्भ में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। रोषित संगठन



की ओर से चेतावनी दी गई है कि यदि मामले में समय रहते जिम्मेदार नहीं चेते तो खनन माफिया का पुतला जलाने के साथ-साथ एक बड़ा आंदोलन चलाया जाएगा।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सचिन शर्मा ने बताया कि यमुना नदी की चलती जलधारा में अवैध रूप से बड़ी-बड़ी पोकलेन मशीनें, जेसीबी तथा सक्शन मशीनों के माध्यम से गहरे-गहरे गड्ढे कर यमुना नदी से बालू निकला जा रहा हैं। इसके साथ ही पचरा विनसपुर में स्वीकृत खनन क्षेत्र से बाहर अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर ओवरलोड वाहनों द्वारा परिवहन कराया जा रहा है. इस गोरख धंधे में ट्रैफिक कर्मियों की



संलिप्तता भी सामने आई है।

शर्मा ने वर्ष 2023 में अलीपुर बांध टूटने की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह हादसा खनन माफियाओं द्वारा नदी का प्राकृतिक मार्ग बदलने के कारण हुआ था। इस दुर्घटना में किसानों की सैकड़ों बीघा फसल नष्ट हो गई और करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ, किंतु आज तक प्रभावित किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में उपजिलाधिकारी लोनी एवं खनिज अधिकारी को पूर्व में अवगत कराया जा चुका है, बावजूद अबतक न तो कोई स्थलीय निरीक्षण किया गया और न ही अवैध खनन पर रोक लगाई गई है।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन शर्मा ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र उक्त अवैध खनन पर प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो भारतीय किसान यूनियन (अनाज) पर्यावरण प्रेमियों के साथ मिलकर यमुना नदी के मूल स्वरूप की रक्षा हेतु एक बड़ा जन आंदोलन शुरू करने को बाध्य होगी।

गौरतलब है कि यूनियन द्वारा इस मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, प्रमुख सचिव, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय व उत्तर प्रदेश शासन से लिखित शिकायत कर चुकी है।

# ग्रेटर नोएडा वेस्टः बिसरख में अखिलेश यादव का जोरदार स्वागत, क्रिकेट टूनार्मेंट विजेताओं को किया सम्मानित



**समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडा वेस्ट, उत्तर प्रदेशः समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आज बिसरख गांव पहुंचे। उनके आगमन पर कार्यकताओं और समर्थकों की बड़ी संख्या जुटी और उन्होंने उनका जोरदार स्वागत किया।

अखिलेश यादव ने बिसरख में आयोजित लेट जगत सिंह भाटी मेमोरियल क्रिकेट टूनामेंट के विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय कार्यकताओं और ग्रामीण जनता से मुलाकात की और उनसे बातचीत की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने अखिलेश यादव का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। उन्होंने खेलों और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। बिसरख गांव में यह कार्यक्रम युवाओं और खेल प्रेमियों के लिए विशेष अवसर साबित हुआ और लोगों में खुशी और उत्साह का माहौल देखा गया।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 10 दिसंबर 2025ः जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम की अध्यक्षता में एन0आई0सी0 सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा हेतु मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण प्रक्रिया से जुड़े सभी प्रमुख कार्यों जैसे गणना प्रपत्रों का वितरण और प्राप्ति, डिजिटाइजेशन, मैपिंग तथा एएसडी मतदाताओं के विवरण पर विस्तृत चर्चा हुई।



बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को एएसडी सूची उपलब्ध कराई और आगामी 12 दिसंबर को प्रत्येक मतदान केंद्र पर बीएलओ एवं बीएलए की संयुक्त बैठक आयोजित करने की जानकारी दी। उन्होंने निर्देश दिए कि बीएलओ, बीएलए को मृतक, अनुपलब्ध/अनट्रेसेबल, स्थायी रूप से स्थानांतरित, डुप्लीकेट अथवा अन्य श्रेणी वाले मतदाताओं की सूची समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराएँ। बीएलए इन विवरणों का प्रत्यक्ष सत्यापन कर सही और अद्यतन जानकारी निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराएं, ताकि मतदाता सूची त्रुटिरहित एवं तथ्यात्मक रूप से सुदृढ़ बनी रहे।

जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने स्तर से मतदाताओं को जागरूक करें, विशेष रूप से युवा मतदाताओं को, ताकि अधिक से अधिक लोग फॉर्म-6 भरकर निर्वाचक नामावली में सम्मिलित हों और फार्म-08 को समय पर बीएलओ के माध्यम से निर्वाचन कार्यालय को भेजा जा सके। उन्होंने कहा कि सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल अपने बीएलए को पुनरीक्षण कार्य में सक्रिय रूप से लगाएँ और 12 दिसंबर को प्रत्येक बूथ पर बीएलए की उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि एएसडी सूची बीएलओ द्वारा उन्हें उपलब्ध कराई जा सके।

बैठक के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने डूब क्षेत्र हैबतपुर, बिसरख, कुलेसरा, चिपियाना आदि क्षेत्रों के संबंध में सुझाव भी प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि किसी भी क्षेत्र में कोई पात्र मतदाता नामावली में शामिल होने से वंचित नहीं रहेगा और जिला प्रशासन इस दिशा में पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति से संबंधित तकनीकी और प्रक्रियागत बिंदुओं पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी बूथ स्तरों पर प्रपत्रों का वितरण, प्राप्ति, डिजिटाइजेशन और मैपिंग निर्धारित समयसीमा के अनुसार हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एएसडी सूची का वास्तविक सत्यापन निर्वाचन प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है और इसके लिए बीएलए की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। अतुल कुमार ने कहा कि बीएलओ और बीएलए के बीच मजबूत समन्वय से ही मतदाता सूची सटीक, अद्यतन और त्रुटिरहित बनी रह सकती है।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता सहित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर।

## गोरखपुरः फर्जी पहचान बनाकर ठगी करने वाला गिरोह गिरफ्तार, नकदी और जेवरात बरामद

गोरखपुर, उत्तर प्रदेशः गोरखपुर पुलिस ने झूठी पहचान और कूटरचित दस्तावेजों के सहारे लोगों को ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ₹4,15,500 नगद, आभूषण और 03 चेकबुक बरामद किए हैं।

मुख्य आरोपी ने फर्जी आईडी और नकली नेम प्लेट बनवाकर खुद को अधिकारी बताने का भ्रम फैलाया। वह किराए के वाहन का उपयोग करता था और कुछ सहयोगियों को साथ रखकर विश्वसनीयता का दिखावा करता था। इसी झांसे में पीड़ित को फंसाकर उसने सरकारी टेंडर दिलाने का प्रलोभन दिया और उससे लाखों रुपये व ज्वैलरी ठग ली। पुलिस के अनुसार, गिरोह संगठित तरीके से लोगों से धोखाधड़ी करता था।

# पन्ना में दो दोस्तों की किस्मत चमकी, मिला 15.34 कैरेट का कीमती हीरा

पन्ना, मध्य प्रदेशः किस्मत एक बार फिर पन्ना की धरती पर चमकी है। कृष्णा कल्याणपुर क्षेत्र में महज 20 दिन पहले खदान शुरू करने वाले दो युवाओं–24 वर्षीय सतीश खटीक और 23 वर्षीय साजिद मोहम्मद–को 15.34 कैरेट का जेम्स क्वालिटी हीरा मिला है। पन्ना के हीरा कार्यालय के अनुसार, यह इस साल का सबसे बड़ा और उच्च गुणवत्ता वाला हीरा माना जा रहा है। इसकी अनुमानित कीमत 50 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है।

दोनों दोस्तों ने बताया कि उन्हें खुद भी इतनी कम समय में इतना बड़ा हीरा मिलने की उम्मीद नहीं थी। हीरा मिलने के बाद उसे औपचारिक रूप से हीरा कार्यालय में जमा करा दिया गया है, जहां नीलामी के बाद राशि दोनों को प्रदान की जाएगी।

# मथुराः विवादित बयान पर आध्यात्मिक वक्ता अनिरुद्धाचार्य को अदालत ने 1 जनवरी 2026 को तलब किया

**समाज जागरण**

मथुरा, उत्तर प्रदेश। आध्यात्मिक वक्ता अनिरुद्धाचार्य द्वारा दिया गया विवादित बयान सोशल मीडिया और समाज में चर्चा का विषय बन गया था। उनके बयान में कहा गया था कि ह्ललड़कियां जब तक 25 साल की होती हैं तब तक कई जगह पर मुंह मारकर आती हैं।"

इस बयान के खिलाफ महिला आयोग ने संज्ञान लिया और मामला पंजीकृत कराया। इसके बाद याचिकाकर्ता मीरा राठौर ने न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मनीष गुप्ता ने बताया कि अदालत



ने याचिका को स्वीकार कर मामला पंजीकृत किया। मामले की जांच के लिए पुलिस से रिपोर्ट मांगी गई थी। अधिवक्ता मनीष गुप्ता ने बताया– "जांच रिपोर्ट में पुलिस ने अनुच्छेद 14, 15, 21 और 29 का हवाला दिया, लेकिन इन संवैधानिक प्रावधानों का सही पालन नहीं किया गया। पुलिस ने अपनी गलती स्वीकार की और इसके लिए क्षमा मांगी।" अदालत ने समग्र तथ्यों की समीक्षा के बाद अनिरुद्धाचार्य को 1 जनवरी 2026 को व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने का आदेश दिया है। मामले ने मथुरा और पूरे उत्तर प्रदेश में हलचल मचा दी है, और समाज में विवादित बयानों पर चर्चा फिर से तेज हो गई है।

# नोएडा सेक्टर 55 के नव निर्मित गेट संख्या 5 का विधायक पंकज सिंह ने किया उद्घाटन

**समाज जागरण**

नोएडा, 10 दिसंबर 2025ः सेक्टर 55 के रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (RWA) द्वारा सेक्टर के भव्य नव निर्मित गेट संख्या 5 का आज विधिवत उद्घाटन नोएडा विधायक पंकज सिंह ने किया। इस अवसर पर आरडब्लूए अध्यक्ष सत्यनारायण गोयल, फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा और भाजपा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान भी उपस्थित रहे।



आरडब्लूए 55 ने इस अवसर पर श्याम भजन संध्या का भी आयोजन किया, जिसमें सेक्टर 55 के समस्त निवासी शामिल होकर कार्यक्रम का आनंद लिया।

उद्घाटन समारोह में सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, फोनरवा महासचिव केके जैन, श्री राम मित्र मंडल के अध्यक्ष डीपी गोयल, अग्रवाल मित्र मंडल के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष देवेंद्र गंगल, अखिल भारतीय अग्रवाल वैश्य मित्र मंडल के अध्यक्ष राधा कृष्ण गर्ग, सुधीर चंद्र पोरवाल, एनईए महासचिव वीके सेठ, एन के अग्रवाल, निर्मल कांत गोयल, अनुज गुप्ता, आरडब्लूए महासचिव राजेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा, नीरज शर्मा, पंकज शर्मा, राजरानी अग्रवाल, अजय शुक्ला समेत कार्यकारिणी और नोएडा के समस्त आरडब्लूए अध्यक्ष भी मौजूद रहे।

इस भव्य उद्घाटन और सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सेक्टर 55 के निवासियों के बीच एकता और सामाजिक सामंजस्य को और मजबूती प्रदान की।

# नोएडा मेट्रो बोर्ड बैठक में वित्तीय ऑडिट रिपोर्ट पेश, कियोस्क और वेंडिंग मशीन आवंटन की नई नीति लागू

**समाज जागरण**

नोएडा। नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन की बोर्ड बैठक में कंपनी की वित्तीय ऑडिट रिपोर्ट पेश की गई और मेट्रो से होने वाले व्यय का विस्तृत ब्योरा अधिकारियों के समक्ष रखा गया।

बैठक में कियोस्क और वेंडिंग मशीनों के आवंटन के लिए संशोधित नीति को भी लागू करने का निर्णय लिया गया।

संशोधित नीति के तहत कियोस्क और वेंडिंग मशीन का आवंटन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। इसके अलावा, दिव्यांगजनों, ट्रांसजेंडर, महिला गैर सरकारी संगठनों और एकल महिला उद्यमियों जैसे प्राथमिकता समूहों के लिए रियायती दरें लागू की गई हैं। एनएमआरसी की वेबसाइट पर नई दरें ऑनलाइन उपलब्ध कराई गई हैं।

नई दरों के अनुसार, दिव्यांग और ट्रांसजेंडर के लिए 75 प्रतिशत छूट दी गई है। बैंड-2 के लिए वेंडिंग मशीन 375 रुपए और कियोस्क 625 रुपए प्रतिमाह तय की गई है। बैंड-3 में वेंडिंग मशीन के लिए 300 रुपए और कियोस्क 500 रुपए, महिला और गैर सरकारी संगठन व एकल महिला उद्यमियों के




लिए मौजूदा दर पर 70 प्रतिशत छूट लागू होगी। इसके अनुसार, बैंड-2 में वेंडिंग मशीन के लिए 450 रुपए और कियोस्क के लिए 750 रुपए प्रतिमाह तय किए गए हैं, जबकि बैंड-3 में वेंडिंग मशीन के लिए 360 रुपए और कियोस्क के लिए 600 रुपए निर्धारित किए गए हैं।

बोर्ड बैठक में NMRC के वित्तीय स्रोत बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। वर्तमान में नोएडा मेट्रो सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा डिपो तक संचालित हो रही है, जबकि तीन नए रूट प्रस्तावित हैं–बोटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142, डिपो से बोडाकी और सेक्टर-51 से नॉलेज पार्क-5। वर्तमान में रोजाना लगभग 52 हजार यात्री मेट्रो का उपयोग कर रहे हैं। बोर्ड ने आने वाले समय में वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने और मेट्रो की योजनाओं को और मजबूत करने पर विचार किया।

# कुष्ठ रोग से डरें नहीं, बीमारी को समझें

**समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के मेडिकल लैबोरेटरी तकनीक विभाग में सासाकावा-इंडिया लेप्रसी फाउंडेशन की ओर से सत्य का पदार्फाश-कुष्ठ रोग को समझना पर जागरूकता कार्यक्रम

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के मेडिकल लैबोरेटरी तकनीक विभाग में सत्य का पदार्फाश-कुष्ठ रोग को समझना पर जागरूकता कार्यक्रम में सासाकावा-इंडिया लेप्रसी फाउंडेशन के क्षेत्रीय प्रबंधक बतौर विशेषज्ञ वक्ता श्री तंजील खान ने स्टुडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा, कुष्ठ रोग पूरी तरह से ठीक होने योग्य बीमारी है, खासकर जब इसे समय पर पहचान लिया जाए। कुष्ठ रोग डरने की बीमारी नहीं, समझने की बीमारी है। सबसे बड़ी चुनौती बैक्टीरिया नहीं, बल्कि इसके इर्द-गिर्द लगे कलंक हैं। इससे पूर्व विशेषज्ञ वक्ता श्री तंजील खान, पैरामेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. नवनीत



कुमार, मेडिकल लैबोराटरी तकनीक की एचओडी डॉ. रुचि कांत आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

सासाकावा के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री खान ने कहा, आप स्वास्थ्य प्रणाली का भविष्य हैं। आपकी जागरूकता, सहानुभूति और समाज को शिक्षित करने की इच्छा विकलांगता और भेदभाव को रोक सकती है। सत्र में प्रारंभिक पहचान, प्रयोगशाला निदान और सामुदायिक स्तर पर जागरूकता रणनीतियों में पैरामेडिकल पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्पष्ट किया। दो दिनी जागरूकता कार्यक्रम में स्टुडेंट्स को कुष्ठ रोग के वैज्ञानिक और सामाजिक पहलुओं के बारे में लंबे समय से चली आ रही गलत धारणाओं और कलंक से जुड़ी धारणाओं के बारे में अवेयर किया गया। कार्यक्रम में डॉ. शिवशरण सिंह, श्रीमती शिखा पालीवाल, श्री बैजनाथ दास, डॉ. वर्षा राजपूत, सुश्री साक्षी बिष्ट, श्री शिवम अग्रवाल, सुश्री विवेचना, डॉ. पिनाकी अदक, श्री सौरभ सिंह बिष्ट, श्री दीपक कटियार और सुश्री आंशिका श्रीवास्तव के संग-संग बीएमएलटी, बीऑप्टम, बीआरआ-ईटी, बीएफएस के छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# योगी सरकार की सख्ती का असर, दनकौर में 500 करोड़ की सरकारी भूमि अतिक्रमण से मुक्त

**यीडा का बड़ा अभियान, 4.6 हेक्टेयर (46,000 वर्ग मीटर) भूमि पर से हटाया अवैध कब्जा**

**प्राधिकरण की भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई टीनशेड, कच्ची-पक्की दीवारें, झोपड़ियां, स्थायी-अस्थायी निर्माण को पूरी तरह किया गया ध्वस्त**

**मुख्यमंत्री के निर्देश पर औद्योगिक विकास और अवसंरचनात्मक परियोजनाओं को गति देने के लिए जमीनों को अतिक्रमण से मुक्त कराने की चल रही मुहिम**



**समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडा, 10 दिसंबर। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप बुधवार को ग्राम दनकौर (तहसील सदर, गौतम बुद्ध नगर) में अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। खसरा नंबर 211 पर फैली 4.6 हेक्टेयर यानी लगभग 46,000 वर्ग मीटर बहुमूल्य सरकारी/प्राधिकरण की भूमि को पूर्णतः अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया। इस भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 500 करोड़ रुपये बताया गया है। यीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के विशेष कार्य अधिकारी शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुई कार्रवाई के दौरान मौके पर जेसीबी मशीनों के साथ पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।

**अवैध निर्माण का पूरी तरह ध्वस्तीकरण**

अभियान के दौरान प्राधिकरण की भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई टीनशेड, कच्ची-पक्की दीवारें, झोपड़ियां, स्थायी-अस्थायी निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। इससे यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक एवं शहरी विकास के लिए आरक्षित भूमि पूरी तरह मुक्त हो गई है। शैलेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यीडा क्षेत्र में विकास परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्राधिकरण की किसी भी भूमि पर अवैध कब्जा बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में ऐसा करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और लागत वसूली के साथ आपराधिक मुकदमा भी दर्ज होगा।

**विकास परियोजनाओं को मिलेगी गति**

शैलेंद्र सिंह ने कहा कि दनकौर में 46,000 वर्ग मीटर से अधिक भूमि, जिसकी कीमत लगभग 500 करोड़ रुपये है, को अतिक्रमण से मुक्त कराना यीडा के संकल्प का प्रतीक है। यह कार्रवाई स्पष्ट करती है कि योगी सरकार प्रदेश में औद्योगिक निवेश, अवसंरचना विस्तार और पारदर्शी प्रशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि यमुना एक्सप्रेस-वे तथा ईस्टर्न पेरिफेरल के इंटरचेंज के किसानों के 7% आबादी भूमि एवं यीडा क्षेत्र में विकास परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए सरकारी व प्राधिकरण की समस्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराना प्राथमिकता है।

# नशे के साम्राज्य पर UP पुलिस का बड़ा प्रहार, अंतर्राज्यीय ड्रग तस्करों की 2.80 करोड़ की संपत्ति फ्रीज

**समाज जागरण**

लखनऊः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नशामुक्त प्रदेश के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस ने नशे के कारोबार पर एक और बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण के निर्देश पर 09 दिसंबर 2025 को एएनटीएफ यूनिट आगरा और एएनटीएफ थाना सहारनपुर ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो अंतर्राज्यीय ड्रग तस्करों–मुसलम खान और नौशाद–की कुल 2,80,00,000 (दो करोड़ अस्सी लाख रुपये) की चल-अचल संपत्ति फ्रीज कर दी।

यह कार्रवाई सक्षम प्राधिकारी एवं प्रशासक SAFEM(FOP)A एवं NDPS, नई दिल्ली की मंजूरी के बाद की गई। एएनटीएफ की इस बड़ी सफलता को नशे के खिलाफ चल रहे राज्यव्यापी अभियान में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पुलिस का कहना है कि ड्रग तस्करों की अवैध संपत्ति पर लगातार प्रहार किए जा रहे हैं, ताकि उनके नेटवर्क को जड़ से कमजोर किया जा सके।

# पालिकाध्यक्ष ने फीता काटकर निःशुल्क रैन बसेरे का किया शुभारंभ

**समाज जागरण**

चंदौसी। पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय एवं अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम जी द्वारा संयुक्त रूप से मालगोदाम रोड स्थित नगर पालिका परिषद चंदौसी की भूमि पर बने निःशुल्क रैन बसेरे का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि ठण्ड एवम शीत लहर को दृष्टिगत रखते हुए निराश्रित, असहाय, कमजोर वर्ग के लोगों एवं बाहर से आए लोगों को विश्राम




हेतु व सड़कों,फुटपाथों एवं अन्य खुले स्थानों पर रात्रि में सोने वाले व्यक्तियों को राहत पहुंचाने हेतु पालिका द्वारा निशुल्क रैन बसेरे में ठहरने की व्यवस्था की गई है, साथ ही नहाने, सूक्ष्म जलपान, लाइट की उचित व्यवस्था की गई है। तत्पश्चात रैन बसेरे में कार्यरत कर्मचारियो को निर्देशित किया कि वह अपने दायित्वों का ठीक प्रकार से निर्वहन करें। रैन बसेरे में आने वाले व्यक्तियों का विवरण रजिस्टर में दर्ज करे व रैन बसेरे परिसर में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। इस मौके पर सभासद नवकांत देव शर्मा, अंशुल गुप्ता आदि पालिका से सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह, ऋषभ कुमार, प्रभाकर गुप्ता ,चंद्र मोहन, मुकुल शर्मा, लवित वार्ष्णेय, कृष्मोहन, मनोज आदि लोग मौजूद रहे।

# समिति ने मनाया मानवाधिकार दिवस

**समाज जागरण**

चंदौसी। कल्याण सेवा समिति चंदौसी ने एक गोष्ठी कल्पना वार्ष्णेय के आवास घनश्याम मार्केट बड़ा बाजार पर आयोजित की जिसमें मानव अधिकार दिवस मनाया गया व आगामी प्रोजेक्ट्स जैसे जनवरी में मकर संक्रांति के उपलक्ष में खिचड़ी का वितरण व शीत ऋतु में गरीबों में कंबल का वितरण एवं




विद्यालयों में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन इत्यादि पर विचार विमर्श हुआ तथा मानवाधिकार के संबंध में अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय ने मानवाधिकार पर अपने विचार व्यक्त किये उपाध्यक्ष रेखा रस्तोगी व सचिव भावना गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किए। गोष्ठी का संचालन सचिव भावना गुप्ता ने किया। सभा में अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय सचिव भावना गुप्ता उपाध्यक्ष रेखा रस्तोगी मीनू फैंसी, पूर्णिमा, अंशु वार्ष्णेय, अनामिका, सीमा सिंह, साधना श्रीवास्तव, सोनी रस्तोगी, पूनम वार्ष्णेय, रचना आदि की , सहभागिता रही।

# छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावर। पुलिस ने युवती के साथ छेड़छाड़ कर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपि को दबोच कर चालान कर कोर्ट मे पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी युवती ने सोमवार को थाने मे गुलफाम के खिलाफ उसके साथ छेड़छाड़ करने व उसके द्वारा विरोध करने पर जान से मारने की



धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तभी से पुलिस आरोपि की तलास मे जुटी थी। मंगलवार को पुलिस ने आरोपि गुलफाम को दबोच लिया थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने बताया की आरोपि का चालान कर कोर्ट मे पेश किया गया था जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर समुदाय को लाभ से अवगत कराया गया

## ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

देहात इंडिया संस्था के तत्वावधान एसेक्स टू जस्टिस परियोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत करिडिहा, ब्लॉक हुजूरपुर, जनपद बहराइच में ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति (VLCPC) की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में ग्रामस्तरीय हितधारकों, पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं समुदाय के अन्य महत्वपूर्ण सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की।



बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर बच्चों से जुड़ी समस्याओं की पहचान कर उनका समाधान सुनिश्चित करना था। बैठक में बच्चों के अधिकारों, शिक्षा, सुरक्षा, और स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। साथ ही, सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर समुदाय को उनके लाभ से अवगत कराया गया।

बैठक में उपस्थित देहात इंडिया के चन्द्र प्रकाश अवस्थी ने बच्चों के अधिकारों, उनकी सुरक्षा, और सामाजिक कल्याण योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बाल संरक्षण समिति की भूमिका को रेखांकित करते हुए सभी सदस्यों से सक्रिय रूप से बच्चों के हित में कार्य करने की अपील की।

यह बैठक बाल अधिकारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रही, जिसमें समुदाय को जागरूक कर बच्चों के लिए एक सुरक्षित और सशक्त वातावरण निर्मित करने का संकल्प लिया गया।

बैठक में ग्राम प्रधान श्री जानकी प्रसाद मौर्या , बाल कल्याण पुलिस श्री दिनेश कुमार यादव , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती अर्चना प्रियदर्शनी, संतोष कुमारी, अंजनी सिंह बहुएँ, बाल संसद के बच्चे, एवं प्रधानाध्यापक कोटेदार, ग्रामीण, तथा देहात संस्था से चन्द्र प्रकाश अवस्थी ने प्रतिभाग किया और बाल संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए।

# भारत रत्न चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की मनाई गई जयंती

**समाज जागरण**

चंदौसी। स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में "अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस" एवं स्वतंत्रता सेनानी, भारत रत्न चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की जयंती सीता रोड स्थित नीलम हॉस्पिटल में धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाया (मनाई) गया। सर्वप्रथम मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि "अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस" की संयुक्त राष्ट्र महासभा ने १०दिसंबर १९४८को मनाने की घोषणा की। पृथ्वी पर प्रकृति ने मनुष्यों को जन्म से ही अधिकार प्रदान किए हैं। अधिकार प्रत्येक इंसान को लिंग, संस्कृति, धर्म, स्थान, जाति आदि के बंधनों से आजाद करते हैं। प्रत्येक राष्ट्र की ओर से सुख, शांति, व्यवस्था के लिए बहुत से अधिकार दिए जाते हैं। जिन्हें मानव अधिकार के रूप में जाना जाता है। मानव अधिकार प्रत्येक इंसान को जन्म के साथ मिल जाते हैं। जिनमें जीवन , स्वतंत्रता, समानता और प्रतिष्ठा का अधिकार



के साथ राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक जैसे अधिकार शामिल हैं। मानव अधिकार दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। जिससे अपने अधिकारों को जान सके और प्रयोग कर सकें। मानव अधिकार नहीं होंगे मिश्र ने आगे कहा कि स्वतंत्रता सेनानी, प्रथम भारतीय गवर्नर जनरल, प्रथम भारत रत्न चक्रवर्ती राजगोपालाचारी वकील, लेखक, दार्शनिक, कुशल राजनेता थे। वह महात्मा गांधी जी के समधी थे उनकी लक्ष्मी वेटी गांधी जी के बेटे देवदास गांधी को ब्याही थी। उन्होंने दक्षिण भारत में हिन्दी के प्रचार प्रसार के लिए बहुत कार्य किया। उनका प्रचलित नाम राजा जी भी था। भारत रत्न चक्रवर्ती राजगोपालाचारी का जन्म १०दिसम्बर १८७८को तमिलनाडु के थोरापल्ली गांव में हुआ था। उनकी शिक्षा मद्रास एवं बंगलुरू में हुई। वह १९१९में महात्मा गांधी जी के आह्वान पर देश को आजाद कराने में जुट गए। उन्होंने असहयोग आंदोलन, से लेकर नमक सत्याग्रह तक बढ़ चढ़ कर भागीदारी की। जिससे ब्रिटिश सरकार ने उन्हें पांच बार गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया। १९४८से १९५०तक वह भारत के पहले और अंतिम गवर्नर जनरल रहे। वह मद्रास के प्रथम मुख्यमंत्री भी रहे। १५दिसंबर १९५०को सरदार पटेल के निधन के बाद वह भारत के १९५०से अक्टूबर १९५१ तक गृहमंत्री भी रहे। १९५४में भारत रत्न सम्मान की शुरूआत में सर्वप्रथम भारत रत्न चक्रवर्ती राजगोपालाचारी को दिया गया। २५दिसम्बर सन १९७२को चक्रवर्ती राजगोपालाचारी का मद्रास में स्वर्गवास हो गया। शत शत नमन। इस दौरान महेश कुमार गुप्ता, डॉक्टर अरविन्द कुमार गुप्ता, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर निशा गुप्ता, डॉक्टर नितिन कौशिक, अंकित बार्ष्णेय, पंकज अग्रवाल, अनमोल मिश्रा, प्रशांत अग्रवाल, ओम ठाकुर रहे।

# नहरों की सफाई से कृषकों को सिंचाई हेतु पानी समय से मिलने पर उनकी फसलों को हो रहा फायदा

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना। अफजलगढ सिंचाई खंड धामपुर के अंतर्गत नगीना तहसील कोतवाली विकास खंड में आने वाली समस्त नहरों की फसल रबी 1433 फसली की सिल्ट सफाई का कार्य प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी उपखंड प्रथम नगीना के द्वारा संबंधित ठेकेदारों के माध्यम से बहुत अच्छी तरह से सम्पादित कराये जाने के फलस्वरूप नहरों में पानी चल रहा है जिससे कृषकों को सिंचाई हेतु पानी समय से मिलने पर उनकी फसलों को फायदा हो रहा है नगीना नहर से होकर जाने वाली पुरैनी शाखा में भरपूर मात्रा में पानी चल रहा है जिससे शहरी क्षेत्र में नहर साफ स्वच्छ अवस्था में प्रवाहित हो रही है नहर की टेल तक पानी पहुंच चुका है जिसका पूरा फायदा किसानों को मिल रहा है। पुरैनी शाखा नहर के संबंध में संबंधित जूनियर इंजीनियर देवेन्द्र कुमार शर्मा से मुलाकात करने पर उनके द्वारा शहरी क्षेत्र से होकर गुजरने वाली नहर में नहर के दोनों तरफ निवासियों के द्वारा अपने घरों का कूड़ा करकट मलवा पोलीथीन इत्यादि को नहर में प्रतिदिन डाला जाता है जिसकी रोकथाम हेतु नगर पालिका परिषद नगीना को चाहिए कि




वह नहर के दोनों ओर प्रत्येक 50 -50 मीटर की दूरी के अंतराल पर कूड़े दान की व्यवस्था करे तो नहर में गंदगी नहीं होगी और पानी निर्बाध रूप से पुल पुलिया साइफन आदि से गति के साथ प्रवाहित होता रहेगा नहीं तो कूड़ा करकट मलवा पोलीथीन इत्यादि के कारण पानी प्रवाह में अवरोध उत्पन्न होने की सम्भावना बनती है। संबंधित सहायक अभियंता पवन कुमार चौधरी द्वारा अवगत कराया गया है कि शहरी क्षेत्र में होकर जाने वाली हमारी नहर पुरैनी शाखा में निवासी गणों द्वारा डाले जाने वाले कूड़े की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही करने हेतु पूर्व में प्रेषित पत्रों के क्रम में शीघ्र ही अनुस्मारक पत्र प्रेषित किया जायेगा ताकि नहर को साफ स्वच्छ बनाए रखने में नगर पालिका परिषद नगीना का सहयोग प्राप्त हो सके। नगीना बोकस। अरसे के बाद नगर की घनी आबाद आबादी के बीच से बह रही और नगीना की खूबसूरती में चार चांद लग रही प्राचीन नहर की सफाई होने के बाद उसमें पानी बह रहा है जिससे किसानों को की फसलों को राहत मिलेगी लेकिन लेकिन इसी नहर के अकबराबाद चौक से लाल सराय, एसडीएम कोट, से लेकर नेशनल हाईवे 74 तक करीब दर्जन भर अवैध रूप से छोटी बड़ी पुल पुलियों का निर्माण कर अतिक्रमण कर रखा है। जिसकी अनेक बार तहसील दिवस एवं आला अफसरो से लिखित और मौखिक शिकायत की गई लेकिन अधिकारियों ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जबकि मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर नहर के ऊपर बनी पुल पुलियों को हटवाए जाने की मांग को लेकर एक बार फिर शिकायत की गई है।

# अफजलगढ़ में दहेज मुक्त नई रस्मे बन्द कराने को लेकर शहर के जिम्मेदार लोगों की बैठक। नई रस्मे बन्द कराने पर सहमति

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। नगर के मोहल्ला नेजो सराय स्थित मदरसा जामिउल उलूम में बुधवार को दहेज मुक्त समाज बनाने और शादी-ब्याह में बढ़ती नई व फिजूलखर्ची वाली रस्मों पर रोक लगाने को लेकर एक महत्वपूर्ण व विस्तारित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शहर के जिम्मेदार, सामाजिक कार्यकताओं, उलेमा-ए-किराम, इमामों और विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। बैठक का उद्देश्य समाज में फैल रही दहेज प्रथा और नई रस्मों के कारण पैदा हो रही आर्थिक व सामाजिक समस्याओं पर गंभीरता से मंथन करना था। वक्ताओं ने कहा कि दहेज और अनावश्यक रस्में समाज की जड़ों को खोखला कर रही हैं। कई गरीब परिवार अपनी बेटियों की शादी के समय कर्ज के बोझ तले दब जाते हैं। इसलिए सामूहिक रूप से इस कुरीति को समाप्त करने का समय आ गया है। वही पूर्व विधायक शेख सुलेमान ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि दहेज प्रथा समाज पर एक कलंक है। इसे मिटाने के लिए केवल भाषण नहीं, बल्कि ठोस कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि अफजलगढ़ की धरती ने हमेशा सामाजिक सुधार की मिसाल कायम की है और उम्मीद है कि यह मुहिम पूरे जनपद में एक उदाहरण बनेगी। उन्होंने उपस्थित लोगों को दहेज न लेने और न देने की शपथ दिलाई। हर काबिले के जिम्मेदार लोगों से मोहल्ले में एक अहम बैठक कर नई रस्मों को खत्म कराने को लेकर अपना समर्थन अफजलगढ़ युवा टीम को दिया। बैठक में कई लोगों ने सुझाव देते हुए कहा कि शादी-ब्याह को सरल बनाया जाए, अनावश्यक रस्मों जैसे तिलक, भारी भरकम दावतें, महंगे तोहफे आदि को बंद



किया जाए, ताकि गरीब परिवार भी सम्मानपूर्वक अपनी बेटियों की शादी कर सकें। उलेमा ने धार्मिक दृष्टिकोण से दहेज प्रथा को गलत ठहराते हुए लोगों से इस कुरीति के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। सभी जिम्मेदार लोगों ने दुल्हन पक्ष के यहां बारात को सुन्नत तरीका से समय पर लाने व ले जाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मौलाना शफीक अहमद कासमी व मौलाना शौकत अली मजाहिरी ने कहा कि समाज की बेहतरी आपसी सहयोग और जागरूकता से ही संभव है। आने वाले दिनों में इस अभियान को गांव-गांव और मस्जिदों में चलाया जाएगा, ताकि लोगों में जागरूकता बढ़े और बदलाव महसूस किया जा सके।अंत में दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। बैठक में लिए गए निर्णयों पर जल्द ही अमल शुरू करने की भी घोषणा की गई।वही महाराष्ट्र की शान युवाओं की दिलो की धड़कन जावेद अमान व मोहम्मद कैफ का नेतृत्व कर रहे युवा टीम अफजलगढ़ के साथी समाजसेवी शुऐब कुरैशी व फईम कस्सार ने सभी शहर के जिम्मेदार लोगों से दहेज मुक्ति अभियान नई रस्मों को बन्द कराने में उनका समर्थन मांगा। सभी शहर के जिम्मेदार लोगों ने युवा अफजलगढ़ टीम को अपना समर्थन दिया। नई रस्मों को खत्म कराने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में पहुंचे कार्यक्रम की सर परस्ती मौलाना शफीक अहमद कासमी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना शौकत अली मजाहिरी ने की तथा संचालन मुफ्ती सईदुर्रहमान ने किया। कार्यक्रम में इस अवसर पर पूर्व विधायक शेख सुलेमान के आलावा,मौलाना शफीक अहमद कासमी,मौलाना शौकत अली मजाहिरी, मौलाना मुख्तयार अहमद, चेयरपर्सन पति जावेद विकार,पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एडवोकेट,पूर्व चेयरमैन नफीस कुरैशी,पूर्व चेयरपर्सन पति शेख इरशाद हुसैन,सभासद कलवा कुरैशी,समीम अंसारी भट्टे वाले, मास्टर समीम अंसारी,हाजी नजाकत हुसैन सिद्दीकी,जाहिद अली खान, सभासद मुकीब खां सूरी एडवोकेट, समाजसेवी लईक सिद्दीकी,पूर्व सभासद सलीम अंसारी, अब्दुल रज्जाक चाचा,सूफी कदीरा, फारूख हानी, मेम्बर रिजवान हसन, डॉ मोहसिन रजा,वरिष्ठ पत्रकार अख्तर सिद्दीकी, समाजसेवी कासिफ अंसारी, चचा अफजाल ठेकेदार, भोले चौधरी, शेख निजाम,डॉ गुलशन अंसारी, पत्रकार अब्दुल बारी, हाफिज शकील अहमद, पत्रकार हाजी रिजवान कुरैशी, पत्रकार एमएस असलम, समाजसेवी दिलशाद अंसारी गारमेंट वाले, सभासद कादिर अंसारी, हकीम अनीश, मौलाना इस्माईल नदवी, इमरान भंडारी,इसरार कस्सार, दिलशाद कुरैशी,रिजवान अंसारी, नदीम हानी, वाजिद अल्वी, सहित तमाम मौजूदा सभासद पूर्व सभासद सभी बिरादरी के जिम्मेदार लोग उपस्थित रहे।

# पीजीवीएस द्वारा विश्व मानवाधिकार दिवस पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद गोरखपुर पूर्वांचल ग्रामीण विकास संस्थान गोरखपुर द्वारा संचालित उत्थान फेलोशिप कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर जनपद के 5 विकासखंडों की चयनित ग्राम पंचायतों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय को मानवाधिकारों के संरक्षण, संवैधानिक मूल्यों के महत्व, सामाजिक न्याय एवं समानता के सिद्धांतों से परिचित कराते हुए एक संवेदनशील, न्यायपूर्ण और समावेशी समाज का निर्माण करना है।

यह दिन इसलिए मनाया जाता है क्योंकि 10 दिसंबर 1948 को दुनिया के देशों ने मिलकर यह तय किया था कि हर इंसान को बराबरी, सम्मान, आजादी, शिक्षा, इलाज और सुरक्षित जीवन जैसे बुनियादी अधिकार मिलेंगे। इन अधिकारों को कोई भी सरकार, संस्था या व्यक्ति छीन नहीं सकता—इन्हें मानवाधिकार कहा जाता है।

बाद में 1950 में संयुक्त राष्ट्र ने यह घोषणा की कि अब हर साल 10 दिसंबर को दुनिया भर में मानवाधिकार दिवस मनाया जाएगा, ताकि लोगों को उनके अधिकारों की जानकारी मिलती रहे।

उत्थान फेलोशिप के चयनित फेलोज ने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में समुदाय आधारित गतिविधियाँ आयोजित कीं, जिनमें गोष्ठी, संवाद, समूह वार्ता, पोस्टर प्रदर्शन, बालसभा, महिलाओं व किशोरियों के साथ बैठक, विद्यालय में बच्चों के साथ चर्चा, सेवादाताओं के साथ बैठक व युवाओं की कार्यशाला शामिल रहीं।

जंगल कौड़िया ब्लॉक के ग्राम पंचायत शेरपुर चमराह एवं प्रतापपुर में उत्थान फेलो जितेंद्र सिंह ने मानवाधिकारों के इतिहास, उनके दायरे और ग्राम समुदाय में अधिकारों के उल्लंघन से बचाव के उपायों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने संविधान में दिए गए मौलिक अधिकार और कर्तव्यह्व पर विस्तार से चर्चा किया।

बांसगांव ब्लॉक के ग्राम पंचायत पूरासपार में चंचल जायसवाल द्वारा महिलाओं के अधिकार, घरेलू हिंसा अधिनियम, शिक्षा का अधिकार और सामाजिक समानता पर केंद्रित बैठक आयोजित की गई।

साथ ही ग्रामवासियों के साथ संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन भी कराया गया।

भरोहिया क्षेत्र के ग्राम पंचायत साखी एवं राखीखोर में सीमा पाण्डेय ने बाल अधिकार, बाल विवाह निषेध, पोषण अधिकार तथा महिला सुरक्षा विषयों पर जागरूकता रैली एवं समूह-चर्चा आयोजित की। उन्होंने पोस्टर के माध्यम से समता, स्वतंत्रता, बंधुता एवं न्याय को विस्तार से बताया।

चरगांवा ब्लॉक में अर्पिता यादव ने खंड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास



अधिकारी (पंचायत) के साथ-साथ अन्य अधिकारीयों एवं कर्मचारियों के साथ चर्चा करते हुए ग्रामीण समुदाय में किशोरियों और महिलाओं के साथ मानवाधिकार और लोकतांत्रिक भागीदारी पर बात की।

उन्होंने यह संदेश दिया कि हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी ही मानवाधिकारों की असली सुरक्षा है।

पिपराइच ब्लॉक में धनंजय सिंह एवं संध्या त्रिपाठी ने सामाजिक न्याय, भेदभाव रहित समाज, ग्रामीण विकास में जनसहभागिता, तथा संवैधानिक मूल्यों की भूमिका पर प्रदर्शनी, चार्ट और चर्चा-सत्र आयोजित किए।

इन सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामीण पुरुषों, महिलाओं, युवाओं, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकताओं, आशा बहुओं और पंचायत प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी की। ग्रामवासियों ने मानवाधिकारों के बारे में नई जानकारियाँ प्राप्त कीं और इन्हें अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कई स्थानों पर महिलाओं ने यह महसूस किया कि अधिकारों की जानकारी मिलने से वे निर्णय प्रक्रिया में अधिक सशक्त बन सकती हैं।

**उत्थान फेलोशिप का उद्देश्य**

PGVS द्वारा संचालित उत्थान फेलोशिप कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर नेतृत्व, सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक विकास की दिशा में लोगों को प्रशिक्षित करना एवं समता, स्वतंत्रता, बंधुता, न्याय के प्रति समुदाय को जागरूक करना है। फेलोज ग्राम पंचायतों में संवैधानिक मूल्यों का प्रचार-प्रसार, मानवाधिकारों की समझ का विकास, कमजोर वर्गों को अधिकारों के प्रति जागरूक करना, स्थानीय शासन में पारदर्शिता और भागीदारी बढ़ाना, समाज में समानता, सम्मान और न्याय की संस्कृति को मजबूत करना जैसे मुद्दों पर नियमित रूप से कार्य कर रहे है।

PGVS का मानना है कि मानवाधिकारों की सुरक्षा केवल सरकारी व्यवस्था पर निर्भर नहीं, बल्कि समुदाय की जागरूकता एवं सक्रियता भी उतनी ही आवश्यक है। विश्व मानवाधिकार दिवस जैसा अवसर समाज को यह याद दिलाता है कि हर व्यक्ति सम्मान, स्वतंत्रता, सुरक्षा, समानता और न्याय का अधिकारी है।

# बालश्रम जागरूकता अभियान चलाया गया

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

थाना महाराजगंज तराई के कौव्वापुर व कस्बा परसपुर अन्तर्गत महाकाल फैमिली रेस्टोरेंट को चेतावनी नोटिस दिया गया

जनपद बलरामपुर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर व अपर पुलिस अधीक्षक जनपद बलरामपुर के आदेशानुसार एवं पुलिस उपाधीक्षक श्रीमती ज्योति श्री (नोडल अधिकारी) के निर्देशन में थानाध्यक्ष श्री सूरज कुमार के पर्यवेक्षण में श्रम विभाग से श्री रिजवान अहमद थाना अल्ळ से म0उ 0नि नीलोफर बानो, का 0



असलम सिद्दीकी, कांस्टेबल संजीत तिवारी,महिला आरक्षी ज्योती गुप्ता द्वारा थाना महराजगंज तराई के कौव्वापुर व कस्बा परसपुर अंतर्गत महाकाल फैमली रेस्टोरेंट को चेतावनी / नोटिस देकर ।

बाल तस्करी से आजादी 3.0 अभियान के अर्न्तगत बालश्रम, बालभिक्षावृत्ति, बाल विवाह,बचपन बचाओ आन्दोलन - एक युद्ध नशे के विरुद्ध आदि के बारे में आम जनमानस को जागरूक किया गया होटल ढाबा वर्कशॉप मालिकों को हिदायत दी गई कि बाल श्रम कराना दंडनीय अपराध है।

# मानव अधिकार दिवस पर महिला अधिकारों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## मानव अधिकार दिवस पर विशेष सामुदायिक संवाद सम्पन्न

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

लखनऊ महिलाओं के अधिकारों और हिंसा के खिलाफ चलाए जा रहे 16 दिवसीय अभियान के समापन अवसर पर तथा मानव अधिकार दिवस के विशेष अवसर पर, इनिशिएटिव फाउंडेशन इंडिया द्वारा ग्राम पंचायत मुबारक, चिलौली, ब्लाक काकोरी, लखनऊ में महिलाठंडओं व लड़कियों के अधिकारों पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को उनके अधिकारों, सुरक्षा, शिक्षाढठढ और सम्मान के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में 55 महिलाएं, किशोरियां और ग्रामीण समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इनिशिएटिव फाउंडेशन इंडिया के निदेशक श्री अमित ने कहा कि यह 16 दिवसीय अभियान महिलाओं के अधिकारों को समाज के हर स्तर तक पहुंचानेल का एक मजबूत प्रयास रहा है। हमें इस जागरूकता को एक दिन तक सीमित नहीं रखना चाहिए।




संस्था की बोर्साड मेंबर और माजिक कार्यकर्ता सुश्री पूजा जी ने कहा कि जब तक हर लड़की सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर नहीं होगी, गई श्री लेखराम ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना हमारी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है और हम आगे से इस पर विशेष ध्यान देंगे।

कम्युनिटी मोबिलाइजर ने कहा सुश्री हेमा ने कहा कि समुदाय के स्तर पर इस तरह के संवाद कार्यक्रम बदलाव की सबसे सशक्त नींव रखते हैं। हम गांव में बदलाव हेतु निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

सुश्री नेहा (वॉलंटियर) ने कहा हर लड़की को अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए और जरूरत पड़ने पर आवाज उठाने का साहस भी।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित ग्राम सचिव अमित, वैभवी, हिना, पूजा, नेहा, सोनी, ममता, ख्वाहिश, सुरेश, आलोक, आनंद सहित सभी ने महिलाओं और लड़कियों के सम्मान, समानता और सुरक्षा को बढ़ावा देने का सामूहिक संकल्प लिया।

# यूपी के विभिन्न जिलों में मानवाधिकार दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

लखनऊ। पूर्वांचल ग्रामीण विकास संस्थान लखनऊ द्वारा संचालित उत्थान फेलोशिप कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व मानवाधिकार दिवस पर लखनऊ, गोंडा, गोरखपुर और जौनपुर जिलों के चयनित ग्राम पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

विश्व मानवाधिकार दिवस हर साल 10 दिसंबर को इसलिए मनाया जाता है क्योंकि 1948 को दुनिया के देशों ने मिलकर यह तय किया था कि हर इंसान को बराबरी, सम्मान, आजादी, शिक्षा, इलाज और सुरक्षित जीवन



जैसे बुनियादी अधिकार मिलेंगे। इन अधिकारों को कोई भी सरकार, संस्था या व्यक्ति छीन नहीं सकता—इन्हें मानवाधिकार कहा जाता है। बाद में, 1950 में, संयुक्त राष्ट्र ने यह घोषणा की कि अब हर साल 10 दिसंबर को दुनिया भर में मानवाधिकार दिवस मनाया जाएगा, ताकि लोगों को उनके अधिकारों की जानकारी मिलती रहे।

इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को संवैधानिक अधिकारों, मानव गरिमा, लैंगिक समानता, सामाजिक न्याय तथा पंचायत-स्तर पर नागरिक भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों के प्रति जागरूक करना था। फेलोज ने साक्षात्कार, समूह चर्चा, स्कूली संवाद, पोस्टर प्रस्तुति, अधिकार-आधारित खेल गतिविधियाँ एवं ग्राम-स्तरीय जनसंवाद—के माध्यम से लोगों को यह समझाया कि मानवाधिकार केवल कानूनी शब्द नहीं, बल्कि रोजमर्रा के जीवन में आवश्यक सुरक्षा कवच हैं।

स्थानीय समुदाय की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली, विशेषकर युवाओं, महिलाओ और समूहों ने अपने गांव में अधिकार आधारित कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया। उत्थान फेलोशिप का लक्ष्य ग्राम पंचायत एवं लखनऊ के मोहल्ला स्तर पर ऐसे नेतृत्वकताओं का निर्माण करना है जो संविधान के मूल्यों—न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व—को धरातल पर लागू करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहें। मानवाधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित गतिविधियों ने इस दिशा में एक प्रेरक और प्रभावशाली संदेश दिया।

## दस दिन बाद भी नहीं हुआ लूट का खुलासा,पुलिस के हाथ खाली

**समाज जागरण कांधला।**
थाना क्षेत्र के इस्लामपुर घसौली मार्ग पर दस दिन पूर्व हुई सरार्फा व्यापारी के साथ लूट की घटना का पुलिस खुलासा नहीं कर पाई। पीड़ित व्यापारी ने उच्च अधिकारियों से शिकायत कर खुलासे की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव पंजोखरा निवासी सरार्फा व्यापारी ओमवीर वर्मा ने गांव इस्लामपुर घसौली में ज्वेलरी की दुकान कर रखी है। व्यापारी विगत सोमवार की शाम अपनी दुकान बंद करके बाइक पर सवार होकर अपने घर आ रहा था। जैसे ही सरार्फा व्यापारी चढ़ाव गांव के समीप पहुंचा तो बाइक सवार बदमाशों ने तमंचे के बल पर व्यापारी से नगदी जेवरात एवं मोबाइल सहित कीमती कागजात लूट लिए थे और फरार हो गए थे। लूट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जंगलों में बदमाशों की तलाश की थी मगर कहीं भी सुराग नहीं लगा था। पुलिस ने थाना क्षेत्र मे आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में बदमाशों की तलाश करते हुए फुटेज खंगाली थी। लूट की घटना को दस दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस बदमाशों का सुराग नहीं लगा सकी। सरार्फा व्यापारी ने बुधवार को जनपद के उच्च अधिकारियों से पत्र भेजकर लूट के खुलासे की मांग कर सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## छात्रा को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला, रिहाई के बाद आरोपी ने दी धमकी



**समाज जागरण कांधला।**
थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी 15 वर्षीय पुत्री को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित पिता के अनुसार उसकी पुत्री, जो गांव के एक कॉलेज में सातवीं कक्षा की छात्रा है ।विगत 22 नवंबर को जनपद मुजफ्फरनगर के गांव हरसोली निवासी कादिर पुत्र हाक्कम और नदीम बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए थे ।परिजनों की खोजबीन और तहरीर के आधार पर पुलिस ने छात्रा और आरोपी कादिर को बरामद कर लिया था। आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने आरोपी युवक को थाने से छोड़ दिया, जबकि छात्रा महिला थाना भेज दिया था जहां से महिला थाना की पुलिस ने छात्रा को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया ।पीड़ित पिता का कहना है कि आरोपी युवक थाने से छूटने के बाद लगातार फोन कर जान से मारने की धमकियां दे रहा है, जिसकी रिकॉर्डिंग उनके पास मौजूद है ।पीड़ित ने एसपी और थाना पुलिस को शिकायत पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर सुरक्षा की गुहार लगाई है। पीड़ित का कहना है कि उसके पुत्री कारों की युवक के द्वारा शारीरिक उत्पीड़न किया गया इस कारण उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है ।इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## मीमला में चार माह से जख्मी हालत मे घूम रहा गौवंश आवारा,ग्रामीणों में नाराजगी



**समाज जागरण कांधला।**
गविकास खंड क्षेत्र के गांव मीमला रसूलपुर गुजरान में बिते चार महीनों से एक जख्मी गौवंश गंभीर हालत में सड़कों पर भटकने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीण सोनू कुमार मुखिया ने मुख्य विकास अधिकारी को पत्र भेज कर जख्मी गोवंश का इलाज कराने एंव गौशाला भेजने की मांग की है। बुधवार को ग्रामीणों ने बताया की घायल गौवंश लंबे समय से गांव की गलियों और खेतों के आसपास दर्द झेलते हुए घूम रहा है। उसकी हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है, लेकिन ग्राम स्तरीय अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में कई बार मौखिक सूचना ग्राम सचिव को भी दी गई, लेकिन न तो उपचार करवाया गया और न ही घायल पशु को किसी नजदीकी गौशाला में भेजा गया। ग्रामीणों को डर है कि जख्मी गौवंश जो बीमार है, उसके संक्रमण का खतरा अन्य पशुओं तक भी फैल सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि घायल गोवंश के बाएं कान में लगे टैग नंबर HGSA 1600 2282 8326 से यह साफ है कि यह किसी गौशाला से संबंधित है। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि संभवतः गौवंश को लापरवाही के चलते गौशाला संचालक द्वारा ही आवारा छोड़ दिया गया है ।सोनू कुमार मुखिया ने अपने पत्र में कहा कि प्रशासन को यह पता लगाना चाहिए कि यह गौवंश किस गौशाला से संबंधित है और उसे खुले में छोड़ने के लिए कौन जिम्मेदार है। उन्होंने मांग की है कि न केवल इस जख्मी गौवंश को तुरंत उपचार सहित नजदीकी गौशाला में स्थानांतरित किया जाए बल्कि संबंधित गौशाला संचालक पर भी वैधानिक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो ।उन्होंने यह भी कहा कि गांव के लोग स्वयं भी अपनी ओर से कई बार प्रयास कर चुके हैं, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण घायल गौवंश को राहत नहीं मिल पाई। गांव के पशुपालकों ने आशंका जताई कि यदि स्थिति जल्द नहीं सुधारी गई तो गांव में अन्य पशुओं के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा सकता है। ग्रामीण द्वारा भेजे गए पत्र के साथ जख्मी गौवंश की स्थिति दशार्ते छायाचित्र भी संलग्न किए गए हैं, ताकि अधिकारियों को वास्तविक स्थिति का आकलन करने में आसानी हो सके। ग्रामीणों ने मंडल आयुक्त संहिता अधिकारियों को पत्र भेजकर निस्तारण की मांग की है।

## युवती को होटल में ले जाकर किया दुष्कर्म, वीडियो वायरल करने की धमकी मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती ने गांव के ही एक युवक पर प्रेम प्रसंग चलते होटल में ले जाकर दुष्कर्म करने और वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। वीडियो का आरोप है कि आरोपी दो वर्ष से लगातार वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म करता आ रहा है। आरोप है कि एक माह पूर्व आरोपी पीड़िता को जबरदस्ती बाइक पर बैठ कर ले गया था और अगले दिन पीड़िता के पिता को एक गांव में बुलाकर पीड़िता के पिता को सौंपते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर कर मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है ।थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी युवती ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया था कि दो वर्ष पूर्व पीड़िता की मुलाकात पड़ोस के ही रहने वाले अनुज पुत्र विनोद से हुई थी। इसी बीच दोनों के बीच प्रेम प्रसंग हो गया। प्रेम प्रसंग के चलते युवक युवती को जनपद बागपत के बड़ौत के एक होटल में ले गया और वहां पर युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के साथ ही वीडियो बना लिया था। आरोप है कि युवक वीडियो वायरल की धमकी देते हुए लगातार पीड़िता के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देता रहा था। गत 13 नवंबर को आरोपी युवक पीड़िता को जबरदस्ती बाइक पर बैठ कर ले गया था और 14 नवंबर को पीड़िता के पिता को क्षेत्र के गांव गंगेरू बुलाकर पीड़िता को सौंप दिया था। आरोप है कि आरोपी युवक ने पीड़िता के पिता को शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र ही आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## कोहरे को देखते हुए वाहन चालकों पर रखे कड़ी निगरानी, एडीएम

### -रिफ्लेक्टिव टेप लगाने का अभियान तेज करने के निर्देश



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) बढ़ते कोहरे और सर्द मौसम में सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को देखते हुए जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों को कड़े निर्देश जारी किए गए। एडीएम ने निर्देशित किया कि जहां-जहां सड़क दुर्घटनाएं अधिक होती हैं, उन ब्लैक स्पॉट्स पर तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही की जाए। विभागीय अधिकारियों ने अब तक किए गए कार्यों की जानकारी एडीएम को बैठक में प्रस्तुत की। एडीएम ने बनत बाईपास/बलवा बाईपास पर प्रस्तावित फ्लाईओवर निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश एनएचएआई को दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में बाईपास निर्माण के बाद सुरक्षा की दृष्टि से लगाई गई बैरियर व सेफ्टी डिवाइस उपयोगी साबित हो रही हैं। जहां आवश्यकता शेष है, वहां भी तुरंत कार्य कराया जाए। बैठक में पानीपत-खटीमा (एनएच-709) तथा मेरठ-करनाल एन-709ए राष्ट्रीय राजमार्गों पर यमुना नदी के सेतु के दोनों ओर मजबूत सुरक्षात्मक जाल लगाए जाने के निर्देश एनएचएआई को दिए गए। एडीएम ने कहा कि कोहरे के समय दुर्घटना रोकथाम के लिए यह कदम अत्यंत जरूरी है। एडीएम ने कोहरे के दृष्टिगत विशेष अभियान चलाकर सभी छोटे-बड़े वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंधेरा और कोहरा बढ़ने पर यही टेप सड़क सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बैठक में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग राजकुमार, सहायक अभियंता दीपेंद्र जायसवाल, एआरटीओ रोहित राजपूत मौजूद रहे।

## दो बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल, गंभीर हालत में रेफर



**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित एलम बाईपास मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत हो गई ।एक बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गए। दुसरी बाइक पर सवार युवक अपनी बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गए। सुचना पर पहुंचे 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। बागपत जनपद के गांव हिलवाड़ी निवासी अभिषेक जैन गांव के अपने दोस्त साहिल के साथ बाइक पर सवार होकर झिंझाना क्षेत्र के कस्बा उन में अपनी बुआ के यहां रिश्तेदारी में गया हुआ था। बुधवार को दोनों युवक बाइक पर सवार होकर वापस अपने गांव हिलवाड़ी जा रहे थे। जैसे ही दोनों बाइक सवार थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित एलम बाईपास मार्ग पर पहुंचे तो विपरीत दिशा से आ रहे हैं बाइक पर सवार युवकों ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। दोनों बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल हो गए और दूसरा बाइक सवार अपनी बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गए। घायलों की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस के कर्मचारियों ने दोनों घायल युवकों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## दो माह से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता दंपति को पुलिस ने किया बरामद



**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता दंपति को पुलिस ने दो माह बाद बरामद कर लिया है। पुलिस ने लिखा पढ़ी करने के बाद दंपती को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। दंपति के मिलने से परिजनों में खुशी की लहर है। परिजनों ने पुलिस का धन्यवाद किया है। थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी सलीम पुत्र वहीद ने दो महीने पहले अपने पुत्र अयूब व पुत्रवधू साजिदा के संदिग्ध परिस्थितियों में ससुराल से वापस आते समय लापता होने की सूचना दर्ज कराई थी। पुलिस ने पीड़ित परिजनों की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर लापता दंपति की तलाश शुरू कर दी थी। बुधवार को पुलिस ने लापता दंपति को जनपद बागपत के बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के गांव खामपुर लोहारी से एक किसान के घर से बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में दंपति ने बताया कि वह ट्रेन से दिल्ली के लिए चले थे और लोनी रेलवे स्टेशन पर उतर गए थे। पैसे न होने के कारण दोनों भूखे प्यासे स्टेशन पर पड़े थे। इसी बीच शिवम पुत्र अजय निवासी खामपुर लोहारी ने मानवता का परिचय देते हुए दोनों को खाना खिलाया था, उसी समय दंपति ने युवक से काम के बारे में बात की तो युवक दोनों को अपने खेत पर कार्य करने की बात की। तभी से दंपति शिवम के घर पर ही रहकर खेती का कार्य कर रहे थे। पुलिस ने लिखा पढ़ी करने के बाद दंपति को पीड़ित परिजनों के सुपुर्द कर दिया। दंपति के मिलने से परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। पीड़ित परिजनों ने पुलिस का धन्यवाद किया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि संदिग्ध परिस्थितियों में लापता दंपति को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

## बीएसएम स्कूल में लायंस मैथ ओलंपियाड परीक्षा में 49 विद्यार्थियों ने लिया भाग



**समाज जागरण**

शामली। शहर के बीएसएम स्कूल में बुधवार को लायंस मैथ ओलंपियाड परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगी माहौल में सम्पन्न हुई इस परीक्षा में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी तर्कशक्ति, गणनात्मक दक्षता और मानसिक कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। बुधवार को विद्यालय के 49 विद्यार्थियों ने इस ओलंपियाड में प्रतिभाग कर अपनी श्रेष्ठ विश्लेषणात्मक एवं तार्किक क्षमता को प्रदर्शित किया। परीक्षा का उद्देश्य बच्चों में समस्या समाधान योग्यता, विश्लेषणात्मक सोच और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को मजबूत करना था। राहुल चौधरी ने कहा कि गणित केवल एक विषय नहीं बल्कि सोचने-समझने और दुनिया को नए दृष्टिकोण से देखने का माध्यम है। मैनेजर छाया सिंह और चेयरमेन सूर्यवीर सिंह ने कहा कि गणित ओलंपियाड बच्चों में जिज्ञासा, तार्किक सोच और विश्लेषण क्षमता को नई दिशा देता है। उन्होंने बताया कि विद्यालय सदैव आधुनिक एवं प्रतिस्पर्धात्मक शिक्षा को प्राथमिकता देता है और छात्र लगातार राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। मौके पर उप प्रधानाचार्या आशु पंडित मौजूद रहे।

## अतिरिक्त क्रियाकलापों पर रोक की मांग को लेकर डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन



**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधन महासभा के पदाधिकारियों ने बुधवार को डीआईओएस कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया तथा अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा को संबोधित ज्ञापन डीआईओएस को सौंपा। ज्ञापन में अशासकीय असहायिक (वित्तविहीन) माध्यमिक विद्यालयों में लगातार बढ़ रहे अतिरिक्त क्रियाकलापों पर रोक लगाने की मांग की गई है। महासभा ने अपने ज्ञापन में बताया कि प्रदेश भर के वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों में प्रतिदिन अनेक आदेश जारी किए जाते हैं, जिनमें विद्यालयों को बोट बनवाना, स्वच्छता पखवाड़ा, नशा मुक्त भारत अभियान, पुस्तक मेला, विभाजन विभीषिका स्मृति कार्यक्रम सहित विभिन्न गतिविधियां कराए जाने के लिए बाध्य किया जा रहा है। पदाधिकारियों का कहना है कि इन गतिविधियों की अधिकता के कारण नियमित पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। माध्यमिक शिक्षा अधिनियम 1921 तथा उच्च न्यायालय एवं सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुसार विद्यालयों में केवल पाठ्य सहगामी क्रियाएं राष्ट्रीय पर्व, वार्षिकोत्सव, खेलकूद एवं स्काउट-गाइड, आयोजित की जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त अन्य पाठ्येतर गतिविधियों को अनिवार्य बनाना नियम व न्यायालयीन दिशा-निदेशों के अनुरूप नहीं है। पदाधिकारियों ने कहा कि प्रवेश तिथि सितंबर तक बढ़ाए जाने, कांवड़ यात्रा के दौरान लंबी छुट्टियां, मौसम संबंधी अवकाश, शीतकालीन अवकाश आदि कारणों से भी सत्र में पढ़ाई का पर्याप्त समय नहीं मिल पाता। साथ ही छात्रवृत्ति, बोर्ड आवेदन, पंजीकरण, यू-डायस, अपार, अर्धवार्षिक व वार्षिक परीक्षाएं, प्री-बोर्ड, खेल प्रतियोगिताएं, रैली एवं विभिन्न परीक्षाओं में विद्यालयों का काफी समय व्यतीत हो जाता है, जिससे पाठ्यक्रम पूरा करना मुश्किल हो रहा है। कहा कि ये विद्यालय केवल शुल्क पर निर्भर हैं और लगातार बढ़ते क्रियाकलापों के चलते छात्र संख्या में गिरावट आ रही है। जनपद के कई विद्यालय बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। महासभा ने चेतावनी दी कि यदि अतिरिक्त गतिविधियों से छूट नहीं दी गई तो वे असहयोग आंदोलन शुरू करेंगे और आवश्यकता पड़ने पर विद्यालय बंद कर न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाएंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष देवेन्द्र राणा, प्रधान महासचिव रामपाल सिंह जांगडा, तरूण भारद्वाज, विनोद मित्तल, विनय कुमार, राजेश शर्मा, मनुज कुमार, पवन कुमार, सुधीर कुमार, रीना, सीमा आदि मौजूद रहे।

## तमंचा लेकर घूम रहे बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**
पुलिस ने गश्त के दौरान एक बदमाश को तमंचे सहित गिरफ्तार करते हुए अभियोग दर्ज करें जेल भेज दिया है। एसपी शामली एनपी सिंह ने जनपद की पुलिस को संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग करने के साथ ही सुरक्षा दृष्टि से क्षेत्र में गश्त करने के निर्देश दे रखे हैं। मंगलवार की रात्रि उपनिरीक्षक




नरेंद्र वर्मा पुलिस टीम के साथ क्षेत्र के कैराना मार्ग पर गश्त कर रहे थे। पुलिस टीम की नजर स्विमिंग पूल के निकट एक संदिग्ध युवक पर पड़ी पुलिस टीम ने जब युवक को रोककर पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी निकट के ही ईंख के खेत में घुस गया। पुलिस टीम ने साहस का परिचय देते हुए घेराबंदी कर आरोपी युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक तमंचा बरामद हुआ पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह क्षेत्र में किसी घटना को देने की फिराक में था पुलिस ने उसके मंसूबों पर पानी फेर दिया और गिरफ्तार कर लिया आरोपी ने अपना नाम रवि पत्र ओम सिंह निवासी ग्राम चढ़ाव बताया। बुधवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी बदमाश को जेल भेज दिया।

## इनर व्हील क्लब शामली द्वारा ऑरेंज द वर्ल्ड कार्यक्रम आयोजित

### -बालिकाओं ने प्रतिभा का किया प्रदर्शन

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) इनर व्हील क्लब शामली द्वारा बुधवार को शहर के हिंदू कन्या इंटर कॉलेज में ऑरेंज द वर्ल्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब अध्यक्ष वीणा अग्रवाल एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या अलका संगल ने दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्ष वीणा अग्रवाल ने बताया कि यह अभियान 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलता है, जिसके अंतर्गत महिलाओं से जुड़े मुद्दों घरेलू हिंसा, छेड़खानी, स्वावलंबन, समलैंगिकता



आदि पर 16 दिनों तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम में बालिकाओं को सरकार द्वारा संचालित टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर, बाल विवाह पर रोक संबंधी कानून एवं सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता, कविता पाठ, स्लोगन प्रस्तुति और वीरांगनाओं पर आधारित संवाद अभिनय प्रस्तुत किए गए। लक्ष्मीबाई की भूमिका का प्रस्तुतीकरण विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। प्रतियोगिताओं में राधिका ने प्रथम, जयश्री ने द्वितीय और नंदिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुल 32 बालिकाओं ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जबकि अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। संस्था द्वारा बालिकाओं को मेरी किताब एवं स्वेटर भी वितरित किए गए। इस अवसर पर रेखा गोयल, प्रिया भट्ट, उषा गोयल, सुनीता, अमित, आर्य, पूजा बंसल उपस्थित रहीं।

## बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप, जागरूकता से ही खत्म होगी यह कुप्रथा

### -बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निदेशों के अनुपालन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बुधवारको हिंदू कन्या इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अभियान जनपद में 27 नवंबर से 8 मार्च 2026 तक चलाया जा रहा है। कार्यक्रम जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुशफेकीन के निर्देशन में आयोजित हुआ, जिसमें बाल विवाह के दुष्परिणाम, कानून और बालिकाओं के अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। महिला कल्याण विभाग की बाल संरक्षण अधिकारी मंजू चौधरी ने बताया कि बाल विवाह न सिर्फ कानूनन अपराध है, बल्कि यह बालिकाओं के शारीरिक विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और मानसिक स्थिति पर गहरा नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि 18



वर्ष से कम आयु की बालिका का विवाह करने पर 2 वर्ष तक का कठोर कारावास या 1 लाख रुपये तक का जुमार्ना, अथवा दोनों का प्रावधान है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाल विवाह में सहयोग करने वाले सभी लोगकृफोटोग्राफर, टेंट हाउस, कैटरिंग स्टाफ, परिवारजन या आयोजक सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होती है। चाइल्ड हेल्पलाइन की केसवर्कर कोमल ने बालिकाओं और महिलाओं के हित में संचालित विभागीय योजनाओं, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, स्पॉन्सरशिप योजना आदिकृकी पात्रता व लाभों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मौजूद सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्टाफ को बाल विवाह न करने और समाज में इसके खिलाफ जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई। मौके पर प्रधानाचार्या अलका संगल, शोभा, किरण, राहुल कुमार मौजूद रहे।

## 17 दिसंबर को जनपद में आयोजित होगा पेंशनर्स दिवस

**समाज जागरण शामली**
शासन के निदेर्शानुसार प्रदेशभर की तरह जनपद शामली में भी आगामी 17 दिसंबर 2025 को पेंशनर्स दिवस आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में वरिष्ठ कोषाधिकारी धीरज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी विभागीय कार्यालयाध्यक्षों को कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पेंशनर्स, पेंशनर्स संगठनों तथा जनपद के सभी कार्यालयाध्यक्षों के साथ यह कार्य क्रम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान पेंशनर्स की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने सभी संबंधितों से समय से उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की है।

## रिश्वत के आरोपी एआईजी व स्टेनो को आज भेजा जायेगा जेल

### -सीओ विजिलेंस आजाद सिंह केंसरी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) एआईजी स्टाम्प व उसके स्टोनों के एक लाख रुपए की रिश्वते लेते हुए रंगे हाथों पकडे जाने के बाद विजिलेंस सीओ आजाद सिंह केंसरी की तहरीर पर थाना आदर्शमंडी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने अधिकारी व कर्मचारियों को जेल भेज दिया। वही बुधवार को रजिस्ट्रार कार्यालय में जहां अफरा तफरी का माहौल देखने को मिला वही सहायक महानिरीक्षक निबंधन सहायक आयुक्त स्टाम्प के कार्यालय में ताला लटका रहा। गत मंगलवार को थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के गांव मुंडेट कला निवासी महेश कुमार तथा उनके भतीजे वरदान की शिकायत पर विजिलेंस मेरठ की टीम ने एआईजी



रविन्द्र मेहता तथा उसके स्टेनो

अश्वनी कुमार को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए मौके से रंगे हाथों दबोच लिया था। एआईजी ने जमीन को आबादी भूमि बताते हुए स्टाम्प हेराफेरी का आरोप लगाते हुए पीड़ित को नोटिस भेजकर रिश्वत का दबाव बनाया था। बुधवार को विजिलेंस सीओ आजाद सिंह केंसरी की तहरीर पर थाना आदर्शमंडी पुलिस ने एआईजी रविन्द्र मेहता तथा स्टेनो अश्वनी कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया है। बुधवार को दोनों अधिकारियों के जेल जाने के बाद सब रजिस्ट्रार कार्यालय में अफरा तफरी का माहौल देखने को मिला। यहां कोई भी कर्मचारी किसी बाहरी व्यक्ति से बात करने से कतरा रहा था। कर्मचारी एक दूसरे से बातचीत करते हुए डर रहे थे, लेकिन इस दौरान बेनामों का कार्य लगातार जारी रहा। वही सहायक महानिरीक्षक निबंधन सहायक आयुक्त स्टाम्प के कार्यालय में ताला लटका रहा।

# बंदरो के हमले से महिला घायल

### ग्रामीणों ने बंदरो को पकड़वाने की मांग की है।

**समाज जागरण चांदीनगर।**

लहचौड़ा गांव में बंदरो के एक झुण्ड ने एक महिला पर हमला बोल घायल कर दिया परिजनों ने महिला को नीजि चिकित्सक के यहा भर्ती कराया है वही ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से बंदरो को पकड़वाने की मांग की है। लहचौड़ा निवासी सुमन पत्नी रामपाल घर की छत पर कार्य कर रही थी तभी बंदरो का एक जुड़ वहा पहुंचा और महिला पर हमला बोल दिया महिला जल्दी से सीढ़ियों से उतरने लगी तभी पैर फिसलने से वह नीचे आ गिरी जिससे महिला को गम्भीर चोट लगी है महिला के परिजनों ने उसे नीजि चिकित्सक के यहा उपचार के लिए भर्ती कराया है उधर ग्रामीणों ने बताया की गांव मे बंदरो का आतंक बना हुआ है बंदर आय दिन लोगो पर हमला बोल घायल करते रहते है ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से बंदरो को पकड़वाने की मांग की है।

# गंदे पानी से निकल कालिज पहुंचने को मजबूर छात्र

### रटौल में नवनिर्माण मार्ग के बनने से बच्चों की पढाई बाधित

**समाज जागरण चांदीनगर।**

रटौल में संत मेरी इन्टर कालिज मार्ग का निर्माण कार्य होना है उसके लिए मार्ग से पुरानी टायल उखाड़ी गयी जिससे वहा जलभराव हो गया है और



बच्चें गंदे पानी से निकलने को मजबूर है। रटौल में संत मेरी इन्टर कालिज मार्ग का निर्माण कस्बें के चौराहे से लेकर पूर्वी यमुना नहर मार्ग तक होना है जिसके लिए 15 दिन पहले मार्ग में लगी पुरानी टायलो को उखाड़ा गया है जिसके चलते मार्ग खुदने से जलभराव हो गया है मार्ग से रोजाना लगभग एक हजार छात्र छात्राओं का मार्ग से आना होता है वही राहगीरों का भी निकलता होता है कालिज जाने के लिए गंदे पानी से होकर छात्र गुजर रहे है जिसके चलते छात्र छात्राओं को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है जिसके चलते अधिकांश छात्र छात्राओं ने स्कूल आना बंद कर दिया है जिससे उनकी पढाई भी प्रभावित हो रही है कस्बें के लोगो ने उच्च अधिकारियों से जल्द मार्ग बनवाने की मांग की है।

# आइडियल पब्लिक स्कूल के सड़क सुरक्षा के राजदूत विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा जागरूकता फैलाने में उपलब्धि हासिल की और मनाया जश्न।

**समाज जागरण नई दिल्ली,**

आइडियल पब्लिक स्कूल के विद्याथीयों को बधाई देने के लिए एक अद्भुत कार्यक्रम आयोजित किया, जिन्होंने यूनाइटेड-वे मुंबई और यूनाइटेड-वे दिल्ली द्वारा सड़क सुरक्षा पर एक अंतर-विद्यालय प्रतियोगिता में तीसरा पुरस्कार हासिल किया। प्रशंसा के प्रतीक के रूप में, विजेता छात्रों को बिल्कुल नई साइकिलें प्रदान की गईं, जिससे उत्सव में बहुत खुशी और गर्व जुड़ गया। विद्यालय के सड़क सुरक्षा राजदूतों ने लगभग 35 अन्य स्कूलों के छात्रों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए आत्मविश्वास और समर्पण के साथ स्कूल का प्रतिनिधित्व किया। उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन ने स्कूल को प्रभावशाली तीसरा स्थान दिलाया, जिसने सड़क सुरक्षा के प्रति उनकी कड़ी मेहनत, जागरूकता और जिम्मेदार दृष्टिकोण को उजागर किया। कार्यक्रम में, केवल उनकी उपलब्धि का जश्न ही नहीं मनाया गया बल्कि सभी छात्रों के बीच मूल्यवान जागरूकता फैलाने में भी मदद की। विद्यार्थियों ने अपनी इस उपलब्धि के लिए डायरेक्टर, प्रिंसिपल और शिक्षकों के मार्ग दर्शन के के लिए धन्यवाद किया। आइडियल पब्लिक स्कूल के सड़क सुरक्षा के राजदूत विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा जागरूकता फैलाने में उपलब्धि हासिल की और मनाया जश्न।*

# साप्ताहिक बाजार लगाने पर दी चेतावनी

**समाज जागरण**

कैराना। बिना अनुमति के खुरगान रोड के निकट साप्ताहिक बाजार लगाने पर पुलिस–प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने भविष्य में साप्ताहिक बाजार लगाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। क्षेत्र के खुरगान रोड के निकट बुधवार के दिन साप्ताहिक बाजार लगाने की शिकायत प्रशासन को मिली थी। इसी के चलते नायब तहसीलदार सतीश कुमार यादव पुलिस को साथ लेकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने बुध बाजार में दुकान लगाने वालों से अनुमति मांगी, तो दुकानदार नहीं दिखा सके। इसके बाद नायब तहसीलदार ने सभी दुकानदारों को चेतावनी दी कि अगले बुधवार को यहां कोई भी दुकान न लगाएं। यदि बिना अनुमति बाजार लगाया गया, तो कार्रवाई की जाएगी।

# प्लाट की घिराई के दौरान मारपीट, युवती घायल

**समाज जागरण झिंझाना।**

क्षेत्र के गांव औदरी में प्लाट की घिराई करने को लेकर घिराई कर रहे लोगों पर गाली गलोच करते हुए लाठी-डंडे से हमला कर दिया। मामले में एक युवती घायल हो गई, जिसको उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया। पीड़ित ने तीन नामजद सहित कुछ अज्ञात आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मंगलवार को क्षेत्र के गांव औदरी निवासी जुबैर पुत्र गय्यूर ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि गांव में हमारी जमीन है जो प्लाट के रूप में खाली पड़ी है।मंगलवार को हम घर वाले प्लाट की चारो ओर नीव बुनियाद भर रहे थे। तभी गांव के ही कय्यूम पुत्र अहमद,रिजवान पुत्र अय्यूब व कौशर पुत्र अहमद व कुछ अज्ञात व्यक्ति अपने हाथो में लोहे की रोड व धारदार हथियार पलकटी व लाठी डंडे आये ओर परिवार वालो के साथ गाली गलौच करते हए कहा कि साले इस जमीन को खाली कर दो यह जमीन हमारी है।जब हमने विरोध किया तो उपरोक्त लोगों ने लाठी डण्डो व धारदार हथियार व लोहे की रोड से हमला कर दिया। हमले में बीच बचाव के लिए आयी मेरी बहन आसमा के सिर में कय्यूम ने लोहे रोड से हमला कर दिया। जिसमें आसमा गम्भीर रूप से घायल होकर नीचे गिर गयी।जिसको उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया जहां से बहन की हालत गम्भीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।कोतवाली प्रभारी विरेन्द्र कसाना ने बताया मामले की सूचना मिली थी घायल को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया वहीं तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# एक दर्जन से अधिक लोगों पर छेड़खानी मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण झिंझाना।**

महिला ने एक दर्जन से अधिक लोगों पर छेड़छाड़ करने और मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई के आदेश दिए थे। पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।चौसाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि उसका पति बाहर काम करता है।घर पर वह बच्चों के साथ अकेली रहती है। तीस नंबर को वह घर पर बच्चों के साथ अकेली घर का काम रही थी।तभी अभय उर्फ गोलू, तुषार,सुभाष, गोविन्द,वंश, मुकुल,अक्षय,रोहित, प्रमोद ,पंकज, नीटू ,अनिल,संदीप निवासीगण गाँव खेडी खुशनाम यह सब लोग अपने हाथो में लाठी डंडे व बन्दूक लेकर आये और लडकी के साथ छेडखानी करते हुए पीड़िता के कपडे फाड़ दिये, जब मेरे लडके ने विरोध किया तो पीड़िता व पीड़िता के लडके के सिर मे डंडा मारकर गम्भीर रुप से घायल कर दिया। पीडिता व पीड़िता के सभी बच्चो को काफी चोटें आयी है। कोतवाली प्रभारी विरेन्द्र कसाना ने बताया मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# आदिकुमार को हुआ विराग,तप कल्याणक महोत्सव मनाया

**समाज जागरण बागपत।**



संस्कारप्रणेता,ज्ञानयोगी,आचार्य श्री 108 सौरभ सागर महाराज के सानिध्य एवं श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर कमेटी बडौत के तत्वावधान में दिगंबर जैन कॉलेज ए फील्ड में पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के चौथे दिन जैन श्रद्धालुओं द्वारा तपकल्याणक महोत्सव मनाया गया। सोधर्म इंद्र सौरभ जैन के नेतृत्व में कुबेर इंद्र सिद्धार्थ जैन,यज्ञनायक प्रभात जैन,ईशान इंद्र राजीव जैन,सनत इंद्र सतीश जैन,महेंद्र इंद्र अशोक जैन,आदि इन्द्रगणों ने भक्ति भाव से आदिनाथ भगवान की प्रतिमा का गर्म प्रासुक जल से अभिषेक किया। इस अवसर पर कुबेर इंद्र द्वारा रत्न वर्षा भी की गई।इसके बाद अष्ट द्रव्यों से विधि विधान पूर्वक आदिनाथ भगवान और चौबीसी भगवान की पूजन की।तत्पश्चात सौरभ जैन मंच कलाकार द्वारा नाटकीय प्रस्तुति के माध्यम से दिखाया गया कि आदिकुमार बाल क्रीड़ा करते हुए बड़े हो रहे है। उनका राज्य अभिषेक हो गया है। सोधर्म इंद्र ने दरबार में नीलांजना नामक अप्सरा को प्रस्तुत किया।लेकिन नृत्य करते करते उसकी मृत्यु हो गई। उसकी मृत्यु को देखकर आदिनाथ भगवान को वैराग्य आ गया। उन्हें एहसास हुआ कि जीवन का कोई भरोसा नहीं है।संन्यास ही मृत्यु से बचने का एकमात्र रास्ता है। तुरंत उन्होंने दीक्षा ग्रहण की और समस्त वैभव को पल भर में ठुकरा दिया और घोर तपस्या की। इस प्रकार आदिनाथ भगवान के तप को दिखाते हुए तप कल्याणक महोत्सव मनाया गया। पंडित हंसमुख राय के निर्देशन में दोपहर में तप कल्याणक की पूजा की गई और हवन किया गया। इस अवसर पर संगीतकार रामकुमार भोपाल ने जैन भजनो की सुंदर प्रस्तुति दी। पंच कल्याणक के मध्य प्रवचन देते हुए आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज ने कहा कि वैराग्य उम्र को नहीं देखता, जिस प्रकार मृत्यु उम्र को नहीं देखती वह बालक हो या वृद्ध युवा हो या प्रौढ़ वहकिसी के पास आने से नहीं हिचकती। उसके आने का कोई समय निश्चित नहीं है। इसी प्रकार सन्यास के उत्पन्न होने का भी कोई समय निश्चित नहीं हैं। बस- जहाँ सत्य के प्रति जागृत हो जाये प्यास, समझो वहीं उत्पन्न हो जाये सन्यास। जहाँ संसार के स्वरूप का बोध होनेलगता है, सांसारिक वस्तु की व्यर्थता का अनुभव होने लगता है। तब शरीर को शमशान की राख न बनाकर ,साधना के माध्यम से जीवन को खरा बनाने का भाव उत्पन्न होने लगता है। उसी समय जीवन की सार्थकता को प्रगट करने का भाव उत्पन्न होता है और व्यक्ति कर्मों के क्षय करने के लिए साधना को स्वीकार कर लेता है। विषय भोगों के प्रति उदासीन हो जाता है।और पतन से उत्थान की यात्रा प्रारंभ कर देता है। रात्रि में आरती हुई एवं तप कल्याणक की प्रस्तुति नृत्य नाटिका के माध्यम से की गई।कार्यक्रम में श्री मुनिसुव्रतनाथ मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पंकज जैन,सचिव अजय जैन काले ,राजकुमार जैन,पवन जैन,कमल जैन,पुनीत जैन,प्रवीण जैन,प्रदीप जैन,आदिश जैन,अरविंद जैन मुन्ना,सुनील जैन,अनिल जैन,दिनेशजैन,मुकेश जैन,आकाश जैन,राकेश जैन,मनोज जैन,नितिन जैन,सचिन जैन,अमित जैन,संजय जैन, मनोज जैन,सतीश जैन आदि उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि 11 दिसंबर को केवलज्ञान कल्याणक और 12 दिसंबर को मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

# आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प से मिलती हैं सफलता: एसपी

### - बिनौली के न्यू एरा वर्ल्ड स्कूल में हुई कैरियर कार्यशाला

**समाज जागरण बिनौली।**

बिनौली के न्यू एरा वर्ल्ड स्कूल में बुधवार को कैरियर कार्यशाला हुई। जिसमें एसपी बागपत सूरज कुमार राय विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त करने के टिप्स दिए। कार्यशाला का शुभारंभ एसपी ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रवजलित कर किया। उन्होंने बताया विद्यार्थी आत्म विश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ अपना लक्ष्य निर्धारित करें, और हर रोज सोने से पहले अपने लक्ष्य के बारें में सोचें, ऐसा करने से आपके अंदर सकारात्मक सोच और उस लक्ष्य को हासिल करने का जनून पैदा होगा। जिससे निर्धारित किये गये लक्ष्य की राह में आने वाली कठनाई भी आपका कुछ नही बिगाड़ सकती। विद्यार्थियों को हर समय अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहिये और उन्हें प्राप्त करने के लिये नियमित रुप



से महनत करते रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों के पुलिस कार्य संबंधी प्रश्नों के उत्तर भी दिये साथ ही उन्हें साइबर अपराधों के प्रति जागरुक करते हुये बताया कि डिजिटल युग में जागरूकता ही सुरक्षा हैं। सोशल मीडिया या ऑनलाइन प्लेटफार्मों पर अपनी निजी जानकारी किसी से साझा न करें, साईबर क्राईम का शिकार होने पर इसकी सूचना तुरंत साईबर हेल्प लाईन नंम्बर 1930 और पुलिस को दें। कार्यशाला में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव तोमर ने भी विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने की जानकारी दी। कार्यशाला में चेयरमैन यतेश चौधरी, डायरेक्टर डॉ. शिवानी चौधरी, प्रधानाचार्या मीनू सिरोही, समाजसेवी रविंद्र हट्टी, अनुभव पुनिया, निकिता, प्रियांशी हुड्डा, वसीम, जावेद, अर्चित, दीप्ती आदि उपस्थित रहे।

# 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत

### हजारों लंबित और प्री-लिटिगेशन मामलों का होगा निस्तारण

**समाज जागरण बागपत।**

13 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बागपत द्वारा इसकी जानकारी दी गई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शबिस्ता आकिल ने इस संबंध में एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की। शबिस्ता आकिल ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जनपद के सभी न्यायालयों में एक साथ लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों के लंबित विवादों को आपसी सहमति से, शीघ्र, सरल और कम खर्च में निपटाना है। प्राधिकरण के अनुसार, इस लोक अदालत में दीवानी और आपराधिक प्रकृति के विभिन्न मामलों का निपटारा किया जाएगा। इनमें बैंक वसूली, चेक बाउंस (धारा 138 एनआई एक्ट), मोटर दुर्घटना दावा (MACT), धन उधारी, श्रम विवाद, बिजली विवाद और उपभोक्ता विवाद शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, पारिवारिक एवं वैवाहिक मामले (सहमति से निस्तारण योग्य), भरण-पोषण, किरायेदारी विवाद, बंटवारा, सीमा, दीवार व वृक्ष संबंधी विवाद, तथा सरकारी अनुबंधों व देयों से जुड़े मामलों पर भी सुनवाई होगी। विभिन्न विभागों के प्री-लिटिगेशन मामलों को भी लोक अदालत के माध्यम से निपटाया जाएगा। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने लोक अदालत में निस्तारण के लाभ बताए। उन्होंने कहा कि आपसी सहमति से समाधान होने पर निर्णय अंतिम होता है और उसके खिलाफ कोई अपील नहीं की जा सकती। इससे पक्षकारों का समय, धन और ऊर्जा तीनों की बचत होती है, साथ ही विवाद सौहार्दपूर्ण तरीके से समाप्त होने से आपसी संबंध भी मधुर बने रहते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्याय दिवसों पर भी आम जनता को दीवानी और आपराधिक प्रकृति के मामलों में निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करता है। जरूरतमंद, महिलाएं, वृद्धजन और दिव्यांग इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। प्राधिकरण ने विश्वास व्यक्त किया कि लोक अदालत के आयोजन से जनपद में न्यायिक कार्यों में गति आएगी और जनता को समयबद्ध न्याय दिलाने का लक्ष्य और मजबूत होगा। जिला जज मनोज कुमार ने लोगों से अपील की है कि वे लोक अदालत में पहुंचकर अपने मामलों का निस्तारण कराएं।

# बूथों पर मतदाता सूची के बारे में दी जानकारी

**समाज जागरण**

कैराना। विधानसभा क्षेत्र के समस्त 325 बूथों पर तैनात रहकर बीएलओ ने मतदाता सूची के बारे में मतदाताओं एवं राजनितिक दलों से जुड़े लोगों को जानकारी दी।

बुधवार सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक विधानसभा क्षेत्र के समस्त बूथों पर बीएलओ तैनात रहे। इस दौरान राजनितिक दलों से जुड़े लोग भी बूथों पर पहुंचे। इस दौरान एसआईआर में जिन मतदाताओं की मृत्यु हो गई अथवा जिनकी दो वोट होने के कारण काटी



गई और जो मतदाता दूसरे शहरों में जाकर रहने लगे, उन सभी के बारे में जानकारी दी गई।

# केन्द्र प्रभारी धान की तत्काल डिलीवरी सुनिश्चित करायें: देवेंद्र कुमार सिंह

### एडीसीओ सदर ने राबर्टसगंज तहसील के धान क्रय केन्द्रो का किया निरीक्षण

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जनपद मे सहकारिता विभाग के धान क्रय केन्द्रो पर धान खरीद मे तेजी आई है परंतु डिलीवरी की गति धीमी होने से समितियो के गोदाम भर चुके है या भरने के करीब हैं। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर एडीसीओ सदर अवधेशसिंह ने बुधवार को तहसील राबर्टसगंज अंतर्गत कई धान क्रय केंद्रो का भ्रमण किया। अरौली धान क्रय केंद्र पर 3140 कुंटल धानखरीद पाई गई तथा 600 कुंटल धान की डिलीवरी भी हो चुकी है।एडीसीओ ने केन्द्र प्रभारी राहुल सिंह को निर्देशित किया कि इसी तरह प्रयास करके आगे भी धान की डिलीवरी करायें ताकि खरीद मे कोई अड़चन न आये। आमडीह बीपैक्स मे 23 किसानो से 1879.60 कुंटल खरीद पाई गई।केन्द्र प्रभारी विजयशंकर सिंह ने अवगत कराया कि मिलर से बात हुई है तथा गुरूवार से डिलीवरी शुरू होगी। नई बाजार संघ पर 2300 कुंटल से अधिक खरीद पाई गई ।यहाँ भी प्रभारी नितिन पटेल द्वारा गुरूवार से डिलीवरी आरम्भ होने की बात बताई गई। विरधी बीपैक्स मे केन्द्र प्रभारी संतोष पटेल द्वारा बताया गया कि 30 किसानो से 2136 कुंटल धान खरीदा गया है परंतु चार मिलो के आनलाईन जुड़े होने के बावजूद सिर्फ एक मिल से ही अनुबंध कराये जाने के कारण डिलीवरी नही हो सकी है।समिति पर डिलीवरी हेतु एक ट्रक भी खड़ा पाया गया पर केन्द्र प्रभारी द्वारा बताया गया कि जब तक चारों मिलरो से केन्द्र का अनुबंध नही होता , तबतक डिलीवरी देना संभव नही है। एडीसीओ सदर ने केन्द्र प्रभारी को आगाह किया कि डिलीवरी न देने से किसी भी नुकसान या कार्यवाई की दशा केन्द्र प्रभारी का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा। एडीसीओ सदर ने सभी केन्द्र प्रभारियो को मिल से तत्काल अनुबंध कराने के निर्देश दिए ताकि डिलीवरी और धान खरीद मे कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह ने जनपद के सभी क्रय केन्द्र प्रभारियो को निर्देशित किया है कि खरीदे गये धान की डिलीवरी भी नियमित रूप से करानी सुनिश्चित करें ताकि धान खरीद का कार्य सुचारू चलता रहे। सहायक आयुक्त ने यह भी कहा कि सभी केन्द्र प्रभारी शासन की क्रय नीति का अनुपालन करते हुए मानक के अनुरूप धान खरीदना सुनिश्चित करें।

# बाबूराम उपाध्याय के नेतृत्व में होने वाली स्वाभिमान रैली को सफल बनाने को लेकर चर्चा

**समाज जागरण छपरौली।**

क्षेत्र के गाँव शेरपुर लुहार में उपाध्याय समाज के द्वारा आयोजित सभा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के मौखिक डीएनटी प्रस्ताव एवं 14 दिसम्बर को शामली में बाबूराम उपाध्याय के नेतृत्व में होने वाली स्वाभिमान रैली में उपस्थित दर्ज कराने पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अखिल भारतीय योगी नाथ उपाध्याय समाज संगठन की महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी संजोग उपाध्याय ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने उपाध्याय योगी समाज को भविष्य में गठित डीएनटी में शामिल करने का जो मौखिक प्रस्ताव दिया है; वह उपाध्याय समाज के लिए अच्छा संदेश है। मुख्यमंत्री के इस वक्तव्य पर उत्साहित अखिल भारतीय योगी नाथ उपाध्याय समाज संगठन शामली में बाबूराम उपाध्याय के नेतृत्व में 14 दिसम्बर को स्वाभिमान रैली आयोजित कर रहा है। स्वाभिमान रैली को सफल बनाने का आह्वान करते हुए योगी संजोग उपाध्याय ने बताया कि स्वाभिमान रैली समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण, स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री असीम अरुण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उपाध्याय समाज शेरपुर लुहार के द्वारा सम्मानित अतिथियों को फूल-मालायें व पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। सभा की अध्यक्षता ओमपाल उपाध्याय और संचालन अरविन्द कुमार उपाध्याय नांगल ने किया। इस अवसर पर संगीता देवी, जिलाध्यक्ष शामली, प्रिया शर्मा, बबीता, पूनम, गुड्डी, सुमित कुमार उपाध्याय, मुल्कराज उपाध्याय, संजीव कुमार उपाध्याय, चन्द्रपाल, रामकुमार, रणधोल, रामकरण, जय भगवान, सुधीर, सचिन, यशपाल, सुनील, देव, कृष्ण आदि उपस्थित रहे।

# मजदूर महिला ने एसपी कार्यालय में दर्ज कराई शिकायत

### दबंगों पर जबरन वसूली और धमकी देने का आरोप

**समाज जागरण बागपत।**

चांदीनगर थाना क्षेत्र के गौना गांव की निवासी समीना नामक महिला ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने आरोप लगाया है कि गांव के कुछ दबंग लोग उससे जबरन महीना वसूली कर रहे हैं और उसे व उसके बच्चों को लगातार धमकियां दे रहे हैं। समीना ने अपनी शिकायत में बताया कि वह एक गरीब मजदूर परिवार से है और अपने बच्चों के साथ एक भट्टे पर मजदूरी करके जीवन यापन करती है। उसके अनुसार, गांव के कुछ प्रभावशाली लोग लंबे समय से उससे जबरन पैसे वसूल रहे हैं। इन लोगों की धमकियों और वसूली के कारण उसके परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। पीड़िता ने यह भी बताया कि उसने इस उत्पीड़न के संबंध में पहले भी कई बार स्थानीय पुलिस से शिकायत की थी। हालांकि, उसकी शिकायतों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसके विपरीत, शिकायत करने के बाद दबंगों का हौसला बढ़ गया और उन्होंने समीना व उसके बच्चों को और अधिक धमकाना शुरू कर दिया। हालात बेकाबू होने पर समीना अपने बच्चों के साथ एसपी कार्यालय पहुंची। उसने एक लिखित शिकायत पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। समीना ने पुलिस प्रशासन से अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा दबंगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने महिला की शिकायत प्राप्त कर ली है। उन्होंने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# ट्रक सौदे में ठगी का आरोप

### पीड़ित ने एसपी कार्यालय में शिकायत की

**समाज जागरण बागपत।**

चांदीनगर थाना क्षेत्र के गोंडा गांव निवासी गुलफाम ने एसपी कार्यालय में धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि दो ट्रकों के सौदे में उनके साथ ठगी हुई है, जिससे उन्हें पैसे और एक गाड़ी दोनों का नुकसान हुआ है। गुलफाम के अनुसार, उनकी अशोक लीलैंड गाड़ी (रजिस्ट्रेशन नंबर UP17 BT 1928) को पहले एचडीबी फाइनेंस ने किश्त जमा न होने के कारण जब्त कर लिया था। बाद में इस गाड़ी को जावेद डीलर ने खरीदा था। गुलफाम ने बताया कि 25 अप्रैल 2025 को उन्होंने दो मिस्त्री के साथ मिलकर जावेद डीलर से वही अशोक लीलैंड गाड़ी 9 लाख रुपये में खरीदी थी। इस सौदे में तीनों ने बराबर-बराबर पैसा लगाया था। कुछ समय बाद गाड़ी को लेकर तीनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर बदरू और इमरान ने गुलफाम को प्रस्ताव दिया कि वह अपनी दूसरी गाड़ी (टाटा 17 फुट, रजिस्ट्रेशन नंबर UP17 BT 0691) उन्हें दे दें। इसके बदले में गुलफाम को उसके हिस्से के पैसे और अशोक लीलैंड गाड़ी (UP17 BT 1928) वापस मिल जाएगी। इस प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए गुलफाम ने 1 जुलाई 2025 को अपनी टाटा 17 फुट गाड़ी बदरू मिस्त्री को 7,40,000 रुपये में बेच दी। यह तय हुआ था कि अशोक लीलैंड गाड़ी (UP17 BT 1928) गुलफाम की हो जाएगी। हालांकि, गुलफाम का आरोप है कि बदरू और इमरान ने न तो उन्हें उनके हिस्से के पैसे लौटाए और न ही अशोक लीलैंड गाड़ी वापस की। 5 अक्टूबर 2025 को गुलफाम अपने भाई इरफान के साथ गौना अंडरपास पर समझौते के लिए पहुंचे थे। वहां बदरू और इमरान ने कथित तौर पर गाली-गलौज करते हुए धमकी दी कि उन्हें न तो गाड़ी मिलेगी और न ही पैसे। दोबारा मांगने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़ित गुलफाम ने एसपी कार्यालय में इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। एसपी सूरज कुमार राय ने शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# जिला स्तरीय समीक्षा समिति/जिला सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

### अनावश्यक तरीके से लाभार्थियों को परेशान करने वाले बैंकर्स के विरुद्ध उच्च स्तर पर किया जायेगा पत्राचार- जिलाधिकारी

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में बैंकों की जिला स्तरीय समीक्षा समिति/जिला सलाहकार समिति की बैठक की, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जो बैंकर्स जनमानस की सुविधा के अनुसार काम नहीं कर रहें हैं, केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से सम्बन्धित पत्रावलियों का समय से निस्तारण नहीं कर रहे हैं और अनावश्यक तरीके से लाभार्थियों को परेशान कर रहे हैं, ऐसे बैंकर्स के विरूद्ध उच्च स्तर पर पत्राचार किया जायें। उन्होंने जनपद में बैंक ऋण जमा अनुपात की समीक्षा की तो समीक्षा में ऋण जमा अनुपात की प्रगति धीमी पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित बैंकर्स के विरूद्ध उच्च स्तर पर पत्राचार हेतु लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किये। जो बैंकर्स विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं से सम्बन्धित पत्रावलियों का ससमय निस्तारण सुनिश्चित नहीं कर रहे हैं और जनमानस को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभ नहीं मिल पा रहा है, ऐसे बैंकर्स अपने कार्यपद्धति में सुधार लायें, इस दौरान जिलाधिकारी ने एन0आर0एल0एम0 समूह के महिलाओं के खाता खोलने, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पी0एम0 स्वनिधि योजना के प्रगति की समीक्षा की तो यह तथ्य संज्ञान में आया कि पत्रावलियों का निस्तारण समय से नहीं किया जा रहा है, उन्होंने पत्रावलियों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधान मंत्री सुरक्षा फसल बीमा योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैण्डअप इण्डिया, सामाजिक सुरक्षा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री नाबार्ड द्वारा प्री-पोटेन्शियल लिंक्ड प्लान, वित्तीय परामर्श केन्द्रों की प्रगति, आरसेटी द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम, एक जनपद-एक उत्पाद, कर्ज वसूली, किसान क्रेडिट कार्ड, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ऋण वसूली की बिन्दुवार समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि बैंकर्स रोजगार परक योजनाओं में सहयोग करते हुए स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने हेतु पत्रावलियों का ससमय निस्तारण सुनिश्चित करें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, अपर जिला सूचना अधिकारी श्री विनय कुमार सिंह, मुख्य पशु चिकितधिकारी डॉ0 अजय मिश्रा, एल0डी0एम0 शाल्वे बागे सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# थाना ओबरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता–नाबालिक अपहृता को 24 घण्टे के अंदर सकुशल किया बरामद

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देशन में श्रीमान् क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया के नेतृत्व में थाना ओबरा पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए मु0अ0सं0 280/25, धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता (BNS) से संबंधित नाबालिक अपहृता को सकुशल बरामद किया गया है। प्रकरण- परिजनों द्वारा अपहृता के संबंध में तहरीर थाना ओबरा में प्राप्त हुई थी, जिसके आधार पर मु0अ0सं0 280/25, धारा 137(2)BNS का अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जाँच प्रारंभ की और तकनीकी सर्विलांस, मुखबिर सूचना एवं सतत प्रयासों के माध्यम से नाबालिक को सुरक्षित बरामद कर लिया।

बरामदगी के उपरांत नाबालिका का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया तथा विधिक प्रक्रिया के अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। थाना ओबरा पुलिस की इस संवेदनशील एवं त्वरित कार्रवाई की सराहना क्षेत्रीय जनता और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जा रही है।

पुलिस का संकल्प है–हर पीड़ित को शीघ्र न्याय और सुरक्षा प्रदान करना है।

# संस्था द्वारा जारी 41 दिवसीय गीता जयंती महोत्सव का प्रभात फेरी के साथ समापन

**- विद्यालय के 700 विद्यार्थियों ने महा ग्रन्थ गीता को दिया सम्मान**
**- गीता को जीवन में उतार कर देखें मिलेगा हर समस्या का समाधानः सावित्री यादव**
**- गीता हर व्यक्ति के लिए है मार्गदर्शकः भारद्वाज**




**समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। सदाचारी शिक्षा समिति एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति द्वारा आयोजित 41 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का समापन गुरुवार को भव्य प्रभात फेरी और संकल्प समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर विवेकानंद हाई स्कूल के लगभग 700 विद्यार्थियों ने गीता ग्रंथ को नमन करते हुए मार्गों पर शांति, सद्भाव और ज्ञान का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने हाथों में पोस्टर और बैनर लेकर समाज में गीता के प्रचार-प्रसार का आह्वान किया।

महोत्सव के दौरान बीते 41 दिनों में गीता श्लोक ट्रेनर विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों ने घर-घर, विद्यालयों, सोशल मीडिया और विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रमों के माध्यम से गीता का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। इस अवधि में चेतना रैली, सेमिनार, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, नाटक तथा अष्टादश गीता श्लोक उच्चारण जैसे अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम संयोजक, भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज तथा विवेकानंद हाई स्कूल की निदेशक सावित्री यादव ने बताया कि विद्यार्थियों को लगातार 41 दिनों तक गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज के मार्गदर्शन में गीता अध्ययन से जोड़ा गया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को न केवल गीता के श्लोक सिखाए गए, बल्कि उसके जीवनोपयोगी संदेशों को भी समझाया गया।

सावित्री यादव ने कहा कि यदि गीता के सिद्धांतों को जीवन में उतार लिया जाए तो जीवन की हर समस्या का समाधान सहज रूप से मिल सकता है। वहीं अशोक भारद्वाज ने कहा कि गीता हर व्यक्ति के लिए मार्गदर्शक है और विद्यार्थी जीवन में चरित्र, अनुशासन और कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

संस्थाओं का लक्ष्य है कि हर घर गीता से जुड़े और समाज में नैतिक मूल्यों, सकारात्मक सोच तथा आध्यात्मिक चेतना का विस्तार हो। 41 दिवसीय यह अभियान इसी उद्देश्य को समर्पित रहा, जिसका समापन आज संकल्प के साथ किया गया।

# गोकलपुरा गांव के दादा भौमिया मंदिर प्रांगण में ग्राम सभा का आयोजन किया गया

**ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि या तो हमारी उपरोक्त मांगों को माना जाए या फिर हमारी जमीन को खाली किया जाए**

**समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 10 दिसंबर । बहल कस्बे के निकटवर्ती गांव गोकलपुरा के दादा भौमिया मंदिर प्रांगण में ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के द्वारा गांव के मकडाणा जोहड़ में बनाए गए पोषक अनाज अनुसंधान केंद्र में लगने वाली नौकरियों के बारे में सभा में मौजूद ग्रामीणों ने आपसी विचार विमर्श और गहन चिंतन के बाद इस नतीजे पर पहुंचे की केंद्र में लगने वाली तमाम तरह की नौकरियों में केवल और केवल गांव के पढ़े-लिखे युवाओं को भर्ती किया जाए और कम पढ़े लिखे युवाओं को ग्रुप डी के जितने भी पद हैं उन पर भी गांव के युवाओं को ही भर्ती किया जाए और केंद्र के अंदर यदि मजदूरों



की जरूरत पड़े तो गांव के जरूरतमंद आदमियों को मजदूरी पर रखा जाऐ और यदि केंद्र को ट्रैक्टर ट्राली ट्रैक्टर से संबंधित कोई कार्य थ्रेसर फसल निकालने की बड़ी मशीन कंबाइन इत्यादि संसाधनों की जरूरत हो तो गांव के जिन लोगों के पास उपरोक्त संसाधन है उन किसानों से किराया पर लिया जाए तथा एक अहम बात और यह है कि गांव के सभी किसानों को खरीफ और रवि दोनों फसलों का बीज बिना पैसे लिए फ्री में उपलब्ध करवाया जाए क्योंकि ग्राम पंचायत ने जो जमीन केंद्र को किराए पर दी है वह बेशकीमती जमीन है वह जमीन हार्ट आफ विलेज है गांव का हेरिटेज है यहां यह बताना अति आवश्यक है कि उपरोक्त भूमि कोड्ट1 प्रति एकड़ एक वर्ष के लिए किराए पर दे रखा है यानी की 64 एकड़ जमीन और 64 रुपया और एक साल का किराया है ।इस भूमि के सामने इस दुनिया की तमाम दौलत बेमाने है और बौनी नजर आती है ग्रामीणों ने सरकार से मांग है कि या तो हमारी उपरोक्त मांगों को माना जाए या फिर हमारी जमीन को खाली करे। अन्यथा हम पट्टानामा रद्द करवाने के लिए माननीय पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट की शरण में जाएंगे और माननीय हाई कोर्ट से मांग करेंगे कि या तो हमारी मांगों को लागू करवाया जाए या फिर पट्टानामा रद्द करके जमीन वापस ग्राम पंचायत को सौंपा जाए उपरोक्त बातों को लेकर हम सोमवार को माननीय उपायुक्त महोदय द्वारा लगाए जाने वाले समाधान शिविर में अपनी समस्या का एक पत्र सौंपेंगे ताकि उपायुक्त महोदय हमारी बात को माननीय मुख्यमंत्री तक पहुंचा कर हमारी समस्या का समाधान करवा सकें

# यातायात के नियमों की धज्जियां उड़ानें वाले वाहन धारकों को एकबार नसीहत का पाठ व दूसरी बार चालान काट हाथ में : थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संजय कुमार

**अभियान के बाद से वाहनों के नियम को ताक पर रखकर काली फिल्म व काले जालीदार सीसा कवर चस्पा करवाने के शौकीन, अब नहीं आएंगे नजर**

**समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल,10 दिसंबर। यातायात के नियमों की धज्जियां उड़ानें वाले वाहन धारकों को एकबार नसीहत का पाठ व दूसरी बार चालान काट हाथ में थमा दे रहे थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संजय कुमार की क्षेत्र भर में इन दिनों सराहना हर गांव के नुक्कड़, दुकान व बाजारों में सुनी जा रही है। थाना प्रभारी की कार्रवाई से आमलोग खुश नजर आ रहे हैं वहीं कस्बे के मुख्य बाजार व सड़क मार्ग पर यातायात की व्यवस्था को लेकर थानेदार की वाह वाही आम सुनी जा सकती हैं। पुलिस का पहरा लोगों में एक लंबे अरसे बाद चुस्त व दुरुस्त और नशेड़ियों पर खिंचते शिकंजे की चर्चा भी सुनाई पड़ रही है। अमिताभ बच्चन की फिल्म



शहंशाह का डाइलोग सुनसान रातों में एक मसीहा निकलता है, जिसे लोग शहंशाह कहते हैं। यह डाइलोग बहल के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संजय कुमार पर सटीक बैठता है। दिन का उजियारा हो या रात अंधेरा वह सड़क व चौक चौराहों पर खड़े ही मिलते हैं। इस अभियान के बाद से वाहनों पर नियम ताक पर रखकर काली फिल्म व काले जालीदार सीसा कवर चस्पा करवाने के शौकीन, ओवरलोडिंग व्हीकल से पेश आती दिक्कत व दिन भर के ट्रैफीक जाम अब बहुत कम दिखाई पड़ने लगे हैं। ओवरलोडिंग वाहन धारक रात के अंधेरे के कम यातायात की स्थिति में गुजरते हैं या उन्होंने रास्ते बदल दिए हैं। काली फिल्म लगी गाड़ियां अब बिरले ही दिखाई देती है यानी 50 से 60 फीसदी वाहन धारकों का शौक उतर चुका है और नो पार्किंग जोन में गाड़ियों का खड़ा होना भी पुलिस की व्यवस्था का हिस्सा बन गया है। राजस्थान सीमा पर लगे पुलिस नाके भी मुस्तैद दिखाई देते हैं और यातायात के नियमों की पालना में दिन-रात चेकिंग अभियान चलता रहता है। हरियाणा सीमा में काली फिल्म लगी गाड़ी का प्रवेश लगभग निषेध सा लगता है। क्षेत्र में अमन शांति और पुलिस की सतर्कता लोगों की जुबानी सुनी जा रही है। भीड़ भाड़ वाले इलाकों में कालेज व स्कूल के रास्तों पर पुलिस राइडर व सिविल ड्रेस पुलिस किसी भी मनचले, नशेड़ी व अपराध की मुश्किल बन चुकी है। इस संबंध में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संजय कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया की वह कोई अलग और खास नहीं कर रहे हैं पुलिस की कार्रवाई कानून व्यवस्था बनाना ही है। यातायात के नियमों को व्यवस्थित करना प्राथमिकता होती है। जैसे-जैसे लोगों से जैसी दिक्कत की जानकारी मिली वैसी व्यवस्था पुलिस ने की है। जिला पुलिस अधीक्षक के आदेशों की पालना की जा रही है। नशे के फैलते जाल को तोड़ना समय की जरूरत है और पुलिस का कर्तव्य। उन्होंने कहा कि लोगों का सहयोग भी पुलिस को मिल रहा है जो उनके मनोबल को बढ़ाता है और व्यवस्थाओं को चुस्त करना उनकी भी पहली प्राथमिकता है।

फोटो कैप्शन बहल के बाजार में पिकअप गाड़ी से काली फिल्म उतरवाते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संजय कुमार व पुलिस।

# मानव अधिकार दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत बहल के पंचायत भवन में कानूनी जागरुकता शिविर का किया गया आयोजन

**समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल,10 दिसंबर। उपमंडल विधिक सेवा प्राधिकरण लोहारू द्वारा जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार के निदेर्शानुसार व उप मंडल कानूनी सेवा समिति लोहारू के अध्यक्ष एवं उपमंडल न्यायिक दंडाधिकारी देवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में बुधवार को मानव अधिकार दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत बहल के पंचायत भवन में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप में पैनल अधिवक्ता रामनिवास ने कैंप में उपस्थित लोगों को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मानवाधिकार व उनकी आवश्यकता, मानवाधिकार दिवस बनाए जाने का कारण, उपयोगिता एवं महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया एवं जागरूक किया। कैंप में यूएनओ द्वारा उद्घोषित मानवाधिकार, राष्ट्रीय व राज्य मानवाधिकार आयोग के बारे में जानकारी दी। उपमंडल विधिक सेवा प्राधिकरण लोहारू व नालसा द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में तथा लोगों को मिलने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर मास्टर नरेश सांखला, आदित्य आर्य, विकास बागड़ी, हरिकिशन वर्मा, मनीष कुमार, कुलदीप शर्मा, बंसी, संजय सोनी, मास्टर प्रेम कुमार, विनोद चावला,आशुतोष आदि मौजूद रहे।



**बहल के पंचायत घर में मानव आयोग अधिकार से संबंधित जानकारी देते हुए अधिवक्ता रामनिवास सैनी व अन्य।**

# आल इंडिया फुटबॉल टूनार्मेंट के चौथे दिन गोला की टीमों का दबदबा, दोनों मैचों में शानदार जीत

**समाज जागरण**

लखीमपुर खीरी। स्वर्गीय राजेंद्र गिरी स्मारक स्टेडियम में स्वर्गीय अरविन्द गिरी की स्मृति में आयोजित आल इंडिया फुटबॉल टूनार्मेंट के चौथे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। दिन का पहला मैच गोला स्टेडियम गोला और



सीवान विहार के बीच खेला गया, जिसमें गोला स्टेडियम की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 1-0 से जीत दर्ज की। इस मैच के विशेष अतिथि अजीत तिवारी (प्रबंधक, बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल लिमिटेड गोला) एवं सी.एस. बघेल (रिटायर्ड कर्नल एवं सिक्योरिटी इंचार्ज, गोला चीनी मिल) रहे।

**दूसरे मैच में गोला की शानदार जीत**

दिन का दूसरा मुकाबला बलिया एफसी बलिया और एसके स्पोर्टिंग क्लब गोला के बीच हुआ। इस मैच में गोला की टीम का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला और उन्होंने 4-0 से एकतरफा जीत अपने नाम की। मैच प्रारम्भ करने से पूर्व अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

# हिन्दू संगठनों का प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन।

**राधा स्वामी मंदिर में अवैध निर्माण पर उठाई आपत्ति, ज्ञापन सौपा।**

**समाज जागरण**

लखीमपुर खीरी। खीरी के राधा स्वामी मंदिर परिसर में विशेष समुदाय द्वारा कराए जा रहे निर्माण को लेकर हिन्दू संगठनों ने बुधवार को जमकर प्रदर्शन किया। विपिन मिश्रा और राम पांडेय के नेतृत्व में नगर और संगठन प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की मांग की।हिन्दू संगठनों का आरोप है कि लखीमपुर शहर में श्री राधा कृष्ण स्वामी मंदिर प्रांगण में विशेष समुदाय द्वारा कराये जा रहे अवैध निर्माण, छोटी काशी गोला कारिडोर मुख्यद्वार के निकट मुख्य चौराहे पर अतिक्रमण कर बनी अवैध मजार, पलिया में मालगोदाम स्थित हनुमान मंदिर के निकट अवैध कब्जे सहित अन्य धार्मिक सरकारी जमीनों पर हो रहे अवैध कब्जे को ध्वस्त कराने की मांग जिलाधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से की प्रदर्शनकारियों के अनुसार, यह ढांचा सड़क के अत्यधिक निकट होने के कारण भविष्य में यातायात और भीड़भाड़ के समय विवाद की स्थिति उत्पन्न कर सकता है। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि गोला क्षेत्र में कुछ धार्मिक और सार्वजनिक उपयोग की जमीनों, विशेषकर तालाबों पर अवैध कब्जे और उनकी बिक्री की शिकायतें मिल रही हैं। संगठनों ने इन मामलों में भी प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की।



हिंदू संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि संबंधित निर्माण और कथित अतिक्रमणों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे एक बड़े जन आंदोलन की रणनीति बनाने के लिए बाध्य होंगे। राम पांडेय ने कहा कि खीरी स्थित श्री राधाकृष्ण स्वामी मंदिर के प्रांगण में विशेष समुदाय द्वारा अवैध कब्जा कर निर्माण कराया जा रहा है जिसे प्रशासन जल्द ध्वस्त कराये अन्यथा हिन्दू समाज विवश होकर स्वयं तोड़ने के लिए बाध्य होगा, इसकी जिम्मेदारी प्रसासन की होंगी।इसके अलावा पलिया मालगोदाम स्थित हनुमान मंदिर के निकट विशेष समुदाय द्वारा अवैध कब्जा किया गया है उसे भी प्रशासन कब्जा मुक्त कराकर कब्जा करने वालों पर कठोर कार्यवायी करे। कार्यक्रम में शिवम सहगल, सूर्यमणि मिश्रा, विनोद गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, लवकुश कश्यप, राजकुमार राठौर, नितिन सैनी, ब्रजेश मिश्रा, अवधेश मिश्रा, दीपक कश्यप, लाडी, सर्वजीत सिंह, सुखजिंदर सिंह, वीरेश वर्मा, सिद्धार्थ बाजपेयी, राजीव वर्मा सहित सैकड़ो लोगो ने उपस्थित होकर सनातन धर्म को मजबूत करने सनातन का डंका पूरे विश्व में बजे संकल्प लिया।

# लाल किला बस स्टैंड पर रेहड़ी -पटरी वालों का कब्जा यात्री को हो रहा परेशानी

**समाज जागरण, बादल हुसैन**

नई दिल्ली, देश और दुनिया से आने वाले हजारों पर्यटकों के लिए ऐतिहासिक धरोहर लाल किला एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र है। यहां लाल किले के ठीक सामने वाली मुख्य सड़क और आसपास के इलाके अतिक्रमण के शिकार हैं। हालात ऐसे हैं कि पूरे इलाके में रेहड़ी पटरी वालों का कब्जा है। सुबह से लेकर रात 10 बजे तक इस मार्ग पर अवैध दुकानदार कब्जा जमाए बैठे रहते हैं। हैरानी की बात यह है कि कई वरिष्ठ अधिकारी भी इसी मार्ग से गुजरते हैं, फिर भी हालत जब के तस है। लोगों का कहना है कि अदि किसी को इस मार्ग से जाना हो तो घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता है और न तो कोई देखने वाला है और न ही सुनने वाला। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि लाल किला बस स्टैंड पर भी रेहड़ी पटरी वालों ने कब्जा जमा रखा है। राहगीरों के लिए बस स्टैंड पर रुकने की कोई जगह नहीं बची है। रेहड़ी पटरी वालों की वजह से बस चालक भी यहां बस नहीं रोकते।आपात स्थिति में अगर एम्बुलेंस को इस मार्ग से गुजरना पड़ता है तो मरीज की हालत एम्बुलेंस में ही बिगड़ जाती है।



उल्लेखनीय ए है कि पीछले दिनों इसी जगह पर एक आतंकी हमला हुआ था जिसमें एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गई थी । इसके बावजूद रेहड़ी पटरी वाले सबक नहीं ले रही है।लोगों का आरोप है कि इन रेहड़ी पटरी के कब्जे के पीछे पूरा एक तंत्र काम करता है, जिसमें माफीया व जनप्रतिनिधि से लेकर एमसीडी व दिल्ली पुलिस के लोग शामिल हैं। यह लोग रेहड़ी पटरी वालों से पैसे लेकर फूटपाथ और सड़क के कुछ हिस्सों तक को बेच रहे हैं। इस वजह से अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है।

**यात्री का कहना है**

यात्री अशोक मंडल, ने बताया कि रेहड़ी की पटरी वाले इस तरह बस स्टैंड पर कब्जा जमाए हुए हैं कि आप खड़े भी नहीं हो सकतें। इससे काफी परेशानी होती है। साथ ही बस में चढ़ने में भी काफी दिक्कत होती है।बस चालक बस भी नहीं रोकते क्योंकि उन्हें बस स्टैंड पर यात्री दिखाई ही नहीं देते हैं। वहीं यात्री रवि,का कहना है कि बस स्टैंड होने के बावजूद भी धूप और बारिश में बाहर खड़ा रहना पड़ता है।आप बस स्टैंड के आस पास भी खड़े नहीं हो सकतें क्योंकि वहां दुकानों पर पहले से ही भीड़ रहती है और बस में चढ़ने वाले यात्रियों की भी भीड़ रहती है।इसी कारण बस चालक बस नहीं रोकते। उन्हें लगता है कि यहां सभी लोग दुकान से सामान खरीदने आए हैं। कोई यात्री नहीं है।

# कुलदीप सिंह अलीगंज रेलवे क्रॉसिंग पर मुर्दों को भी निकलने में मशक्कत

**समाज जागरण**

लखीमपुर खीरी। अलीगंज रोड रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाला जाम जिंदा और मुर्दा दोनों के लिए दुखदाई साबित हो रहा है तमाम परेशानियों के बावजूद कोई भी जनप्रतिनिधि अथवा शासन प्रशासन इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं खोज पा रहा है ना ही रिंग रोड बन पा रही है और ना ही ओवर ब्रिज बन पा रहा है, यह गंभीर समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। 10 दिसंबर दिन बुधवार को एक मुर्दा जिसको लोग लिए जा रहे थे वह जाम में फंस गया और इतना फंसा कि



उसका निकालना घंटो बाधित रहा बड़ी मशक्कत के बाद उसे मुर्दे को निकाला गया। इस संबंध में गरीब मजदूर किसान पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव क यादव ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मेरी शासन प्रशासन से मांग है कि यहां समस्या के स्थाई समाधान के लिए ओवर ब्रिज बनना चाहिए वह भी हर हाल में और यदि समस्या के स्थाई समाधान के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए तो संगठन इसके लिए आंदोलन करने पर विवश होगा।

# ब्लॉक नकहा में शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन दसवें दिन भी जारी

**समाज जागरण, कुलदीप सिंह, लखीमपुर खीरी।**

मलेरिया मच्छर के काटने से होने वाली गंभीर बीमारी है, जिसमें मरीज को तेज बुखार के साथ ठंड लगना आम लक्षण होता है। उत्तर प्रदेश शासन ने वर्ष 2030 तक राज्य को मलेरिया मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी क्रम में जिले में मलेरिया नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संतोष गुप्ता के निर्देश पर आशा, आशा संगिनी, एएनएम तथा बीएचडब्ल्यू का संवर्द्धन सभी ब्लॉकों में रोस्टर के अनुसार किया जा रहा है। कार्यशाला के दौरान जिला मलेरिया अधिकारी, मलेरिया एवं फाइलेरिया निरीक्षक तथा ब्लॉक स्तर पर एआरओ और




बीसीपीएम द्वारा मलेरिया के लक्षण, बचाव व उपचार संबंधी प्रशिक्षण आशा, एएनएम एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता को दिया जा रहा है।

इसके साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात प्रयोगशाला तकनीशियनों और सहायकों द्वारा मलेरिया परीक्षण हेतु आरडीटी किट के उपयोग और रक्त पतिका संकलन की प्रक्रिया सिखाई जा रही है। आशा वर्कर्स को भी प्रशिक्षित कर प्रत्येक आशा कार्यकर्ता को 10 आरडीटी किट वितरित की जा रही हैं।

स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य गांव एवं समुदाय स्तर पर मलेरिया की रोकथाम, त्वरित पहचान और समय पर उपचार सुनिश्चित करना है। भविष्य में स्वास्थ्य कर्मियों को और अधिक प्रशिक्षित कर मलेरिया उन्मूलन की दिशा में अभियान को और सशक्त किया जाएगा।

# श्रीमद् भागवत अमृत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का दिव्य उत्सव, भक्त हुए भावविभोर

**समाज जागरण, कुलदीप सिंह, लखीमपुर।**

नौरंगाबाद मोहल्ला स्थित चंदेल लॉन एक बार फिर अध्यात्म, भक्ति और दिव्यता की पावन सुगंध से महक उठा है। सात दिसंबर से शुरू हुए श्रीमद् भागवत भक्ति ज्ञानयज्ञ के चतुर्थ दिवस की कथा में वृंदावन धाम से पधारे भागवताचार्य पंडित अमित कृष्ण जी महाराज ने भगवान ऋषभदेव, मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम और योगिराज श्रीकृष्ण के दिव्य जन्मोत्सव के प्रसंगों का मनोहारी वर्णन किया।




कथा के दौरान समूचा पांडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंज उठा। श्रोताओं ने कथा के भावपूर्ण प्रसंगों का रसपान कर दिव्यता और आध्यात्मिक आनंद का अनुभव किया।

**दैनिक रूप से बह रही है भक्ति रसधारा**

प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक आयोजित हो रहे इस ज्ञानझयज्ञ में पंडित अमित कृष्ण जी महाराज की अमृतमयी वाणी श्रोताओं को भक्ति मार्ग की ओर प्रेरित कर रही है। कथा केवल आध्यात्मिक उत्थान ही नहीं बल्कि जीवन के कठिन प्रश्नों का समाधान भी प्रस्तुत कर रही है।

# नगर पालिका मोहम्मदी पर पक्षपात का आरोप, सुविधा शुल्क लेकर प्लाटिंग पर जारी पानी सप्लाई

**समाज जागरण, कुलदीप सिंह**

लखीमपुर खीरी। मोहम्मदी क्षेत्र में नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। एक ओर कस्बे के निवासी रोजमर्रा के उपयोग और मांगलिक कार्यक्रमों के लिए पानी को तरस रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सुविधा शुल्क लेकर नगर पालिका द्वारा एक निजी प्लाटिंग पर नियमित रूप से पानी की सप्लाई करने का मामला



सामने आया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, शादीझ विवाह जैसे आवश्यक अवसरों पर नगर पालिका से पानी का टैंकर उपलब्ध कराने के लिए बार-बार आवेदन देना पड़ता है। कई बार टैंकर उपलब्ध ही नहीं हो पाता। इसके उलट, मोहम्मदी रोड स्थित ग्राम धीरावा के निकट एक प्लाटिंग में प्रतिदिन दो से तीन टैंकर पानी भेजे जाने की जानकारी मिली है। निवासियों का कहना है कि आम नागरिक पानी की कमी से जूझ रहा है, जबकि निजी प्लाटिंग पर तत्काल पानी पहुंचाया जा रहा है। इससे नगर पालिका प्रशासन की प्राथमिकताओं और कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।

लोगों ने अधिकारियों से मांग की है कि पहले कस्बे की पूरी आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, उसके बाद ही निजी प्लाटिंग या अन्य गैर-जरूरी स्थानों पर पानी की सप्लाई की अनुमति दी जाए।

# ब्लॉक नकहा में ग्राम पंचायत अधिकारियों का शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन दसवें दिन भी जारी

**समाज जागरण, लखीमपुर खीरी**

लखीमपुर खीरी। अपनी लंबित मांगों को लेकर ब्लॉक नकहा में ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी/समन्वय समिति का शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन लगातार दसवें दिन भी जारी रहा।

आंदोलन के तहत आज सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने साइकिल चलाकर अपने दैनिक कार्यों को पूरा किया और प्रतीकात्मक रूप से विरोध दर्ज कराया। आंदोलनकारियों का कहना है कि ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली और ग्राम सचिवों से कराए जा रहे गैर-विभागीय कार्यों का वे विरोध करते हैं। उनका कहना है कि जब तक उनकी जायज मांगें पूरी नहीं की जातीं, तब तक सत्याग्रह इसी तरह चलता रहेगा।

आंदोलन स्थल पर मौजूद सचिव शशि शेखर मिश्र,



सतवीर राना, सर्वेश कुमार, प्रिया वर्मा, पूजा वर्मा, राहुल सिंह, आशुतोष वर्मा, अंजलि भास्कर, नेहा पांडे, मनीष सिंह, सोनू वर्मा, सुधीर कुमार सहित अन्य कर्मचारियों ने एकस्वर में कहा कि यह लड़ाई सम्मान और अधिकारों की है, और इसे शांतिपूर्वक जारी रखा जाएगा।

अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन उनकी समस्याओं पर जल्द ध्यान देगा और समाधान की दिशा में कदम उठाएगा।

# नवमनोनीत भाजपा जिला अध्यक्ष की स्वागत होल्डिंग-बैनर फाड़ना तुच्छ-घृणित मानसिकता का परिचायक

**प्रकाश निरीक्षक के पीछे किसी बड़ी सपाई मानसिकता का हाँथ तो नहीं घटनाक्रम के पीछे....! भाजपा कार्यकताओं की मांग, 3 दिन में जवाब नहीं होनी चाहिए कड़ी कार्यवाही...! स्वागत के पूर्व जिले का माहौल खराब करने की तो नहीं रची गई साजिश...! पुलिस को आगे आकर करनी चाहिए पूरे मामले की जांच..! नौकरी के निलंबन से लेकर गंभीर धाराओ में दर्ज किया जाना चाहिए ऐसे कुत्सित मानसिकता वाले व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा..!**



**समाज जागरण**

फतेहपुर जिले में भारतीय जनता पार्टी के नवमनोनीत जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव के स्वागत में संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं के द्वारा लगाए गए होल्डिंग एवं बैनर रातों-रात फाड़ दिए जाने के मामले के पीछे कौन है इसकी पहचान किया जाना अत्यंत जरूरी है..! स्वागत के तीन दिन पूर्व इस तरह का तुच्छ एवं घृणित कार्य कहीं ना कहीं जिले के माहौल को बिगाड़ने जैसा प्रतीत होता है..! इस पूरे घटनाक्रम को लेकर जहां एक ओर कार्यकताओं में रोष है, वहीं दूसरी ओर अब भाजपा नेताओं समेत पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं की कड़ी प्रतिक्रिया भी सामने आ रही है..!

इस पूरे घटनाक्रम को लेकर आरोप नगर पालिका परिषद फतेहपुर में तैनात प्रकाश निरीक्षक एवं अतिक्रमण प्रभारी दिलशाद अली पर लगाये जा रहे है। अब गहराई से समझने की आवश्यकता इसलिए भी है कि स्वागत के मात्र तीन दिन पूर्व इस तरह का कार्य करना कहीं सपाई मानसिकता से प्रेरित होना तो नहीं है...! हालांकि इस मामले में नगर पालिका प्रशासन हरकत में आया है और ईओ द्वारा कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। सूत्रों का कहना है कि सदर कोतवाली क्षेत्र के वर्मा चौराहे पर बीती 2 दिसंबर की रात यह बैनर हटाए गए। भाजपा कार्यकताओं का कहना है कि जिलाध्यक्ष की घोषणा के बाद जिलेभर में पोस्टर-होल्डिंग लगाए गए थे, जो अचानक नगर पालिका टीम द्वारा हटाकर फाड़ दिए गए। भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष विशिष्ठ दीक्षित ने आरोप लगाया कि बैनर न केवल उतारे गए, बल्कि कार्यालय में फाड़कर रखवा दिए गए। जब उन्होंने विरोध जताया तो कथित रूप से अभद्रता की गई और धमकी भी दी गई। उधर इस मामले को गंभीर मानते हुए अधिशासी अधिकारी रविंद्र कुमार ने दिलशाद अली को नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा है। ईओ का कहना है कि बिना पूर्व सूचना बैनर-होल्डिंग हटाना अनुचित है और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई होगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने इसे कार्यकताओं के सम्मान से जुड़ा मामला बताया और कहा कि यदि जान-बूझकर नुकसान पहुंचाया गया है तो कठोर कदम उठाए जाएंगे। बैनर विवाद के चलते स्थानीय राजनीति में सरगर्मी बढ़ गई है और अब सबकी नजरें नगर पालिका प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं।

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि इसके पूर्व भी विभिन्न पार्टी के जिलाध्यक्ष, विभिन्न संगठन के बड़े नेताओं एवं मंत्री-विधायकों के स्वागत एवं आगमन को लेकर फतेहपुर जिले में हमेशा से होल्डिंग एवं बैनर लगाए जाते रहे हैं और इस तरह का कभी-भी कोई भी मामला ऐसा प्रकाश में नहीं आया जिसमें होल्डिंग और बैनर कार्यक्रम के पूर्व इस तरह से हटाए एवं फाड़े गए हो, आखिर इस तरह का कार्य करने की आवश्यकता क्यों पड़ी यह जांच विषय है..! इस मामले में फतेहपुर सदर कोतवाली पुलिस को आगे आकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करते हुए दोषी व्यक्ति के खिलाफ फतेहपुर जिले का माहौल खराब करने समेत अन्य गंभीर धाराओ में मुकदमा दर्ज करते हुए कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए..! वही नगर पालिका प्रशासन को कुत्सित मानसिकता के शिकार कर्मचारी के विरुद्ध निलंबन जैसी कार्यवाही भी अमल में लानी चाहिए। फतेहपुर जिले के आम जनमानस की सुरक्षा एवं भारतीय जनता पार्टी से जुड़े पदाधिकारी- कार्यकताओं की भावनाओं का सम्मान सर्वोपरि है जिसे ध्यान में रखते हुए माहौल बिगाड़ने की साजिश रचने वाले लोगों की घृणित मानसिकता को समाज के सामने लाने के साथ ही आरोपियों पर कड़ी कार्वाई करने की आवश्यकता है जो मिसाल बने..!

# दिल्ली में 14 दिसम्बर को होने वाली रैली को कोंग्रेस पार्टी ने की तैयारी

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! दिल्ली में 14 दिसम्बर को होने वाली रैली को लेकर जिला कोंग्रेस ने किया बैठक का आयोजन कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने जिला कार्यालय पर उपस्थित कांग्रेसियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि वर्तमान केन्द्र सरकार चुनाव आयोग से मिलकर वोट चोरी करके चुनाव जीतकर हमेशा सत्ता में बने रहकर देश की संपत्ति को बेचकर लोगो को बर्बाद करना चाहती है जिसे कांग्रेस कभी होने नहीं देगी '

उन्होंने कहा कि किसान , मजदूर , व्यापारी , नौजवान , छात्र परेशान हैं पढ़ें लिखें नौकरी की तलाश में तलाश में भटक रहे हैं सरकार पकौढ़ा बेचने की बात करती है मेहगाई चरमसीमा पर है आम आदमी दो वक्त की रोटी के लिये भटक रहा है अपराधी बेखौफ हैं मातायें - बहने सुरक्षित नहीं हैं इन सबके विरोध में कांग्रेस पार्टी 14 दिसंवर 2025 को दिल्ली के रामलीला मैदान मे विशाल रैली करने जा रही है जिसमें जिले से भारी तादात मे लोग भाग लेंगे '

बैठक मे जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र तिवारी , सगीर कुरैशी , लक्ष्मी प्रकाश गुप्ता , कार्यालय प्रभारी शैलेन्द्र शुक्ला , जिला महासचिव जितेंद्र कुमार यादव एडवोकेट , अनिल यादव , जगदीश वाल्मीकि , मो उमर फारूक , किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय यादव , अनुसूचित जाति विभाग जिलाध्यक्ष वलवीर सिंह आजाद , मण्डल अध्यक्ष रामप्रबेश यादव , दिलीप यादव , अतेश कुमार , ब्लॉक अध्यक्ष फिरोजाबाद रणवीर सिंह गुर्जर , कृष्णकांत यादव , राधा किशन यादव , संदीप कुमार , राजेंद्र कुमार आदि लोग शामिल हुये '

# एस आई आर पारदर्शी निष्पक्ष एवं विश्वसनीय दिशा में महत्वपूर्ण कदम है --बृजेश पाठक

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! भारतीय जनता पार्टी जिला व महानगर की संयुक्त विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (SIR) के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह व महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर की संयुक्त अध्यक्षता में जिला भाजपा कार्यालय मोड़ा कनेटा में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संबोधित करते हुऐ कहा कि मतदाता विशेष गहन पुनः परीक्षण (SI R) लोकतंत्र की शुद्धता के लिए है।। एस.आई.आर. लोकतांत्रिक चुनाव प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष एवं विश्वसनीय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। एस आई आर अति महत्वपूर्ण कार्य हैं। इस अभियान में पात्र मतदाता वंचित न रह जाए, पार्टी के समस्त जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों , मण्डल अध्यक्षगणो व कार्यकताओं , बूथ के अध्यक्षगणों , बूथ के कार्यकताओं से आह्वान किया वे अपने स्तर से बूथो पर सक्रिय रखते हुए शेष रह गये लोगो का गणना पत्र फार्म भरवाकर बीएलओ को उपलब्ध कराये। बूथों पर प्रवास करें , डोर टू डोर संपर्क कर सम्मानित मतदाताओं से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने और त्रुटियों को सुधारने के लिए आग्रह करें। विशेष गहन पुनरीक्षण समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए लोकतंत्र की नींव को और दृढ़ बनाता। ईमानदार, पारदर्शी, निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया की रक्षा के लिए एसआईआर अति महत्वपूर्ण हैं। रक्फ़ लोकतांत्रिक चुनाव प्रणाली को पारदर्शी बनाने का बेहतर कदम है। रक्फ़के लिए पार्टी का प्रत्येक सक्रिय रूप से कार्य में लगकर अपने अपने बूथो को जीतने का कार्य करें। बूथों को जीतने की नैतिक जिम्मेदारी पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता की है।साथ ही अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को रक्फ़ फॉर्म भरने हेतु प्रेरित कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी व सुदृढ़ बनाने का आह्वान किया। निष्पक्ष, अद्यतन एवं शुद्ध मतदाता सूची ही सशक्त लोकतंत्र की मजबूत नींव है—जिसके लिए पार्टी और पार्टी के कार्यकताओं का नैतिक कर्तव्य है वह सतर्कता के साथ कार्यकर सजग पहरी के रूप में अपने अपने बूथों पर साथ - साथ नए वोट बनवाने के लिए गणना पत्र अपने - अपने बूथों पर ऊजार्वान कार्यकर्ता मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में शत-प्रतिशत योगदान देने के लिए अटल संकल्पित के साथ कार्य करें। मतदाता विशेष गहन पुनः परीक्षण का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची की सफाई, सत्यापन और अवैध घुसपैठियों को बाहर करना और फर्जी वोट की रोकथाम के लिए है। विपक्षी दल सपा , कांग्रेस व अन्य दल एसआईआर पर गुमराह कर झूठी अफवाहें फैला रहें हैं। भाजपा परिवार का हर एक सदस्य बूथ पर असली मतदाताओं का वोट बनबाने हेतु अटल संकल्पित है।। बैठक में जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह व महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर ने जिले व महानगर की मतदाता विशेष गहन पुन परीक्षण पर कार्ययोजना व रूपरेखा रखी। । इस दौरान प्रमुख रूप ब्रज बहादुर भारद्वाज प्रदेश उपाध्यक्ष / जिला प्रभारी , मनीष असीजा विधायक सदर , प्रेम पाल सिंह धनगर विधायक टूंडला , कामिनी राठौर महापौर , ठा. विश्वदीप सिंह , हरिओम यादव पूर्व विधायक , मानवेंद्र प्रताप सिंह पूर्व जिला ध्यक्ष , रमाकांत उपाध्याय गोसेवा आयोग सदस्य , ओम प्रकाश वर्मा पूर्व विधायक , गिर्राज कुशवाह जिला प्रवासी , डॉ अमित गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी , शैलेन्द्र सिंह जिला संयोजक , डॉ एसपी लहरी , केशव फोजी , राघवेंद्र सिंह , शिव शंकर शर्मा , सुरेंद्र सावन झा , दीपक गुप्ता कालू , लक्ष्मी नारायण यादव , सुनील शर्मा , सुमन चतुर्वेदी , उदय ठाकुर राजीव गुप्ता , शशिकला यादव , मोहन देव शंखवार पूर्व विधायक ,आनन्द अग्रवाल, राधेश्याम यादव , डॉ सत्य पाल राजपूत , शैलेन्द्र गुप्ता , राजेन्द्र बोहरे , आकाश शर्मा , अंकित तिवारी, रंजना सिंह , गीता दिवाकर , रेखा कुशवाहा , पुष्पेन्द्र पाल सिंह , अमलेश लोधी , अनुपमा शर्मा , रेनु उपाध्याय सहित सभी मण्डल अध्यक्षगण , इस अभियान से सम्बंधित सभी पदाधिकारियों सहित अन्य कार्यकर्ता बन्धु उपस्थित थे।

# एम डी जैन इंटर कॉलेज में लगा नागरिक शास्त्र मेला

**समाज जागरण**



सिरसागंज! नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन एवं प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में विद्यालय में द्वितीय बार नागरिक शास्त्र मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा 11 एवं 12 के नागरिक शास्त्र विषय के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

नीरज कुमार जैन ने विद्यार्थियों के पोस्टर, क्राफ्ट का अवलोकन करते हुए उनकी प्रशंसा की। इसके साथ ही उनसे विषय से सम्बंधित प्रश्न भी पूँछे। उन्होंने बताया कि इस मेले को लेकर विद्यार्थी उत्साह से परिपूर्ण हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि नागरिक शास्त्र मेले में विद्यार्थियों के अन्दर सीखने की प्रवृत्ति में वृद्धि हुई है। इस मेले में विद्यार्थियों ने नागरिक शास्त्र विषय के विभिन्न प्रकरणों जैसे भारत का संविधान, मौलिक अधिकार, आम चुनाव, वैश्वीकरण, अंतर्राष्ट्रीय संगठन, राष्ट्र निर्माण की चुनौतियां, भारत के विदेश सम्बंध, पर्यावरण, विश्व में सुरक्षा, न्यायालय, नीति निदेशक तत्व, समानता आदि पर अपने पोस्टर, क्राफ्ट प्रस्तुत किए। जिनमें तब्बुसम प्रथम, मोनिका द्वितीय एवं साधना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन संजय कटारा, सत्यपाल सिंह, दुर्गेश नंदन श्रीवास्तव ने किया। सभी विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित करने के साथ शेष प्रतिभागियों क्रमशः रजनी, संध्या, डॉली, प्रतीक्षा, इरम, प्रिया, सोली, स्वाली, अपूर्वा, साक्षी, कीर्ति, तान्या यादव, छवि, बबिता, खुशबू, ज्योति, मुस्कान, सुहाना, आरती, रुचि यादव, तान्या पाटकर, प्राची, शाहीन, खुशी, रागिनी, निशा, रोशनी, मोहिनी, निधि, रानो, सोनी, सिमरन, कुलसुम, काजल एवं सुंदरी को भी सम्मानित किया गया।

मेले में संदीप जैन, प्रशांत जैन, अंजय जैन, राजीव जैन आदि समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

# कन्नौजः परिषदीय स्कूलों में सम्पन्न हुई अर्धवार्षिक परीक्षाएं

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। जनपद के समस्त परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2025-26 के अन्तर्गत अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं का सफलतापूर्वक आयो जन किया गया। परीक्षाएँ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निदेर्शा नुसार पूर्ण शुचिता, अनुशासन और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराई गईं। यह परीक्षाएं 16 दिसंबर 2025 तक संपन्न होंगी। विद्यालयों में परीक्षा संचालन की समग्र जिम्मेदारी प्रधानाध्यापकों द्वारा सावधानीपूर्वक निभाई गई। सभी विद्यालयों में परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न हुई– प्रथम पाली प्रातः 09:30 से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली 12:30 से 02:30 बजे तक आयोजित की गई।

प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 5) के छात्र-छात्राओं की सभी विषयों की मौखिक परीक्षा प्रथम पाली में आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

जूनियर स्तर (कक्षा 6 से 8) में प्रथम पाली में कला-क्राफ्ट, कृषि एवं गृह शिल्प विषय की परीक्षा कराई गई। द्वितीय पाली में कक्षा 6, 7 एवं 8 के विद्यार्थियों ने खेल, शारीरिक शिक्षा एवं स्काउटिंग विषय की परीक्षा में भाग लिया। अर्द्धवार्षिक परीक्षा के माध्यम से बच्चों के अधिगम स्तर का मूल्यांकन करते हुए आगामी शैक्षिक गतिविधियों को और प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# कन्नौज : विधायक खेल स्पर्धा प्रतियोगिता तिर्वा में सम्पन्न

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। युवा कल्याण एवं प्रा० वि० दल विभाग द्वारा विधायक खेल स्पर्धा के अंतर्गत विधानसभा तिर्वा स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक कैलाश सिंह राजपूत एवं नगर पंचायत अध्यक्ष सौरभ गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन नगर अध्यक्ष (भाजपा) मोहित भदौरिया, जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा अरविंद प्रताप सिंह एवं समाजसेवी मोहम्मद जावेद द्वारा किया गया कार्यक्रम में प्रभारी अंशिता श्रीवास्तव, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी आकाश सिंह, एवं सौरभ यादव की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। निर्णायक एवं सहयोगी दल में वैभव तिवारी, शिवम्, हेमंत, रविंद्र कुमार, रोहित कुमार, सूरज कुमार सहित अन्य सहयोगी सम्मिलित रहे।

**प्रतियोगिता के परिणाम**

सब-जूनियर बालक वर्ग 800 मीटरः प्रथम- अश्वनी यादव, द्वितीय- स्माइल, तृतीय- शिवांशु 100 मीटरः प्रथम- गौरव यादव, तृतीय- हिमांशु, तृतीय- अंश 400 मीटरः प्रथम- शिवांशु, द्वितीय- श्याम जी, तृतीय- स्माइल गोला फेंकः प्रथम- गौरव, द्वितीय- अंश, तृतीय- सत्यम लंबी कूदः प्रथम- गौरव, द्वितीय- ध्रुव, तृतीय- अंश कबड्डीः विजेता- ऋषभ टीम, उपविजेता- वैभव टीम वॉलीबॉलः विजेता- मयंक टीम, उपविजेता- विशेष टीम चक फेंकः प्रथम- आयुष कुमार, द्वितीय- अभी, तृतीय- सचिन

**सीनियर बालक वर्ग**

800 मीटरः प्रथम- विकास, द्वितीय- अक्षय, तृतीय- शोभित 100 मीटरः प्रथम- हसनैन राजा, द्वितीय- विकास, तृतीय- कुलदीप 400 मीटरः प्रथम- शिवांशु, द्वितीय- श्याम जी, तृतीय- स्माइल बैडमिंटनः प्रथम- अविनाश, द्वितीय- प्रतीक दुबे वॉलीबॉलः प्रथम- राघव टीम, द्वितीय- शिवा टीम गोला फेंकः प्रथम- राज, द्वितीय- अनु यादव, तृतीय- मनीष लंबी कूदः प्रथम- विकास, तृतीय- आलोक

**जूनियर बालक वर्ग**

वॉलीबॉलः प्रथम- अवरुद्ध राजपूत तिर्वा टीम, द्वितीय- घटिया टीम लंबी कूदः प्रथम- मोहित, द्वितीय- प्रभात यादव, तृतीय- सौरभ 400 मीटरः प्रथम- शिवम यादव, द्वितीय- विकास, तृतीय- फैसल 100 मीटरः प्रथम- मोहित, द्वितीय- अक्षय वर्मा, तृतीय- शिवम यादव

**सब-जूनियर बालिका वर्ग**

100 मीटरः प्रथम- रीगुल, द्वितीय- दीक्षा, तृतीय- वर्षा लंबी कूदः प्रथम- तान्या, द्वितीय- सृष्टि, तृतीय- वर्षा कबड्डीः विजेता- डिंपल टीम, उपविजेता- अनुष्का टीम 400 मीटरः प्रथम- रीगुल, द्वितीय- डिंपल, तृतीय- शुभ

**जूनियर बालिका वर्ग**

100 मीटरः प्रथम- डिंपल, द्वितीय- झलक, तृतीय- सोनम लंबी कूदः प्रथम- रकुल, द्वितीय- आशिकी, तृतीय- काजल वॉलीबॉलः विजेता- परी टीम, उपविजेता- अर्चना राजपूत टीम शॉट पुटः प्रथम- जानवी, द्वितीय- गुनगुन, तृतीय- प्रतिभा चक्का फेंकः प्रथम- जानवी, द्वितीय- गुनगुन, तृतीय- सलोनी यादव 800 मीटरः प्रथम- सलोनी यादव, द्वितीय- जानवी, तृतीय- काजल कबड्डीः विजेता- कुसुम टीम, उपविजेता- जारा टीम

**सीनियर बालिका वर्ग**

100 मीटरः प्रथम- तान्या, द्वितीय- अनुष्का, तृतीय- साक्षी लंबी कूदः प्रथम- तान्या, द्वितीय- अनुपम, तृतीय- अनुष्का शॉट पुटः प्रथम- मारिया, द्वितीय- अनुष्का, तृतीय- उन्नति चक्का फेंकः प्रथम- अनुष्का, द्वितीय- साक्षी, तृतीय- प्रिया 400 मीटरः प्रथम- तान्या, द्वितीय- खुशी यादव, तृतीय- साक्षी यादव इस प्रतियोगिता के माध्यम से क्षेत्र के बालक-बालिकाओं में खेल भावना, प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता और शारीरिक दक्षता को बढ़ावा देने का सफल प्रयास किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अतिथियों, अधिकारियों, निर्णायकों एवं प्रति भागियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कन्नौजः बिजली बिल राहत योजना में लगे कैम्प, 547 उपभोक्ताओं को मिला लाभ

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। अधीक्षण अभियंता विद्युत ने जानकारी देते हुए बताया है कि बिजली बिल राहत योजना" 2025 के अन्तर्गत जनपद कन्नौज में "बिजली बिल राहत योजना" 2025 के अन्तर्गत जनपद कन्नौज में ग्राम सढ़ियापुर, बंधवा, हरेईपुर, लोहामढ़, अगौस, जलालपुर, नई ठठिया, नजरापुर, उमरन, गुखरू, एवं मो० पठकाना, रंगियनपुर्वा, ग्राम छछोनापुर, पठकनपुर्वा, सौंसरापुर, तमियामऊ, नगरिया, कोरियान, खबरिया, नगला नुनार, भाउलपुर, टड़ाह, रोहली, ऊंचा, सहरोई में कैम्पों का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत 547 उपभोक्ताओं के द्वारा योजना का लाभ उठाया गया और आयोजित कैम्पो के दौरान धनराशि रू0 19.28 लाख उपभोक्तओं द्वारा जमा किया गया है। उन्होंने बताया कि कल वशीरापुर भाट, सिमरापुर,लोहामढ, अगौस, जलालपुर ,पठकाना, शिवाजीनगर, आंटी ,मलगवां, आनंदीपुर्वा, मनिकापुर रामकिशन नगर, जलालाबाद, भुडा, डडौनी ,पालपुर,रौतामई, बटेला, रौरा, रसूलाबाद, बघुलेआयी, मधुपुरी, कैम्प आयोजित किए जाएगे।

# कन्नौजः आलाव ताप रहे पाँच लोगो को तेज रफ्तार कार ने रौंदा

## एक की घटना स्थल पर ही मौत चार अन्य गभीर रूप से घायल

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिले के छिबरामऊ थाना क्षेत्र के तालग्राम के बहावलपुर गांव में बुधवार की सुबह करीब 7:00 बजे किराने की दुकान के आगे अलाव ताप रहे पांच लोगों को गाजियाबाद से लखनऊ की तरफ आ रही अल्टो कार ने भीषण टक्कर मार दी। कार की टक्कर से दिलीप कुमार बाथम पुत्र प्यारेलाल उम्र 55 वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई अन्य चार आकाश शाक्य पुत्र वृंदावन उम्र 17 वर्ष सर्वेश शाक्य पुत्र राम प्रकाश उम्र 20 वर्ष कुंज बिहारी पुत्र रामाश्रय उम्र 40 वर्ष मनसुख वर्मा पुत्र सदन लाल उम्र 45 वर्ष सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों के द्वारा छिबरामऊ शौ सैया अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने दिलीप बाथम को मृत्यु घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों ने कार चालक और उसके साथ बैठे एक अन्य व्यक्ति को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। मृतक दिलीप बाथम टेलरिंग का काम करके अपने परिवार को चलाता था वह अपने पीछे अपनी पत्नी पुष्पा पुत्र विमल व अनुज को छोड़ गया मृतक दिलीप का बीच वाला पुत्र कमल जनवरी में बीमारी के कारण मर गया था।

# कन्नौजः चार बच्चो को बाल श्रम से मुक्त करा पुनर्वासित किया गया

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। बाल एवं किशोर श्रमिकों के चिन्हांकन, अवमुक्तीकरण व पुनर्वासन विशेष अभियान में उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार तिवारी प्रभारी थाना ए0एच0टी0 मय टीम व नवनीत श्रीवास्तव श्रम प्रवर्तन अधिकारी व चाइल्ड लाइन प्रभारी तौसीफ द्वारा संयुक्त रूप से थाना छिबरामऊ क्षेत्र के पूर्वी बाईपास, पश्चिमी



बाईपास, ईट भट्टो, होटल ढाबे, मकेनिक की दुकाने, बस स्टेण्ड आदि स्थानों पर बाल श्रम रोकथाम अभियान के अंतर्गत भिन्न-भिन्न दुकानों के सेवायोजक को बालश्रम के बारे मे जागरुक किया गया । उक्त अभियान के दौरान 04 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराकर श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा निरीक्षण टिप्पणी काटी गयी । अभियान के दौरान शासन एंव प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्प लाइन नम्बर- 1090,1098,108,112,1076 व 181 आदि के सम्बन्ध मे जानकारी दी गयी ।

# कन्नौजः 12 दिसंबर को लगेगा दावा-रहित जमाराशियों का विशेष कैंप, 59 करोड़ से अधिक राशि पर नागरिक कर सकेंगे दावा

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। भारत सरकार के वित्तीय सेवाएँ विभाग के निदेर्शानुसार दावा-रहित जमाराशियों को उनके वास्त विक लाभार्थियों तक पहुँचाने के उद्देश्य से जनपद कन्नौज में 12 दिसंबर 2025 को विकास भवन स्थित हर्षवर्धन सभागार में दोपहर 12 बजे से विशेष कैंप आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी अग्रणी जिला प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक, बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण, प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड तथा कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के संयुक्त सहयोग से यह राष्ट्रीय अभियान चलाया जा रहा है। कैंप में बैंक, बीमा कंपनियों, म्यूचुअल फंड, पेंशन संस्थान और कोषागार विभाग के अधिकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध रहेंगे, जिससे नागरिक अपनी दावा-रहित राशि की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और मौके पर ही क्लेम प्रस्तुत कर पाएंगे।

अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि जनपद कन्नौज में कुल 2,36,794 दावा-रहित जमा खातों का विवरण प्राप्त हुआ है, जिनकी कुल राशि लगभग ₹59 करोड़ 23 लाख है। बैंक-वार स्थिति इस प्रकार है जिसमें बैंक ऑफ इंडिया 53,118 खाते (₹12 करोड़ 74 लाख), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया 20,430 खाते (₹9 करोड़ 37 लाख), ग्रामीण बैंक 1,23,205 खाते (₹22 करोड़ 32 लाख), इंडियन बैंक 18,505 खाते (₹3 करोड़ 92 लाख), बैंक ऑफ बड़ौदा 13,267 खाते (₹4 करोड़ 39 लाख), पंजाब नेशनल बैंक 17,346 खाते (₹2 करोड़ 22 लाख), केनरा बैंक 5968 खाते (₹1 करोड़ 14 लाख), यूनियन बैंक 2700 खाते (₹38 लाख), सेंट्रल बैंक 1,112 खाते (₹53 लाख), IDBI बैंक 425 खाते (₹6 लाख), पंजाब एंड सिंध बैंक 26 खाते (₹1 लाख), एच डी एफ सी बैंक 73 खाते (₹7 लाख) तथा आई सी आई सी आई बैंक 118खाते (₹13 लाख)।

उन्होंने बताया कि ऐसे खाते या वित्तीय संपत्तियाँ जिनमें दस वर्ष या उससे अधिक समय से कोई लेन-देन, दावा या अपडेट नहीं हुआ है, दावा-रहित श्रेणी में आ जाते हैं। कई बार दस्तावेजों की कमी, जानकारी न होना या लंबे समय तक संपर्क न होने से जमा धनराशि, बीमा पॉलिसियाँ, लाभांश, पेंशन और म्यूचुअल फंड जैसी संपत्तियाँ वर्षों तक निष्क्रिय पड़ी रहती हैं।

कैंप में नागरिकों को अपनी इन संपत्तियों की खोज, दस्तावेज अद्यतन कराने, आवश्यक सत्यापन कराने और दावा प्रक्रिया को पूर्ण कराने में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। सभी नागरिकों से अपील है कि वे आधार कार्ड, पहचान पत्र तथा संबंधित वित्तीय दस्तावेजों सहित कैंप में पहुँचकर अपनी दावा-रहित राशि का लाभ प्राप्त करें।

# कन्नौजः निशुल्क खाद्यान्न का वितरण आज सेः डीएसओ

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया है कि आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत माह दिसम्बर, 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण 10 से 28 दिसम्बर के मध्य निःशुल्क वितरण कराया जाना है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा0 गेंहू 16 किग्रा० फोर्टिफाइड चावल एवं 05 किग्रा० मक्का ( उपलब्धतानुसार चावल के स्थान पर) "प्रथम आओ, प्रथम पाओ" के आधार पर निःशुल्क वितरित कराया जाएगा। प्रत्येक दशा में चावल एवं मक्का को मिलाकर वितरण स्केल को 21 किग्रा० प्रति कार्ड रखा जाएगा। मक्का का स्टॉक समाप्त होने के पश्चात लाभार्थियों को 21 किग्रा चावल वितरित किया जाएगा। तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को 2.0 किग्रा० गेंहू 2.0 किग्रा० फोर्टिफाइड चावल एवं 01 किग्रा० मक्का (उपलब्धतानुसार) फुल 05 किग्रा० खाद्यान्न प्रति यूनिट "प्रथम आओ, प्रथम पाओ" के आधार पर निःशुल्क वितरित कराया जाएगा। प्रत्येक दशा में चावल एवं मक्का को मिलाकर वितरण स्केल को 3.0 किग्रा० प्रति कार्ड रखा जाएगा। मक्का की मात्रा समाप्त होने पर 3 किग्रा० प्रति यूनिट चावल वितरित किया जाएगा। अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास अक्टूबर, नवम्बर व दिसम्बर, 2024 के सापेक्ष 03 किग्रा० चीनी प्रति कार्ड रू0-18/ प्रति किग्रा० की दर से रू0-54/- में वितरण सुनिश्चित कराया जाएगा। अन्त्योदय कार्डधारकों को चीनी के सम्बन्ध में पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी। लाभार्थी अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे। उन्हें मोबाइल ओ०टी०पी० के माध्यम से वितरण की सुविधा दिनांक 28 दिसम्बर को उपलब्ध रहेगी। कार्डधारको को पोर्टेबिलिटी के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। वितरण को पारदर्शी बनाने हेतु प्रत्येक उचित दर दुकान पर पर्यवेक्षक / नोडल अधिकारियों की तैनाती की गयी है। ई-पॉस मशीनों से वितरण प्रत्येक दिवस प्रातः 08:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं दोपहर 02:00 से सायं 6:00 बजे तक किया जाएगा। किसी भी कार्डधारक को राशन प्राप्त करने में असुविधा होती है तो इसके लिए सम्बन्धित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/ पूर्ति निरीक्षक से सम्पर्क करें। खाद्यान्न से सम्बन्धित किसी भी समस्या के समाधान हेतु उपजिलाधिकारी छिबरामऊ 9454416468, उपजिलाधिकारी सदर कन्नौज 9454416467, उपजिलाधिकारी तिर्वा 94544 16469, जिला पूर्ति अधिकारी 9918584700, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी 7017737593, पूर्ति निरीक्षक तिर्वा 9889433959, पूर्ति निरीक्षक तहसील कन्नौज 7839301822, पूर्ति निरीक्षक समस्त नगर क्षेत्र 8423481194, पूर्ति निरीक्षक तहसील छिबरामऊ 9451178589, तथा डिस्ट्रिक्ट कमान्ड नम्बर 1077 पर सम्पर्क करें।

# गो तस्करों व पुलिस की मुठभेड़ में, 02 नफर गो तस्करों को गोली लगने से घायल/गिरफ्तार

## पशु तस्करों के कब्जे से, 02 पिकप से 16 राशि गोवंश बरामद, 01 आरक्षी को तस्करों के पिकप से टक्कर, घायल

**ब्यूरो समाज जागरण**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में जनपद में गो-तस्करी, अन्तर्राज्यीय गो-तस्करों तथा वांछित/पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 10.12.2025 को थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस व एसओजी टीम को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि कुछ पशु तस्कर 02 पिकप से कुछ गोवंश को थाना करमा से नौगढ़ व मधुपुर रॉबर्ट्सगंज के रास्ते बिहार वध करने हेतु ले जा रहे है। उक्त सूचना पर थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस व एसओजी टीम द्वारा दो अलग-अलग टीमे बनाकर तत्काल मौके पर पहुँचकर दोमुहिया पुलिया के पास घेराबन्दी की गई। जिसमें खुद को घिरता देखकर अपराधियों द्वारा भागने के प्रयास में पिकप से एक आरक्षी को टक्कर मारकर घायल कर दिया गया एवं भागने के दौरान पुलिस बल के उपर फायरिंग शुरू कर दी गई जिसमें आत्मरक्षा की जवाबी कार्यवाही में पुलिस बल द्वारा की गई फायरिंग में 02 अभियुक्तगण 01. नीरज कुमार पुत्र महेन्द्र भारतीय निवासी खुदई थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 22 वर्ष एवं 02. मुन्ना पुत्र बीना निवासी चैनपुर भभुआ बिहार उम्र करीब 27 वर्ष के पैर में गोली लगने से घायल/गिरफ्तार हो गये है व कब्जे से 02 पिकप में 08-08 राशि गोवंश, , 02 अदद तमंचा .315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर व 03 अदद खोखा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया एवं अन्य 03 अभियुक्त 1. भगवान यादव 2. विकास यादव पुत्रगण अज्ञात निवासीगण भभुआ बिहार 3. बलवन्त यादव पुत्र अज्ञात, अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। घायल अभियुक्तगण एवं आरक्षी को इलाज हेतु जिला चिकित्सालय, लोढ़ी पुलिस अभिरक्षा में भेजा गया है। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना रॉबर्ट्सगंज सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर दिया गया है। अग्रेतर विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम कैमूर बिहार के रहने वाले है। हम लोगों का एक गिरोह है जो काफी दिनों से गो तस्करी का काम करते है। हम लोगों की गाड़ी में भगवान यादव, बलवन्त यादव एवं विकास यादव भी बैठे थे। हम लोग इन 16 राशि गोवंशों को मध्य प्रदेश (कलवरी) एवं मीरजापुर के बॉर्डर के पास से मिलकर लादे थे तथा नौगढ़ होते हुए बिहार ले जाकर वहां पर शातिर तस्कर क्रमशः नाटे, मुखिया और हाफिज को देते थे। इसकी पूर्व में भी कई बार हम लोग इसी योजना के तहत ले जाकर इन लोगों को दिये हैं। जिनके द्वारा वध के लिए पश्चिम बंगाल भेजा जाता है।

# परिषदीय स्कूलों के 29 विद्यार्थी, विद्याज्ञान प्री-एंट्रेंस में सफल

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। प्रतिष्ठित विद्याज्ञान आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 प्रवेश के लिए हुई प्रारंभिक परीक्षा में जिले के परिषदीय स्कूलों के कुल 29 नन्हें प्रतिभागियों ने अपनी मेधा का दम दिखाते हुए सफलता हासिल की। इनमें 13 विद्यार्थी और 16 बालिकाएँ शामिल हैं, जो अब मुख्य परीक्षा के चरण तक पहुँच गई हैं। इस उपलब्धि पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पाण्डेय, डीसी प्रशिक्षण जय किशोर वर्मा ने छात्र-छात्राओं सहित उनके मार्ग दर्शक शिक्षकों को शुभकामनाएँ देते हुए आगे की परीक्षा के लिए हौसला बढ़ाया। पिछले कई वर्षों से विद्याज्ञान, नवोदय एवं आश्रम पद्धति विद्यालयों की प्रवेश परीक्षाओं में लगातार उत्कृष्ट परिणाम देने वाली यह श्रृंखला इस बार भी कायम रही। इंग्लिश मीडियम मॉडल प्राथमिक विद्यालय दुरावलखुर्द (घोरावल, सोनभद्र) के छात्र शुभम की सफलता ने विद्यालय का गौरव बढ़ाया, जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार सिंह, प्रभारी प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार गुप्त तथा शिक्षक नीरज कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, आलोक कुमार सिंह, सीमा मिश्रा व अरविंद कुमार ने शुभम को साधुवाद देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# 16 वर्ष पूर्व हुए उमेश चौधरी हत्याकांड के मामले में कोर्ट का आया फैसला, दोषी नक्सली संरक्षणकर्ता संत कुमार चेरो को उम्रकैद

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। करीब साढ़े 16 वर्ष पूर्व हुए उमेश चौधरी हत्याकांड के मामले में बुधवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम जीतेंद्र कुमार द्विवेदी की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी नक्सली संरक्षणकर्ता संत कुमार चेरो को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने 20 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न देने पर 4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं तीन नक्सलियों अनिल ठाकुर, लालब्रत कोल व मुन्ना विश्वकर्मा को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक दीनानाथ चौधरी पुत्र स्वर्गीय रामपति निवासी कन्हौरा , थाना चोपन , जिला सोनभद्र ने 25 जनवरी 2009 को थानाध्यक्ष चोपन को दी तहरीर में अवगत कराया था कि 24 जनवरी 2009 को शाम 7 बजे संत कुमार चेरो पुत्र तेजबली व बाबा पुत्र तेजबली चेरो निवासी कन्हौरा, थाना चोपन, जिला सोनभद्र उसके परचून की दुकान पर आए और दुकान पर बैठी पत्नी चंचला को बकाया 50 रुपये दिया और फिर से उधार सामान मांगने लगे। जब पत्नी ने देने से इनकार कर दिया तो जबरन कुर्सी उठाकर ले जाने लगे। जिसपर उसका बेटा उमेश चौधरी ने उन्हें रोका और दो झापड़ मारपीट कर कुर्सी छुड़ाकर भगा दिया। करीब एक घण्टे बाद शाम 8 बजे पुनः दोनों आए और उसके बेटे उमेश चौधरी को बुलाकर ले गए और कुछ दूर ले जाकर गोली मार दिया। गोली की आवाज सुनकर जब कुछ लोगों के साथ जाने लगे तो संत कुमार चेरो की मां ने रोक दिया। बाद में जब वहां जाकर देखा तो बेटे की लाश पड़ी थी। तब सूचना दे रहा हूं।आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में नक्सलियों के संरक्षणकर्ता संत कुमार चेरो, उसके भाई बाबा, नक्सली अनिल ठाकुर, नक्सली लालब्रत कोल व नक्सली मुन्ना विश्वकर्मा के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। आरोपी बाबा पुत्र तेजबली चेरो के गायब होने की वजह से उसकी पत्रावली अलग कर दी गई।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 8 गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी नक्सली संरक्षणकर्ता संत कुमार चेरो को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने उसके ऊपर 20 हजार रुपये अर्थदण्ड भी लगाया है। अर्थदंड न देने पर 4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं तीन नक्सलियों अनिल ठाकुर, लालब्रत कोल व मुन्ना विश्वकर्मा को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया गया।अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील विनोद कुमार पाठक ने बहस की।

# अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**




सोनभद्र। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर बुधवार 10 दिसम्बर 2025 को विन्ध्य विधि महाविद्यालय सोनभद्र में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। अध्यक्षता कर रहे अपर जनपद न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र शैलेंद्र यादव ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने 10 दिसम्बर 1948 को विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र जारी कर प्रथम बार मानवों के अधिकार के बारे में बात रखी थी। हालांकि आधिकारिक तौर पर इस दिन की घोषणा 1950 में हुई। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 10 दिसम्बर 1948 को घोषणा पत्रको मान्यता दिए जाने पर 10 दिसम्बर का दिन मानवाधिकार दिवस के लिए निश्चित किया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा मानवाधिकार के संबंध में इस वर्ष का केन्द्रित विषय Human Rights, Our Every Day Essentials रखा गया है तथा उनके द्वारा यह भी बताया गया है । श्री यादव ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का मुख्य उद्देश्य है कि प्रत्येक व्यक्ति जाति धर्म, रुप-रंग लिंग भाषा, अमीरी-गरीबी तथा क्षेत्रीयता के आधार पर भिन्न होने के बाद भी मानवाधिकार का हकदार है तथा सभी को समानता का अधिकार प्राप्त है। कार्यक्रम के दौरान विन्ध्य विधि महाविद्यालय के समस्त स्टाफ तथा उपस्थित विधि के छात्र-छात्राओं को नालसा द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं तथा नालसा Jagriti Unit व DAWN Unit के संबंध में जागरूक किया तथा इन योजनाओं के प्रचार-प्रसार करने का आवाह्न किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र के जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र राम सुलीन सिंह के दिशा-निर्देशन में शैलेन्द्र यादव अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र की अध्यक्षता में आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम के पश्चात लीगल एड क्लीनिक एवं मूट कोर्ट का निरीक्षण किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ शैलेन्द्र यादव, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित से किया। इस अवसर पर सत्यारमण त्रिपाठी डिप्टी चीफ एल.एल.डी.सी. सोनभद्र, प्राचार्य श्रीमती अंजली विक्रम, विन्ध्य विधि महाविद्यालय, प्रबन्धक अजय सिंह, संरक्षक डॉ. वीर सिंह आदि सहित विधि छात्र-छात्रायें एवं गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सत्यारमण त्रिपाठी डिप्टी चीफ एल. एल. डी. सी. सोनभद्र ने किया। यह जानकारी शैलेन्द्र यादव अपर जनपद न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र ने दी है।

# जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक सम्पन्न

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुईं। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की प्रगति की समीक्षा की, समीक्षा के दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति धीमी पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति में तेजी लायी जाये और मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा साप्ताहिक आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति की समीक्षा की जाये। आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध जिम्मेदारी तय कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, आयुष्मान कार्ड बनाने में जिला पंयायत विभाग, जिला पूर्ति विभाग, डी0सी0 एन0आर0एल0एम0 विभाग का सहयोग प्राप्त किया जाये और कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लायी जाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने एन0आर0सी0 सेन्टर पर सैम/मैम बच्चों की भर्ती होने की समीक्षा की तो यह तथ्य संज्ञान में आया कि एन0आर0सी0 सेन्टर में बच्चें कम संख्या में भर्ती किये जा रहे हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी, आर0बी0एस0के0 टीम के नोडल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रति माह जिला कार्यक्रम विभाग और आर0बी0एस0के0 के टीम द्वारा सैम/मैम के बच्चों को भर्ती कराना सुनिश्चित किया जाये, जिससे कि सैम/मैम बच्चें जल्द स्वस्थ्य हो सकें। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह शिकायतें प्राप्त हो रही है कि आशा बहुओं द्वारा सरकारी चिकित्सालयों के स्थान पर प्राईवेट चिकित्सालयो में डिलीवरी हेतु गर्भवती महिलाओं को भर्ती कराया जा रहा है, इस तरह की शिकायतों को संज्ञान में लेकर सम्बन्धित चिकित्सा अधीक्षक आशा बहुओं के विरूद्ध नोटिस देकर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करें, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरतें। उन्होंने कहा कि सी0एच0सी0, पी0एच0सी0 का मुख्य चिकित्साधिकारी, ए0 सी0एम0ओ0 द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण करें और अनुपस्थित चल रहे डाक्टर व कर्मचारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने यू0पी0 हेल्प डेस्क बोर्ड की समीक्षा की तो समीक्षा में बभनी व म्योरपुर के चिकित्सा अधीक्षक द्वारा जनपद के सूचकांक में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है, जिस पर जिलाधिकारी ने चिकित्सा अधीक्षक बभनी डॉ0 राजन सिंह, चिकित्सा अधीक्षक म्योरपुर डॉ0 पी0एन0 सिंह के कार्यों की सराहना की और अन्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि इन चिकित्सा अधीक्षक के तरह अन्य चिकित्सा अधीक्षक अपने कार्य को पूरा करें और जनपद की रैकिंग में सुधार लाये, उन्होंने कहा कि जनपद की रैंकिंग के अगले माह की समीक्षा में यदि प्रगति में शिथिलता पायी जायेगी तो सम्बन्धित चिकित्सा अधीक्षक व डी0पी0एम0 के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने निजी चिकित्सालयों के निरीक्षण कार्यो की भी समीक्षा की, उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि निजी चिकित्सालयों के नोडल अधिकारी प्राइवेट चिकित्सालयों का रोस्टर बनाकर निरीक्षण करें और उसकी मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये जिन अस्पतालों में मौके पर डाक्टर उपलब्ध न हो उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होने कहा कि जिला चिकित्सालय समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्दों पर मरीजो को दवा अस्पताल परिसर से उपलब्ध करायी जाये बाहर की दवा मरीजों को न लिखी जायें। इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने सुरक्षित मातृ वन्दना योजना, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, फैमिली प्लानिंग, नियमित टीकाकरण के प्रगति की गहन समीक्षा की और उन्होंने कहा कि आम जनमानस को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने हेतु केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जो भी योजनाएं हैं, उनका क्रियान्वयन निर्धारित समय के अन्तर्गत पूर्ण किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता व लापरवाही कदापि न बरती जाये। जिला स्वास्थ्य समिति शासनादेशानुसार जिले में बेहतर जन स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए समयबद्ध तरीके से कार्य करें। केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाया जाये। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 पंकज कुमार राय, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत एक प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया आयोजित

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। जनपद में मिशन शक्ति 5.0 के तहत एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहायक नोडल अधिकारी डॉ. चारु द्विवेदी (क्षेत्राधिकारी यातायात) के नेतृत्व और क्षेत्राधिकारी पिपरी अमित कुमार की उपस्थिति में, पिपरी सर्किल के अंतर्गत आने वाले अनपरा, शक्तिनगर और पिपरी

थाना के मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी, थाना अध्यक्ष और उनकी टीमों को प्रशिक्षित किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य मिशन शक्ति केंद्रों की कार्यशैली, कार्यप्रणाली और संचालन से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। प्रशिक्षण सत्र के दौरान, सहायक नोडल अधिकारी डॉ. चारु द्विवेदी ने कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से बताया, इनमें महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा से संबंधित त्वरित पुलिस प्रतिक्रिया, मिशन शक्ति केंद्र पर आने वाली शिकायतों का समय रहते निस्तारण, पीड़ितों के प्रति संवेदनशील व्यवहार और काउंसलिंग प्रक्रिया शामिल थे। इसके अतिरिक्त, महिलाओं, छात्राओं और आमजन में सुरक्षा जागरूकता फैलाने के प्रभावी तरीके, साइबर अपराधों से बचाव और ऑनलाइन सुरक्षा उपाय, तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की उपयोगिता और उनकी व्यापक जानकारी प्रसारित करने की रणनीति पर भी चर्चा की गई। वही क्षेत्राधिकारी अमित कुमार ने मिशन शक्ति टीमों को फील्ड पर आने वाली चुनौतियों, घटनाओं की प्रारंभिक सूचना संग्रह, पीड़ित सहायता तंत्र और प्रभावी समन्वय व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। सहायक नोडल अधिकारी ने टीमों को निर्देशित किया कि वे मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से लागू करें और प्रत्येक पीड़ित को त्वरित, संवेदनशील एवं गुणवत्तापूर्ण सहायता उपलब्ध कराएं। सहायक नोडल अधिकारी डॉ. चारु द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा मिशन शक्ति के पांचवें चरण का शुभारंभ किया गया था उसी के क्रम में पिपरी सर्कल के तीनों थाने पिपरी, अनपरा, शक्तिनगर को पिपरी थाना पर बुलाकर के रिफ्रेशर कोर्स आयोजन किया गया था कि आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी दी जा सके, नई जानकारी दी जा सके कि कैसे कार्य करना है मिशन शक्ति केंद्र को और अच्छा बनाना है मिशन शक्ति केंद्र को कैसे मेंटेन करना है, अभिलेखों को कैसे अपडेट करना है, क्या-क्या एंट्री करना है कैसे काम करना है,एंटी रोमियो एस्कॉर्ट को कहां जाना है कैसे जाना है पीड़िता की सहायता कैसे करनी है इसकी जानकारी दी गई।

# एनटीपीसी रिहंद के नगर अनुरक्षण विभाग से अधेड़ का शव हुआ बरामद

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र/बीजपुर। थाना क्षेत्र अंतर्गत एन टी पी सी रिंहद परिसर के टी ए सी कार्यालय का साफ सफाई करने वाला संविदा सफाई कर्मी का बुधवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर के जान देने का मामला प्रकाश में आया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई के पश्चात पोस्ट मार्टम के लिए दुद्धी भेजवा दिया। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि भाई लाल 56पुत्र स्व बिसेसर निवासी बीजपुर गांव के गांधी धाम टोला । हर रोज की भाती सुबह टी ए सी कार्यालय में रोज की



भांति कार्य करने गया था कार्य करते समय ही उनके मन में क्या विचार आया कि वह दरवाजे के एंगल में रस्सी से फांसी लगा लिए जिससे उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचा मृतक का पुत्र पिंटु कुमार ने शव को उतारकर इलाज कराने के लिए सोचा लेकिन उसकी मौके पर मौत हो चुकी थी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचनामे की कार्रवाई के पश्चात दुद्धी भेज दिया। थाने में पुलिस की मध्यक्षता से परिजन व प्रबंधन के बीच देर तक चले वार्ता के दौरान दाह संस्कार के लिए पच्चास हजार सहित विभिन्न इंश्योरेंस क्लेम मिलने के आश्वासन पर सहमति बनी। तत्पश्चात परिजन शव को लेकर पोस्ट मार्टम के लिए दुद्धी चले गए।इस हृदय बिदारक घटना से परिजनों समेत टोले में मातम पसर गया। इस अनहोनी से घटना कैसे हुई पहेली बना हुआ है।

# राजस्व ग्राम- जुगैल में ग्रीन चौपाल का आयोजन 12 दिसम्बर को

## ग्रीन चौपाल में जिलाधिकारी ग्रामीणों से करेंगे सीधा संवाद

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0 एन0 सिंह ने अवगत कराया है की शासन द्वारा जन कल्याणकारी / विकास योजनाओं का समयबद्ध एवं पूर्ण कियान्वयन, उनका लाभ जनता तक पहुंचाने तथा भयमुक्त समाज की स्थापना हेतु कानून व्यवस्था की समीक्षा / विकास कार्यक्रमों का स्थलीय निरीक्षण किये जाने के निर्देश क्रम में 12 दिसम्बर 2025 को समय अपरान्ह 12:30 बजे से तहसील-ओबरा क्षेत्रान्तर्गत, राजस्व ग्राम- जुगैल के पंचायत भवन में ग्रीन चौपाल आयोजित किया जायेगा। आयोजित जन चौपाल में जनपद के संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वह ग्राम-जुगैल में आयोजित जन चौपाल में समस्त सूचनाओं के साथ ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

# चंद्रशेखर आजाद के खिलाफ धमकी भरा वीडियो पोस्ट, भीम आर्मी ने रॉबट्र्सगंज कोतवाली में कराई शिकायत दर्ज

**ब्यूरो समाज जागरण**



सोनभद्र। जनपद में भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी (एएसपी) ने रॉबट्र्सगंज कोतवाली में एक शिकायत दर्ज कराई है। यह शिकायत भीम आर्मी प्रमुख और नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित तौर पर आपत्तिजनक और धमकी भरा वीडियो पोस्ट करने के मामले में की गई है। आजाद समाज पार्टी सोनभद्र के जिलाध्यक्ष रविकांत ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 8 दिसंबर को शाम करीब 4 बजे उन्हें इंस्टाग्राम पर एक वीडियो दिखा। यह वीडियो '@king_of_mirzapur_tiger' नामक इंस्टाग्राम आईडी से पोस्ट किया गया था। इसमें एक व्यक्ति चंद्रशेखर आजाद के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग करते हुए धमकी दे रहा था। शिकायत के अनुसार, यह वीडियो 'परशुराम भक्त राजा भइया (king)' नामक फेसबुक आईडी पर भी साझा किया गया था। जांच में पता चला कि वीडियो पोस्ट करने वाला व्यक्ति मिजार्पुर के कछवा थाना क्षेत्र के बजहा निवासी राजू उपाध्याय पुत्र नागेश उपाध्याय है। वह इन दोनों सोशल मीडिया अकाउंट का उपयोग करता है। शिकायतकताओं ने कहा कि इन टिप्पणियों और गाली-गलौज से दलित समाज, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं और युवाओं में भारी आक्रोश है। इससे तनावपूर्ण माहौल बन रहा है और शांति तथा कानून व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। युवाओं में विरोध प्रदर्शन और धरने की तैयारी जैसी स्थिति है, जिससे कोई अप्रिय घटना हो सकती है। शिकायत में यह भी बताया गया कि आरोपी अपनी दोनों आईडी पर ऐसे कई वीडियो बनाकर साझा कर रहा है, जिनका उद्देश्य जातिगत और सामाजिक हिंसा फैलाना है। भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी ने थाना प्रभारी माधव सिंह से ऐसे व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निवेदन किया है। इस दौरान लीगल सेल के जिला संयोजक वीरेंद्र राव एडवोकेट, घोरावल विधानसभा प्रभारी रवि शंकर एडवोकेट, कोषाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र, भीम आर्मी लीगल एडवाइजर अमित रंजन एडवोकेट, जिला संगठन मंत्री सोनू जैस, पूर्व तहसील संयोजक रामसूरत, विधानसभा अध्यक्ष विजय राव, महावीर, अर्जुन चौहान, हीरा लाल नगर अध्यक्ष, करन, अजित, ऋषि राज, किरण बाबू, राज कुमार यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# थाना पिपरी पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी पिपरी के निर्देशन में थाना पिपरी पर पंजीकृत मु0अ0सं0-141/2025 धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट में वांछित अभियुक्त राजेश पाण्डेय पुत्र जनार्दन पाण्डेय हाल पता समता भवन पद्मिनी होटल के सामने पटेल नगर मुर्धवा थाना पिपरी जनपद सोनभद्र मूलपता ग्राम सराय पोस्ट सराय थाना पँवारा जिला जौनपुर उम्र करीब 32 वर्ष को मुखबीर की सूचना पर दिनांक 09.12.2025 को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया।

# हैंडपंप मरम्मत को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन, लोगों ने किया मरम्मत की मांग

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। विकास खण्ड कोन के ग्राम पंचायत देवाटन में बुधवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन लंबे समय से खराब पड़े हैंडपंप की मरम्मत न होने के विरोध में किया गया। ग्रामीणों के अनुसार गांव में हैंडपंप कई दिनों से खराब पड़ा है, जिससे उन्हें पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में ग्राम प्रधान और खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) को कई बार सूचित किया गया है और ज्ञापन भी सौंपा गया है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हैंडपंप की मरम्मत के लिए ग्राम प्रधान से कई बार अनुरोध किया गया है, फिर भी कोई कदम नहीं उठाया गया। उनका यह भी कहना है कि हैंडपंप की मरम्मत के नाम पर लाखों रुपये का भुगतान किया जा चुका है, लेकिन जमीनी स्तर पर काम नहीं हुआ। बतातें चलें कि ग्राम पंचायतों में हैंडपम्प मरम्मत के नाम पर प्रतिवर्ष लाखों रुपये की धन निकासी की जाती है जो स्वतः जाँच का विषय है। इस मामले पर खंड विकास अधिकारी ने आश्वासन दिया कि दो से तीन दिन के भीतर हैंडपंप का निरीक्षण कराया जाएगा। वहीं, ग्राम प्रधान ने बताया कि वे एक बैठक में व्यस्त हैं और एक-दो दिन में हैंडपंप को ठीक करवा दिया जाएगा। गौरतलब है कि इन दिनों पानी की किल्लत के कारण ग्रामीण लगभग 500 मीटर दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। ग्रामीणो का आरोप है कि 'हर घर नल योजना' का पानी भी उन्हें नहीं मिल रहा है, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई है। जबकि प्रधानमंत्री व सूबे के मुख्यमंत्री का सपना है कि लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो लेकिन कोन क्षेत्र में हर घर नल योजना सफेद हाथी साबित हो रहा है जो कि लोगों के लिए अभिशाप साबित हो रहा है।

# गैलेक्सी शतरंज में 125 खिलाड़ी शामिल

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में बालू बस्ती, तेघड़िया स्थित गैलेक्सी पब्लिक स्कूल में संघ के लर्निंग पार्टनर चेस क्रॉप्स अकादमी के सहयोग तथा विद्यालय के सौजन्य से बुधवार को एक निःशुल्क शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 125 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उद्घाटन समारोह में विद्यालय के



निदेशक नसीम धुनिया एवं प्राचार्या शबनम ने संयुक्त रूप से शतरंज बोर्ड पर चाल चलकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शतरंज विद्यार्थियों के बौद्धिक उत्थान, निर्णय क्षमता तथा मानसिक विकास को प्रोत्साहित करने वाला अत्यंत उपयोगी खेल है।

संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता तथा चेस क्रॉप्स अकादमी के प्रमुख कमल कर्मकार ने बताया कि प्रतिभागियों को आठ वर्गों में विभाजित कर प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक एवं संघ के संयुक्त सचिव, शतरंज प्रशिक्षक रोहन कुमार के अनुसार विभिन्न वर्गों में पीयूष, मानिक, रचित, फरहान, शहबाज, लक्ष्य, राशि, अयल एवं सुहाना ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अंश, आयुष, लकी, महसर, अंश कुमार, नाबील, नबीहा, निशा, आरुषि एवं निकिता द्वितीय स्थान पर रहे। जबकि सुधांशु, शहजाद, अयान, सुशांत, अमानत, रिया, रागिनी, परी एवं जोया को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी विजेताओं को विद्यालय प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षकवृंद– नीलूफर, राम, रजनी, शना, रिशु, एलिजा, राहुल, नवाज एवं अन्य कर्मियों का सराहनीय सहयोग रहा।

# गाछपारा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को मिला राष्ट्रीय प्रमाणीकरण

## सेवा-गुणवत्ता, स्वच्छता और प्रबंधन के मानकों पर राष्ट्रीय टीम की सर्वोच्च रेटिंग

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज जिले के स्वास्थ्य तंत्र के लिए आज का दिन गर्व और उपलब्धि का रहा। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर लगातार की जा रही कोशिशों को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी स्वीकृति मिली है। गाछपारा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को राष्ट्रीय गुणवत्ता मूल्यांकन टीम द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ 90.16 अंक प्राप्त हुए हैं। यह रेटिंग साबित करती है कि ग्रामीण क्षेत्र का यह केंद्र भी राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों पर पूरी मजबूती से खरा उतर रहा है।डीक्यूएसी सुमन सिन्हा ने बताया कि राष्ट्रीय टीम के द्वारा केंद्र का व्यापक निरीक्षण किया गया था, जिसमें साफ-सफाई, संक्रमण नियंत्रण, मरीजों की सुविधा, औषधि उपलब्धता, लैब सेवाएँ, रिकॉर्ड रखरखाव, मानव संसाधन की दक्षता और परिसर प्रबंधन जैसे सभी महत्वपूर्ण मानकों की विस्तृत समीक्षा की गई थी । जो कि केंद्र के व्यवस्थित संचालन, गंभीरता और टीम भावना ने मूल्यांकन दल को प्रभावित किया।



सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने कहा कि गाछपारा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट अंक प्राप्त करना जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए मील का पत्थर है।उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक प्रमाणन नहीं, बल्कि ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में हमारी सामूहिक मेहनत और व्यवस्था-सुधार का प्रमाण है। यह सफलता अन्य केंद्रों को भी इसी दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करेगी।

### गुणवत्ता निगरानी और प्रशिक्षण का प्रत्यक्ष परिणाम

डीक्यूएसी सुमन सिन्हा ने बताया कि केंद्र ने पिछले महीनों में जिस संगठित तरीके से प्रक्रियाओं में सुधार किए, उसने इसे राष्ट्रीय मानकों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।उन्होंने कहा कि दस्तावेज व्यवस्था, मरीज-संतुष्टि, संक्रमण नियंत्रण और सेवाओं के मानकीकरण पर केंद्र की टीम ने अत्यंत जिम्मेदारी से कार्य किया है। यह सफलता साबित करती है कि यदि टीम समर्पण के साथ काम करे तो कोई भी स्वास्थ्य केंद्र राष्ट्रीय स्तर तक पहुँच सकता है।

### गाछपारा की सफलता—ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए नई दिशा

जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ मुनजिम ने कहा कि ग्रामीण आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए यह उपलब्धि एक बड़ा संदेश देती है। गाछपारा केंद्र की टीम–एएनएम, आशा, लैब कर्मी, फार्मासिस्ट, सफाईकर्मी तथा अन्य स्टाफ–ने सेवा और गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता बनाकर मेहनत की, जिसका प्रतिफल राष्ट्रीय स्तर पर मिला है।यह उपलब्धि केवल एक प्रमाणन नहीं, बल्कि किशनगंज जिले की प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की विश्वसनीयता और मानकों की मजबूती का प्रमाण है।

# दाखिल-खारिज के नाम पर रिश्वत मांगने के आरोप में राजस्व कर्मचारी निलंबित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

सदर विधायक कमरूल हुडा के शिकायत पत्रांक 4/25 के माध्यम से मशरेकुल अनवार, पिताझइजाबुल हक, ग्रामझधोबीडांगा, पंचायत बुधरा, अंचल पोठिया द्वारा समर्पित आवेदन एवं साक्ष्य (ऑडियो क्लिप/पेन ड्राइव) के आलोक में मिथिलेश कुमार झा, राजस्व कर्मचारी, अंचल पोठिया पर दाखिल-खारिज कार्य के बदले रिश्वत माँगने का आरोप लगाया गया था। इस संबंध में जिलाधिकारी द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्यालय पत्रांक 3893/जि.गो., दिनांक 06.12.2025 के द्वारा जाँच का आदेश अपर समाहर्ता, विभागीय जाँच को दिया गया।प्राप्त जाँच प्रतिवेदन में पुष्टि की गई है कि परिवादी के दाखिल-खारिज संबंधी आवेदन वाद सं.-1767/2025-26 एवं 1768/2025-26 अंचल कार्यालय पोठिया में लंबित था।

परिवादी एवं राजस्व कर्मचारी के बीच हुई बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग में संबंधित राजस्व कर्मचारी द्वारा दस हजार रुपए एवं बाद में आठ हजार रुपए की रिश्वत की बार-बार माँग स्पष्ट रूप से सुनी गई।

यह भी स्पष्ट हुआ कि उक्त राशि देने पर ही कार्य करने का आश्वासन दिया गया तथा राशि नहीं देने पर बाधाएं उत्पन्न होने की बात कही गई।

जाँच में राजस्व कर्मचारी मिथिलेश कुमार झा पर लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया सत्य पाया गया।

फलस्वरूप जिलाधिकारी द्वारा मिथिलेश कुमार झा राजस्व कर्मचारी, अंचल पोठिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया । साथ ही, अपर समाहर्ता, किशनगंज को जाँच प्रतिवेदन एवं परिवाद पत्र की प्रति प्रेषित करते हुए निर्देशित किया गया कि प्रमाणित आरोपों के आधार पर आरोप पत्र 'प्रपत्र-क' गठित करते हुए अविलंब विभागीय कार्रवाई प्रारंभ करना सुनिश्चित करें।

# पटना के आईजीआईएमएस में एक ठग गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस) में बुधवार को पुलिस ने एक ऐसे दलाल को रंगेहाथों पकड़ा, जो मरीजों को बेड दिलाने और निजी अस्पतालों में भेजने के नाम पर ठगी करता था।पुलिस ने जिस दलाल को पकड़ा, उसकी पहचान मनोज कुमार शाही, उम्र 50 वर्ष, के रूप में हुई है। मनोज मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर का निवासी है। उसे आईजीआईएमएस के इमरजेंसी वार्ड से गिरफ्तार किया गया। वह विकलांग है, इसी कारण अस्पताल कर्मचारी और मरीजों के परिजन उस पर आसानी से संदेह नहीं कर पाते थे। इसी कमजोरी का वह बड़े चतुराई से फायदा उठा रहा था। मनोज का काम मरीजों के परिजनों को बहला-फुसलाकर उनसे पैसे वसूलना था। वह अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में घूमता रहता और बेड दिलाने का झांसा देता। जिन मरीजों को तत्काल उपचार की जरूरत होती, उनके परिजनों को वह यह विश्वास दिलाता कि अस्पताल के भीतर उसकी पकड़ है और वह बेड दिलवा सकता है। इसके बदले वह मोटी रकम की मांग करता था। यही नहीं, वह मरीजों को विभिन्न निजी अस्पतालों में भेजकर भी कमीशन कमाता था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह चौंकाने वाला



खुलासा हुआ कि मनोज अकेला नहीं था। उसने पूछताछ में बताया कि आईजीआईएमएस का एक सुरक्षाकर्मी भी इस गिरोह का हिस्सा था। दोनों मिलकर मरीजों की परेशानी का फायदा उठाते थे। यह सुरक्षाकर्मी मनोज का अस्पताल में प्रवेश आसान बनाता था और उसे इमरजेंसी वार्ड में सक्रिय रहने देता था। इसके बदले वह भी कमीशन लेता था। मनोज जिन निजी अस्पतालों में मरीजों को भेजता था, उनमें बोरिंग रोड, दीघा आशियाना, बेली रोड, राजाबाजार और पाटलिपुत्र स्थित कई अस्पताल शामिल हैं। इन अस्पतालों में उसे कमीशन मिलता था। जब कोई मरीज गंभीर स्थिति में होता और उसके परिवारजन घबराए रहते, मनोज मौके का फायदा उठाता और कहता कि आईजीआईएमएस में बेड मिलना मुश्किल है, इसलिए वह बेहतर सुविधा वाले निजी अस्पताल में तुरंत भर्ती करा सकता है। इससे अनजान परिजन उसके जाल में फंस जाते। आईजीआईएमएस के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. मनीष मंडल ने बताया कि कई दिनों से मरीजों के परिजनों की ओर से शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में मनोज लगातार इमरजेंसी वार्ड में घूमता और मरीजों से बातचीत करता नजर आया। इस आधार पर उस पर निगरानी बढ़ाई गई। गिरफ्तारी के समय वह इमरजेंसी वार्ड के बेड नंबर एबी-5 पर भर्ती मरीज चंदा चौबे के परिजन शशि भूषण चौबे से पैसों का लेनदेन कर रहा था। जैसे ही पुलिस को सूचना मिली, उसे रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद मनोज को शास्त्रीनगर थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। उसे जेल भेज दिया गया है। अस्पताल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मरीजों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और ऐसे किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा जो अस्पताल परिसर में अवैध गतिविधि चलाए। अब पुलिस उन अन्य दलालों की भी तलाश में है, जो मनोज के नेटवर्क का हिस्सा हो सकते हैं। शुरूआती पूछताछ से संकेत मिले हैं कि यह एक संगठित गिरोह है जो कई महीनों से सक्रिय था। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस नेटवर्क के सभी सदस्यों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# पटना में सड़क किनारे मिला युवक का शव, परिजनों में मचा कोहराम

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहटा थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह सड़क किनारे एक युवक का शव मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने जैसे ही सड़क किनारे पड़े शव को देखा, तुरंत पुलिस को सूचना दी। देखते ही देखते यह खबर पूरे गांव में फैल गई और मौके पर बड़ी भीड़ इकट्ठा हो गई। मृतक की पहचान नारायणपुर गांव निवासी चंदेश्वर राय के पुत्र जितेंद्र कुमार उर्फ माखों के रूप में हुई है। यह घटना न केवल क्षेत्र में सनसनी फैलाने वाली है, बल्कि इससे कई सवाल भी खड़े हो गए हैं कि युवक की मौत कैसे हुई और इसके पीछे कौन लोग शामिल हो सकते हैं। शव मिलने की सूचना मिलते ही बिहटा थाना की पुलिस टीम तुरंत मौलिनगर के चुनौटी कुआं के पास घटनास्थल पर पहुंची। शव जिस स्थिति में मिला, उसे देखकर पुलिस को प्रारंभिक तौर पर आशंका हुई कि युवक की पीट-पीटकर हत्या की गई है। मृतक के शरीर पर कई जगह चोटों के निशान मिले हैं, जो किसी संघर्ष या हिंसा की ओर संकेत करते हैं। पुलिस ने आसपास के इलाके की तलाशी ली, लेकिन घटनास्थल से कोई विशेष सबूत बरामद नहीं हो पाया। जितेंद्र कुमार मंगलवार शाम को बहपुरा जाने की बात कहकर घर से निकले थे, परंतु रात भर घर नहीं लौटे। परिजन चिंतित होकर उनकी तलाश में जुटे रहे, लेकिन कोई पता नहीं चला। बुधवार सुबह जब स्थानीय लोगों से जानकारी मिली कि सड़क किनारे एक शव पड़ा हुआ है, तो परिजन घटनास्थल की ओर भागे। शव की पहचान करते ही परिवार में मातम फैल गया। भतीजे सोनू कुमार ने बताया कि जितेंद्र कभी बिना बताए घर से दूर नहीं जाते थे, इसलिए जब रात तक उनका कोई अता-पता नहीं चला, तो परिजनों को आशंका होने लगी थी। घटनास्थल पर पहुंचकर



परिजनों ने आरोप लगाया कि जितेंद्र की हत्या की गई है। उनका कहना था कि युवक को बुरी तरह पीटा गया और फिर शव को सड़क किनारे फेंक दिया गया। परिजन दावा कर रहे हैं कि यह सामान्य मौत नहीं है बल्कि सोची-समझी साजिश के तहत की गई हत्या है। परिवार के इस आरोप ने मामले को और गंभीर बना दिया है, जिससे पुलिस जांच में कई नए पहलू तलाशने की जरूरत पड़ेगी। बिहटा थाना के दरोगा नीतीश कुमार ने बताया कि सुबह सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं और शक है कि उसकी पिटाई की गई हो सकती है। हालांकि पुलिस ने स्पष्ट कहा है कि मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सुनिश्चित हो सकेगा। शरीर की स्थिति और चोटों के आधार पर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि मौत संभवतः मंगलवार देर शाम या रात के समय हुई होगी। घटनास्थल की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने पटना एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लैब) की टीम को भी जांच के लिए बुलाया। एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर इलाके की बारीकी से जांच की। उन्होंने मिट्टी के नमूने, संभावित खून के धब्बों और शव के आसपास के क्षेत्र की तस्वीरें लीं। फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही यह पता चल सकेगा कि युवक की हत्या किस तरह की गई और क्या वहां कोई अन्य व्यक्ति मौजूद था। मौलिनगर का चुनौटी कुआं इलाका अपेक्षाकृत सुनसान होता है। यहां रात में लोगों की आवाजाही कम रहती है। यही कारण है कि अपराध होने की संभावना अधिक रहती है, क्योंकि अपराधी आसानी से घटना को अंजाम देकर भाग सकते हैं। शव जिस स्थान पर मिला, वह इस बात की ओर संकेत करता है कि संभवतः हत्या कहीं और की गई और शरीर को यहां लाकर फेंक दिया गया। हालांकि पुलिस सभी संभावनाओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

# बालू तथा भू माफियाओं के खिलाफ इओयू ने गठित किया स्पेशल टास्क फोर्स की टीम

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार के विभिन्न जिलों में बड़े स्तर पर बालू तथा भू माफिया के खिलाफ बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने बड़े स्तर पर कार्रवाई करने के लिए विशेष कार्य बल का गठन किया है। इस विशेष कार्य बल के गठन का मुख्य उद्देश्य बिहार के विभिन्न जिलों में बालू घाटों से अवैध बालू




उत्खनन कर सरकारी राजस्व को क्षति पहुंच कर काली कमाई के बूते आर्थिक साम्राज्य खड़ा करने वाले बड़े बालू माफियाओं को सलाखों के भीतर पहुंचना है। भंडारण, आर्थिक अपराध, अवैध माफियाओं के साथ जुड़े अपराधों एवं उनके वित्तीय स्त्रोतों की जाँच एवं उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह दल राज्य के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों, संबंधित विभागों एवं जिलों के प्रशासन से समन्वय एवं सहयोग स्थापित कर लगातार कार्रवाई करना सुनिश्चित करेगा। उल्लेखनीय है कि हाल ही में उप-मुख्यमंत्री (गृह) तथा पुलिस महानिदेशक, बिहार द्वारा आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में बालू एवं भू-माफियाओं के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई करने के लिए आर्थिक अपराध ईकाई, बिहार, पटना को निर्देशित किया गया है।

# पटना पुलिस ने किया चार शराब तस्करों को गिरफ्तार

## पांच लाख की विदेशी शराब सहित 17.61 लाख रुपये जप्त

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के जक्कनपुर थाना क्षेत्र के बैंक कॉलोनी में पुलिस द्वारा की गई छापेमारी में विदेशी शराब की बड़ी खेप बरामद हुई है।

जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह गुप्त सूचना के आधार पर पटना पुलिस की टीम बैंक कॉलोनी स्थित एक मकान पर पहुंची। पुलिस को संदेह था कि इस मकान में अवैध शराब का स्टॉक रखा जा रहा है। जब पुलिस ने दरवाजा खटखटाया और तलाशी शुरू की, तो घर के कमरों से विदेशी शराब की बड़ी मात्रा में बोतलें बरामद हुईं। पुलिस के अनुसार जब्त की गई शराब का मूल्य करीब 5 लाख रुपये है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से चार तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। यह सभी लोग उसी मकान को किराए पर लेकर वहां रह रहे थे। पुलिस को इनसे 17.61 लाख रुपये नकद भी मिले हैं, जो संभवतः शराब की बिक्री से इकट्ठा किए गए थे। यह राशि इस बात का संकेत है कि तस्करी का यह कारोबार लंबे समय से व्यवस्थित तरीके से चल रहा था। गिरफ्तार तस्करों से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है, ताकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाया जा सके।



जिस मकान में तस्कर रह रहे थे, वह एक स्थानीय पत्रकार का बताया जा रहा है। हालांकि पत्रकार स्वयं यहां नहीं रहते थे, बल्कि मकान को किराए पर दिया गया था। तस्करों ने इस मकान को रिहायशी इलाके में इसलिए चुना ताकि किसी को संदेह न हो। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि मकान मालिक को इस अवैध गतिविधि की जानकारी थी या नहीं। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार तस्करों ने कई अहम खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि पिछले छह महीनों से वे इस जगह पर शराब का स्टॉक जमा कर रहे थे। शराब मध्यप्रदेश से ट्रेन के जरिए लाई जाती थी। दानापुर स्टेशन पर शराब उतारी जाती थी और वहां से ऑटो तथा ई-रिक्शा के माध्यम से बैंक कॉलोनी और विग्रहपुर स्थित दूसरे ठिकाने पर पहुंचाई जाती थी। तस्करों ने पुलिस पूछताछ में स्वीकार किया कि छठ और दीपावली जैसे बड़े त्योहारों में भी उन्होंने भारी मात्रा में शराब की सप्लाई की थी। नए साल के जश्न को देखते हुए वे भारी मात्रा में स्टॉक तैयार कर रहे थे, ताकि बढ़ी हुई मांग का फायदा उठाया जा सके। पुलिस का मानना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं होती, तो नए साल के दौरान बड़े पैमाने पर अवैध शराब की बिक्री होती। गिरफ्तार तस्करों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की तह तक जाने की तैयारी में है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि शराब की सप्लाई किन-किन जिलों में की जाती थी और किन लोगों को इसमें शामिल किया गया था। साथ ही दानापुर रेलवे स्टेशन पर शराब उतारने की प्रक्रिया की भी जांच की जा रही है, ताकि भविष्य में इसे रोका जा सके।

# पटना के 32 केंद्रों पर होगी बिहार पुलिस चालक सिपाही भर्ती परीक्षा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार पुलिस चालक सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर राज्य में व्यापक तैयारी की गई है। बुधवार को होने वाली इस लिखित परीक्षा में पूरे बिहार से कुल 1 लाख 64 हजार अभ्यर्थियों के शामिल होने की उम्मीद है। यह परीक्षा राज्य सरकार के सुरक्षा और पुलिस व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण पद के लिए आयोजित की जा रही है, इसलिए प्रशासन की ओर से विशेष सतर्कता और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस भर्ती परीक्षा को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए पूरे बिहार में कुल 315 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से पटना जिले में 32 केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां 19,614 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। पटना के इन केंद्रों को 17 जोन में विभाजित किया गया है ताकि नियंत्रण और निगरानी आसान हो सके। प्रत्येक जोन में प्रशासनिक अधिकारी, सुरक्षा बल और निगरानी टीम तैनात की गई है, जो परीक्षा के संचालन को सुचारू रूप से सुनिश्चित करेगी। चालक सिपाही भर्ती की यह लिखित परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा शुरू होने से काफी पहले ही परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की एंट्री की प्रक्रिया प्रारंभ करा दी गई है। प्रवेश के दौरान कड़ी जांच की जा रही है जिसमें आईडी सत्यापन, एडमिट कार्ड जांच और प्रतिबंधित वस्तुओं की तलाशी शामिल है। प्रशासन इस



बात को लेकर सख्त है कि कोई भी नकल या अनुचित गतिविधि का प्रयास न हो। इसी कारण प्रत्येक केंद्र पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती बढ़ा दी गई है और सीसीटीवी व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। परीक्षा को नकलमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए प्रशासन ने बड़ी संख्या में दंडाधिकारियों की नियुक्ति की है। पटना में 40 स्टेटिक दंडाधिकारी, 17 जोनल दंडाधिकारी, 8 उड़नदस्ता दंडाधिकारी और 10 सुरक्षित दंडाधिकारी तैनात किए गए हैं। स्टेटिक दंडाधिकारी सीधे परीक्षा केंद्रों की निगरानी करते हैं, जबकि जोनल दंडाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में परीक्षा संचालन की पूरी जिम्मेदारी निभाते हैं। उड़नदस्ता टीमें आकस्मिक जांच के लिए लगातार केंद्रों का भ्रमण करती रहती हैं ताकि किसी भी गड़बड़ी की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। बिहार में सरकारी भर्तियों में होने वाली संभावित धांधली की रोकथाम के लिए आर्थिक अपराध इकाई यानी ईओयू विशेष सतर्कता बरत रही है। इसी कड़ी में सोमवार की रात पटना के गोला रोड स्थित एक ठिकाने पर छापेमारी की गई। इस कार्रवाई में प्रशासन ने एक बड़े परीक्षा माफिया संजय कुमार प्रभात को गिरफ्तार किया है। संजय की गिरफ्तारी ने बड़ी धांधली को होने से पहले ही रोक दिया। वह 10 दिसंबर को होने वाली चालक सिपाही परीक्षा और 14 दिसंबर को प्रस्तावित दरोगा भर्ती परीक्षा में नकल कराने की योजना बना रहा था। संजय शेखपुरा जिले के शेखुपुर बाजार का निवासी है और लंबे समय से अभ्यर्थियों को पास कराने के नाम पर पैसे वसूलने के आरोप में संलिप्त पाया गया। उसके मोबाइल से 72 अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड बरामद हुए हैं, जिनमें चालक सिपाही, दरोगा और रेलवे भर्ती परीक्षाओं के अभ्यर्थी शामिल हैं। इससे साफ संकेत मिलता है कि वह एक संगठित नेटवर्क के माध्यम से यह धांधली कराने की कोशिश कर रहा था। ईओयू की इस कार्रवाई के बाद परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों में भरोसा बढ़ा है कि परीक्षा निष्पक्ष माहौल में आयोजित की जाएगी।

# पटना में कोर्ट आदेश पर फरार आरोपी लव खुश शर्मा के घर इश्तिहार चिपकाया

## डोल-नगाड़े के साथ किया सार्वजनिक घोषणा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र के मौर्य विहार में बुधवार को पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी लव खुश शर्मा के घर पर उच्च न्यायालय के आदेश के तहत इश्तिहार चिपकाया। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने परंपरागत तरीके से डोल-नगाड़ा बजाकर सार्वजनिक घोषणा भी की।



जानकारी के अनुसार कुछ महीने पहले आरोपी लव खुश शर्मा ने बिल्डर श्रीकांत शर्मा पर करीब से गोली चलाई थी, लेकिन वह बाल-बाल बच गए थे। वारदात के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था और पुलिस की पकड़ से दूर था। उच्च न्यायालय ने मामले में सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी को फरार घोषित करने की प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया था। उसी क्रम में बुधवार को फुलवारीशरीफ थाना की टीम ने आरोपी के घर पर इश्तिहार चस्पा किया। इस कार्रवाई का नेतृत्व फुलवारी शरीफ थाना के थानाध्यक्ष गुलाम मोहम्मद शहबाज आलम ने किया। पुलिस ने बताया कि अगर तय समय सीमा में आरोपी कोर्ट या थाना में समर्पण नहीं करता है, तो आगे कठोर कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी।इश्तिहार चिपकाए जाने की कार्रवाई के बाद इलाके में चर्चा तेज हो गई है और लोग आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की अगली कार्रवाई पर नजर बनाए हुए हैं।

# कुटुम्बा थाना की विशेष छापेमारी: दो अजमानतीय वारंटी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

कुटुंबा (बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा थाना क्षेत्र में विशेष छापामारी अभियान चलाया गया, जिसमें दो अजमानतीय वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार




किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में सहेन्द्र यादव, पिता भुपत यादव, ग्राम लभरी विगहा, थाना कुटुम्बा जिला औरंगाबाद और सुर्दशन राम, पिता नरेश राम, ग्राम कुटुम्बा गढ़, थाना कुटुम्बा जिला औरंगाबाद को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि उक्त दोनों के खिलाफ कोर्ट से आजमानतीय वारंट निकला था ।विशेष छापेमारी अभियान के तहत इन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है

# पटना के संपतचक अंचल कार्यालय का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना के डीएम डॉ. त्यागराजन एस.एम., एडीएम मुकेश कुमार और डीसीएलआर ने बुधवार को संपतचक अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अंचलाधिकारी अमित कुमार सहित कई अधिकारियों और कर्मचारियों की गैरहाजिरी पाई गई। जिससे वर्षों से लंबित पड़े मामलों और जनता की शिकायतें पुष्टि हुईं। जिलाधिकारी ने दोषियों के खिलाफ सख्त और त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन ने बताया कि अंचल कार्यालय में लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर यह अचानक निरीक्षण किया गया। जनता का आरोप था कि कर्मचारी समय पर



कार्यालय में नहीं आते, काम लंबित रहता है और कई बार काम कराने के लिए लोगों को अतिरिक्त भुगतान करना पड़ता है। निरीक्षण में संपतचक सीओ, आरओ सहित कई प्राधिकारी अपने कार्यालय में अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने कहा कि यह स्थिति अस्वीकार्य है और जिन पर आरोप सिद्ध होंगे, उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। डॉ. त्यागराजन ने आगे बताया कि टीम ने सीधे प्रभावित लोगों से संपर्क किया और उनका मोबाइल नंबर लिया गया ताकि मामले की निगरानी और शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा की लोगों का काम वर्षों से लंबित रहा है, यह हमारी सहनशीलता के बाहर है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और जनता को न्याय दिलाने के लिए हम हर संभव कदम उठाएंगे। एडीएम मुकेश कुमार ने भी कहा कि कार्यालयीन उपस्थिति और सेवा गुणवत्ता की नियमित समीक्षा की जाएगी और जरूरत पड़ने पर सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। अधिकारियों ने जनता से अपील की कि किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तुरंत जिला प्रशासन को दें। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि शिकायतों के निवारण के लिए पारदर्शी और त्वरित प्रक्रिया अपनाई जा रही है ताकि नागरिकों को उनकी हक की सेवा समय पर मिल सके। पटना जिला प्रशासन सेवाओं की पारदर्शिता और समय पर निपटान के लिए प्रतिबद्ध है। प्रशासन का उद्देश्य सरकारी सेवा प्रवाह को प्रभावी बनाना और नागरिकों को न्यायपूर्ण, जवाबदेह एवं त्वरित सेवाएं प्रदान करना है। किसी भी अनियमितता की स्थिति में कड़ा सरकारी कदम उठाने के लिए जिला प्रशासन हमेशा तत्पर रहता है।

# पटना में प्रणाम करने पर नशेड़ी ने किया दलित पति पत्नी के साथ मारपीट

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ के खलीलपुरा मोहल्ले में एक दलित परिवार के साथ जातिसूचक गाली गलौज और मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार के अनुसार, मात्र प्रणाम करने पर एक नशेड़ी व्यक्ति ने बेवजह हमला कर दिया और पूरे परिवार को प्रताड़ित किया। हमले में पीड़िता के बेटे का सिर फट गया, जिसे इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।



फुलवारी शरीफ थाना में दी गई शिकायत में मीना देवी पत्नी छोटेलाल दास ने बताया कि बंटी किराना स्टोर के बगल में हनुमान मंदिर के पास नंदकिशोर यादव उर्फ.सोहराई पिता लखनी राय को प्रणाम किया, तो वह जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गंदी-गंदी गालियां देने लगा। आरोप है कि बिना किसी कारण के पति-पत्नी दोनों पर हमला कर दिया। इसी दौरान जब उनका बेटा सनी बीच-बचाव करने आया, तो उसे भी बेरहमी से पीटा गया। जिससे उसका सिर फट गया जबकि पीड़ित परिवार का उससे कोई व्यक्तिगत विवाद नहीं है। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें मेडिकल करवाने की सलाह दी। परिवार ने सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है।

पीड़ित परिवार ने फुलवारी शरीफ थाना में आवेदन देकर न्याय की मांग की है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं सोहराई राय के परिवार का कहना है कि सोहराई राय उर्फ. नंदकिशोर यादव अक्सर गांजा, शराब और नशीले पदार्थों के नशे में रहता है और मोहल्ले में बेवजह लोगों से उलझता रहता है। स्थानीय लोगों ने भी बताया कि उसका व्यवहार नशे की हालत में आक्रामक हो जाता है। ऐसे व्यक्ति को प्रणाम करने की क्या जरूरत है बेवजह आफत मोल लेना है।

# जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो की पहल पर मनरेगा कर्मियों का हुआ स्थानांतरण आदेश

**समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़ : जिला परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती मधुश्री महतो की लगातार पहल और मांग के बाद आखिरकार जिले में 10-12 वर्षों से एक ही प्रखंड में पदस्थापित मनरेगा संविदा कर्मियों के स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने जिले की बैठक में इस मुद्दे को मजबूती से उठाया था।

उन्होंने कहा था कि कनीय अभियंता, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक लेखा, कंप्यूटर ऑपरेटर सहित सभी संविदा कर्मियों का स्थानांतरण मनरेगा संविदा सेवा शर्त नियमावली



के आलोक में जनहित और कार्यहित के लिए आवश्यक है।

इसी क्रम में 13 जून 2025 को कुकडू में आयोजित जनता दरबार में भी उन्होंने यह मुद्दा उठाया था और इसके बाद उपायुक्त (DC) एवं उप विकास आयुक्त (DDC) को पत्र लिखकर शीघ्र हस्तांतरण की मांग की थी।

मधुश्री महतो की पहल पर कार्यवाही करते हुए उपायुक्त महोदय द्वारा 05 नवंबर 2025 को आदेश जारी किया गया, जिसमें सभी सम्बंधित मनरेगा कर्मियों को तीन दिनों के भीतर नए प्रतिस्थापन कार्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। इस कदम का स्थानीय लोगों ने स्वागत किया है और कहा कि लंबे समय से एक ही जगह पर जमे कर्मियों के स्थानांतरण से मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता और बेहतर कार्य संस्कृति विकसित होगी।

# आनंद मार्ग ने थैलेसीमिया रोगी के स्वास्थ्य लाभ के लिए 5 यूनिट रक्तदान एवं पांच मोतियाबिंद फेको सर्जरी किया गया।

**समाज जागरण 10.12.2025**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर : आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से 8 मोतियाबिंद रोगियों का फेको सर्जरी कर निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण किया गया। दवा एवं चश्मा पहना कर उनका स्वागत किया गया। आनंद मार्ग ने आयुष्मान एवं(डी.बी.सी.एस )राष्ट्रीय अंधत्व निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम से पिछले काफी सालों से दृष्टि सेवा महा अभियान चला रही है। साथ ही साथ आनंद मार्ग ने थैलेसीमिया रोगी के स्वास्थ्य लाभ के लिए 5 यूनिट रक्तदान जमशेदपुर ब्लड सेंटर में 2 घंटे में किया।




11 दिसंबर बृहस्पतिवार को आनंद मार्ग जागृति, गदरा शिव मंदिर के पास आंखों की बीमारी के लिए जांच शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से 1 बजे तक किया गया है।

सोनारी में एक अन्य कार्यक्रम में सुनील आनंद ने कहा कि मैं ब्रह्म हूं की साधना से आत्मविश्वास बढ़ता है , जहां डर है वही अंधविश्वास है जहां डर नहीं वहां भक्ति है डर से कभी भी भक्ति की उत्पत्ति नहीं होती भक्ति का मूल प्रेम है जहां परम पुरुष के प्रति विशेष प्रेम है वही भक्ति है ।

परमात्मा के प्रति भय एवं मनोकामना की इच्छा से अंधविश्वास एवं प्रेम से भक्ति का जन्म होता है ।

# टैक्स चोरी मामले में इंदौर के गुटखा कारोबारी किशोर वाधवानी को 2002 करोड़ का नोटिस

**समाज जागरण**

इंदौर के गुटखा कारोबारी किशोर वाधवानी व अन्य को सेंट्रल जीएसटी एंड एक्साइज कमिश्नरेट ने 2002 करोड़ का नोटिस टैक्स चोरी के मामले में दिया है। यह मध्य प्रदेश की टैक्स चोरी के इतिहास में अभी तक का सबसे बड़ा टैक्स डिमांड नोटिस माना जा रहा है। चार साल पहले वाधवानी की गुटखा फैक्टरियों पर जीएसटी ने छापे मारे थे और कर चोरी पकड़ी थी।

विभाग ने एलोरा टोबेको, दबंग दुनिया पब्लिकेशन सहित वाधवानी व उनसे जुड़े लोगों को नोटिस दिया है। 2002 करोड़ रुपये के डिमांड नोटिस में 75 करोड़ रुपये एक्साइज ड्यूटी लगाई गई है। यह टैक्स चोरी वर्ष 2017 से 2020 के बीच की गई। नोटिस मिलने के बाद वाधवानी व एलोरा ग्रुप ने कोर्ट में केस लगाया था। सुप्रीम कोर्ट ने केस खारिज कर दिया, जबकि हाईकोर्ट ने याचिका लगाकर बेवजह मामला अटकाने के मामले में दो लाख का जुमार्ना याचिकाकर्ता पर लगाया था।

**कोरोना काल में खूब बेचा गुटखा**

गुटखा कारोबारी ने कोरोनाकाल में खूब गुटका बेचा था। दरअसल तब देशभर में गुटखे की काफी डिमांड थी,क्योंकि देशभर में लॉक डाउन लगा था। तब बड़ी मात्रा में परिवहन की अनुमति लेकर इंदौर से गुटखा देश के कई शहरों तक पहुंचाया गया था। इस मामले में इंदौर में परिवहन की अनुमति देने वाले एक अधिकारी पर भी गाज गिरी थी। लॉकडाउन में बड़ी मात्रा में टैक्स चोरी कर गुटखा बेचने की जानकारी मिलने के बाद ही विभाग की टीम ने छापा मारा था। तब गुटखा कारोबारी किशोर वाधवानी को गिरफ्तार भी किया गया था।

# विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चें उपकरण पाकर खुशी से झूमे

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। समग्र शिक्षा व पीएम श्री विद्यालय के चिन्हित विशिष्ट आवश्यकता वाले 148 व 5 पीएम श्री कुल 153 बच्चों को सामग्री का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य तथा विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह की उपस्थिति में एलिम्को कानपुर द्वारा प्राप्त उपकरण/उपस्कर का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर किया गया।



पीएम श्री विद्यालय सुखपाल नगर के बच्चों ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। बच्चों को उपकरण ट्राईसाईकिल 9, व्हीलचेयर 68, सीपी चेयर 5, ब्रेल केन 2, रोलेटर 18, बैसाखी 8, एम आर किट 43, पी एम श्री व्हील चेयर 3, सी पी चेयर 1, कुल 4 सामग्री वितरित की गयी। 147 बच्चों को 193 उपकरण का वितरण बीआरसी सुखपाल नगर प्रतापगढ़ में किया गया। विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि आज विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है दिव्यांगता एक अवसर है जिसमें बच्चे पढ़ लिख कर आगे बढ़ रहे हैं ऐसे बच्चों को उपकरण प्रदान करना यह मेरे सौभाग्य की बात है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि कैंप लगाकर सभी दिव्यांग बच्चों को आवश्यकता अनुसार उपकरण दिए जा रहे हैं दिव्यांग बच्चों को किट प्रदान की जा रही है जिससे बच्चे पढ़ना लिखना सीख रहे हैं और हमारे विशेष शिक्षक उनको विशेष ट्रेनिंग देकर सामान्य बच्चों की तरह जीवन जीने की कला सीखा रहे हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बौद्धिक दिव्यांग आयशा फरहीन के नृत्य की प्रशंसा की। खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय एवं सदर संतोष श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। विशेष शिक्षक ने समर्थ पर तथा एलिम्को के डॉक्टर ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण कर बच्चों को नाश्ता देकर घर के लिए विदा किया। ब्लॉक अध्यक्ष नवीन प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का उत्साह बढ़ता है। महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष स्नेह शुक्ला ने कहा कि विभाग द्वारा दिए गए उपकरण की सराहना जितना किया जाए उतना कम है। कार्यक्रम का सफल संचालन धर्मेंद्र ओझा ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से लेखाधिकारी नरेंद्र कुमार, प्रधानाध्यापक सुमन सिंह सहित विनय सिंह, शालिनी मिश्रा, रामसूरत यादव, संगीता, अर्चना, वेंकटेश्वर, मनीष ,अशोक, इंद्र प्रताप, जितेंद्र, अवनीश, विनय ,गुलशन, पुनीत आदि मौजूद रहे।

# युवा समाजसेवी राजू महतो मृतक के परिजनों से मिल बढ़ाया भरोसा

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़ ।प्रखंड के बकसपुरा पंचायत रखवा निवासी नेमचंद महतो का कुछ दिन पहले लंबे समय तक इलाज के बाद निधन हो गया। उनके असमय निधन की खबर से पूरे गाँव में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार गहरे दुःख में डूब गया।

परिवार पहले ही अपने पिता, बड़े भाई और अन्य सदस्यों को खो चुका है, और अब उनके पास कोई सहारा नहीं बचा है। इस कठिन समय में, बकसपुरा पंचायत के युवा समाजसेवी एवं पूर्व मुखिया प्रत्याशी राजू महतो ने परिवार से मिलकर उनका दुःख साझा किया और उन्हें सांत्वना दी।



राजू महतो ने परिवार को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया और आर्थिक मदद भी प्रदान की। उन्होंने परिजनों को सरकारी योजनाओं से जुड़ने, आवश्यक कागजी कार्रवाई में मदद करने और प्रखंड विकास पदाधिकारी से शीघ्र संपर्क करने का आश्वासन दिया ताकि मृतक के परिजनों को सरकार से मिलने वाली योजनाओं का लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में वे परिवार के हर कदम पर उनके साथ है ।यह प्रयास न केवल परिवार के लिए सहारा है, बल्कि पूरे समाज के लिए भी यह संदेश है कि विपरीत परिस्थितियों में हम सबको एक-दूसरे का साथ देना चाहिए।

पंचायत में कहीं भी इस तरह की घटना होती है, हर संभव उन्हें मदद किया जाएगा।

# सदन में विधायक संजीव सरदार ने पोटका-डुमरिया के रैयतदारों को शीघ्र मुआवजा भुगतान की मांग रखी

**समाज जागरण 10.12.2025**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

विधानसभा में बोले विधायक संजीव सरदार – किसानो की जमीन पर सड़क बना दी गई लेकिन अंचलाधिकारी के सत्यापन के बावजूद रैयतदारों को मुआवजा नहीं दिया गया

रांची/जमशेदपुरः पोटका विधानसभा क्षेत्र के पोटका एवं डुमरिया प्रखंड में पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल जमशेदपुर द्वारा कई महत्वपूर्ण सड़कों के चौड़ीकरण, मजबूतीकरण एवं पुनर्निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। अधिकांश सड़कें 80 से 90 प्रतिशत तक तैयार हो चुकी हैं, जिससे आने वाले समय में दोनों प्रखंडों को आवागमन के क्षेत्र में बड़ा लाभ मिलने वाला है। लेकिन इन योजनाओं के लिए जिन रैयतदारों की भूमि अधिग्रहित की गई, उन्हें अब तक मुआवजा राशि का भुगतान नहीं हो सका है।

**रैयतदारों की जमीन का सत्यापन पूरा, पर भुगतान अटका**




विधायक संजीव सरदार ने सदन में बताया कि अंचलाधिकारी पोटका द्वारा भूमि का सत्यापन कार्य पूरी तरह से पूरा कर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के कार्यालय को रिपोर्ट भेज दी गई है। इसके बावजूद रैयतों को उनका वैधानिक मुआवजा नहीं मिल पाया है, जिससे प्रभावित किसान और ग्रामीण लगातार परेशान और प्रताड़ित महसूस कर रहे हैं। विधानसभा के शून्यकाल में अपनी बात रखते हुए विधायक संजीव सरदार ने सदन के माध्यम से सरकार से आग्रह किया कि अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भुगतान तत्काल कराया जाए ताकि रैयतदार किसानों और ग्रामीणों को उनका हक मिल सके।

पोटका एवं डुमरिया प्रखंड के निम्नलिखित पथों के निर्माण कार्य हेतु कई रैयतदारों की भूमि अधिग्रहित की गई थी, जिसका मुआवजा भुगतान अभी तक नहीं हुआ हैः

1. पोटका प्रखंड अंतर्गत पिछली से शंकरदा, दामूडीह, पाथरचाकड़ी होते हुए सुंदरनगर - जादूगोड़ा मुख्य पथ बानाडूंगरी भाया दामूडीह चौक लोवाडीह, चेमाईजुड़ी, धिरोल, बांगो, मेसोगोड़ा भाया धिरोल, खांचीबिल होते हुए हाता - जादूगोड़ा मुख्य पथ सावनाडीह (कालिकापुर) तक चौड़ीकरण, मजबूतीकरण / पुनार्निर्माण कार्य।
2. डुमरिया प्रखंड अंतर्गत भागाबंदी से बेसारपहाड़ी, सालगाडीह, दामूकोचा भाया भीतरआमदा, फुलझरी होते हुए उड़ीसा सीमा तक चौड़ीकरण, मजबूतीकरण / पुनार्निर्माण कार्य ।
3. पोटका प्रखंड अंतर्गत कोवाली से डुमरिया तक चौड़ीकरण, मजबूतीकरण / पुनार्निर्माण कार्य।

# डीएसपी कल्पना वर्मा पर एक कारोबारी ने लव ट्रैप का आरोप लगा कर की थाने में शिकायत, मचा हड़कंप।


**समाज जागरण**

बिलासपुर छत्तीसगढ़ की डीएसपी कल्पना वर्मा पर प्रेम संबंध, आर्थिक लेनदेन और ब्लैकमेलिंग जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। कारोबारी दीपक टंडन का आरोप है कि महिला डीएसपी को उसने अब तक करीब दो करोड़ रुपए दिए। साथ ही डायमंड रिंग, सोने की चेन और एक गाड़ी भी दिए। कारोबारी का आरोप है कि उसने एक होटल की रजिस्ट्री भी कल्पना वर्मा के भाई के नाम पर कर दिया। अब रायपुर में कारोबारी और उनकी पत्नी ने लिखित शिकायत दी और चैट, सीसीटीवी फुटेज जैसे सबूत पुलिस को सौंपे। पीड़ित का कहना है कि उसे पहले निजी रिश्तों में उलझाया गया और फिर उससे मोटी रकम और कीमती सामान लिया गया, मामला सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है। वहीं ऊरढ कल्पना वर्मा ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है. उन्होंने इसे पूरी तरह साजिश बताते हुए कहा कि उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।

# यातायात पुलिस हुई सख्त, 371 काटे चालान

**समाज जागरण**

उमरिया में यातायात पुलिस द्वारा नियमों के उल्लंघन पर नकेल कसते हुए ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर शहर में विशेष अभियान के दौरान विगत 26 नवम्बर 2025 से 10 दिसंबर 2025 तक 371 चालान काटे गए जिसमे 167400 समन शुल्क जमा की गई। यातायात थाना प्रभारी सी के तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला मुख्यालय के प्रमुख स्थानों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट,ओवरलोडिंग, गलत पार्किंग, कागजात अधूरे होने सहित अन्य नियम उल्लंघन के मामलों में चालान जारी किए गए हैं। यातायात पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण और



यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें तथा वाहन कागजात हमेशा साथ रखें, ताकि स्वयं की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके और कार्रवाई से भी बचा जा सके। पुलिस ने स्पष्ट किया कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। बुधवार को सुबह से शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों और व्यस्त मार्गों पर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान नो-पार्किंग जोन में वाहन खड़े कर यातायात में बाधा पैदा करने वाले वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी तथा परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हेलमेट पहनें और यातायात नियमों का पालन करें।

# हेलमेट पहनें, सुरक्षित घर लौटें , निगोहां पुलिस का जागरूकता अभियान, 100 वाहनों की चेकिंग, 6 सीज, 25 चालान

**समाज जागरण संवाददाता निगोहा**

लखनऊ निगोहां क्षेत्र में बुधवार को पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाया। इलाके के विभिन्न स्थानों पर पहुंची पुलिस टीम ने दोपहिया चालकों को हेलमेट के महत्व के बारे में जागरूक किया और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान चालक के साथ पीछे बैठने वाले को भी बेहतर क्वालिटी का हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने की सलाह दी गई।



अभियान के दौरान पुलिस ने 100 वाहनों की चेकिंग कर 6 वाहनों को सीज किया और 25 वाहनों का चालान काटा। नियम न मानने वालों को मौके पर कड़ी चेतावनी भी दी गई।अभियान का नेतृत्व कर रहे कार्यवाहक प्रभारी अनूप तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में होने वाली कई दुर्घटनाओं में मौत का सबसे बड़ा कारण सिर पर लगने वाली चोट है। इसके बावजूद लोग हेलमेट पहनने में लापरवाही करते हैं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है और हेलमेट जीवन बचाने का सबसे सरल साधन है।पुलिस टीम ने लोगों को यातायात नियमों का पालन करने, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने और नियमित रूप से हेलमेट पहनने की अपील की। साथ ही राहगीरों को यह भी समझाया गया कि दोपहिया या चारपहिया वाहन नाबालिगों को किसी भी स्थिति में न दें। वाहन चलाना सीखने के बाद ही वैध लाइसेंस बनवाकर बच्चों को अनुमति देने की सलाह दी गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस के इस प्रयास की सराहना की और इसे क्षेत्र की सुरक्षा के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। पुलिस ने कहा कि आगे भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे, ताकि सड़क हादसों में कमी आए और लोग सुरक्षित अपने घर लौट सकें।

# प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और प्रधानाध्यक के बीच लड़ाई बच्चों पर भारी

## बच्चों को प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने भेजा घर

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़ ।प्रखंड के बेड़ाहरियारा पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय बेड़ाहरियारा इन दिनों सुखियों पर है ।प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और प्रधानाध्यक के बीच लड़ाई बच्चों पर भारी पड़ रही है ।प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के द्वारा सोमवार




को बच्चों को वापस घर भेज दिया गया ।बच्चों का कसूर सिर्फ इतना है बच्चे महज 5 मिनट स्कूल देर से पहुंचे थे ।जिसे लेकर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के द्वारा बच्चों को वापस घर भेज दिया गया ।जिससे नाराज ग्रामीणों ने बुधवार को विद्यालय में जाकर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए हुए उन्हें अध्यक्ष पद से हटाने की मांग की है ।ग्रामीणों का आरोप है प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के मनमानी पुर्ण रवैये से विद्यालय की शैक्षणिक माहौल प्रभावित होकर रह गया है ।जिससे विद्यालय की छवि खराब हो रही है। विभाग को हस्तक्षेप करने की जरुरत है।

# फसल संरक्षण में युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण शुरू

**टीआरसीएससी प्रशिक्षण केंद्र, घोरानेगी में पांच दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ**

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़ : आत्मा सरायकेला के सौजन्य से टीआरसीएससी प्रशिक्षण केंद्र घोरानेगी में फसल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत युवाओं के कौशल विकास के उद्देश्य से पांच दिवसीय प्रशिक्षण की शुरूआत बुधवार को की गई। यह कार्यक्रम 10 से 14 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा।

प्रशिक्षण का उद्घाटन अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। मौके पर आत्मा सरायकेला के उप परियोजना निदेशक विजय सिंह ने




संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण ग्रामीण युवाओं को फसल संरक्षण के क्षेत्र में दक्ष बनाकर उन्हें सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में फसलों के सामान्य रोगों, कीटों एवं खरपतवारों की पहचान, एकीकृत कीट प्रबंधन (आईपीएम) तकनीक, कीटनाशकों का सुरक्षित उपयोग और पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों पर विशेष जोर दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में सरायकेला जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल 20 प्रतिभागी शामिल हुए हैं ।पहले दिन की प्रशिक्षण गतिविधियों में फसल सुरक्षा से संबंधित आधारभूत जानकारी एवं आधुनिक तकनीकों का परिचय दिया गया ।मौके पर आत्मा सरायकेला के उप परियोजना निदेशक विजय सिंह, जिला परामर्शी डी. एन. सिंह, बीटीएम चांडिल अमिताभ मांझी, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पंकज सेठ, केवीके सरायकेला के मधु महतो एवं डॉ. सुरेश प्रसाद साहू उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को व्यवहारिक ज्ञान अर्जित कर कृषि क्षेत्र में नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# रीवा-शहडोल उड़नदस्ता की बड़ी कार्रवाई

**उमरिया-बाँधवगढ़ क्षेत्र के दो रिसॉर्ट्स पर छापेमारी, गंभीर अनियमितताएँ**

**समाज जागरण विजय तिवारी**

उमरिया । खाद्य सुरक्षा विभाग की उड़नदस्ता टीम द्वारा बुधवार को ताज सफारी रिसॉर्ट में निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान रिसॉर्ट में कई अनियमितताएँ पाई गईं ।निरीक्षण के दौरान पाया गया कि रिसॉर्ट में ब्रेड निर्माण का कार्य किया जा रहा था, जबकि इसके लिए आवश्यक निर्माण लाइसेंस उपलब्ध नहीं था। बार में अल्कोहॉलिक बेवरेज का भंडारण एवं विक्रय किया जा रहा था, जो फूड लाइसेंस की शर्तों में उल्लेखित नहीं था ।मिसब्रांडेड दलिया का उपयोग भोजन तैयारी में हो रहा था।

खाद्य कारोबार का संचालन लाइसेंस की श्रेणी से बाहर पाया गया।

टीम ने मौके से 5 खाद्य नमूने लिए और तत्काल प्रभाव से बार संचालन बंद करने के आदेश जारी किए ।मॉनसून फॉरेस्ट रिजॉर्ट में सड़ी सब्ज़ियाँ, कीटयुक्त आटा और गंदगी मिली। गंभीर अनियमिताएं मॉनसून फॉरेस्ट रिजॉर्ट में भी मिली, जहाँ खाद्य स्वच्छता की स्थिति चिंताजनक पाई गई ।निरीक्षण के दौरान शाकाहारी और मांसाहारी खाद्य पदार्थ एक साथ संग्रहीत थे। एक्सपायरी मैदा और सड़ी-गली सब्ज़ियों का उपयोग भोजन में किया जा रहा था। भोजन तैयारी क्षेत्र में स्वच्छता नहीं थी और कार्य अस्वच्छ एवं अस्वास्थ्यकर स्थिति में चल रहा था। आटे में कीट पाए गए। अनियमितताओं पर टीम ने नोटिस जारी किया एवं लाइसेंस निलंबन की अनुशंसा जिला अधिकारी को भेजी।

# पशु चिकित्सा महाविद्यालय खोले जाने हेतु केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**समाज जागरण विजय तिवारी**

गौरेला ।केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने जिले में संचालित पकरिया पशु प्रजनन प्रक्षेत्र को पशु चिकित्सा महाविद्यालय खोले जाने हेतु मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। पूर्व मंडी अध्यक्ष ज्ञानेंद्र उपाध्याय ने बताया कि अमरकंटक पेंड्रा रोड में गौरेला मुख्यालय में ग्राम पकरिया में पशु प्रजनन केंद्र स्थित है और केंद्र के पास 10 से 12 एकड़ भूमि भी है जहां पशु चिकित्सालय महाविद्यालय खोला जा सकता है इस मांग को पूर्व मंडी अध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री टोकन साहू से मांग की थी।

# धार्मिक यात्राओं में तीर्थयात्रियों के बीच मोबाइल चोरी की बढ़ती घटनाएँ – सुरक्षा व्यवस्था नदारद : सोलंकी

आईआरसीटीसी द्वारा संचालित रामायण यात्रा के दौरान विभिन्न तीर्थ स्थलों पर तीर्थयात्रियों के मोबाइल फोन चोरी होने की घटनाएँ लगातार सामने आ रही हैं। इन घटनाओं के कारण यात्री अत्यंत परेशान हैं और स्थानीय प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग कर रहे हैं। धार्मिक आस्था के साथ हजारों रुपये खर्च कर यात्रा पर निकले तीर्थयात्रियों में तब भारी आक्रोश व्याप्त हो गया जब कई यात्रियों के मोबाइल फोन अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए गए। दिल्ली के समाजसेवी, राष्ट्रीय युवा चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा फेडरेशन ऑफ साउथ एंड वेस्ट डिस्ट्रिक्ट वेलफेयर फोरम के चेयरमैन श्री रणबीर सिंह सोलंकी ने बताया कि प्रयागराज में निर्धारित पड़ाव के बाद, संगम स्नान क्षेत्र स्थित लेटे हनुमान मंदिर के निकट, प्रातः लगभग 9:55 बजे उनका मोबाइल फोन किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। इस घटना के कारण उनके अनेक महत्वपूर्ण दस्तावेज, संपर्क और सूचनाएँ तत्काल बाधित हो गईं।

सोलंकी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कराते समय अनेक देशी-विदेशी सहयात्रियों ने भी इसी प्रकार अपने मोबाइल फोन चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई, जिससे यात्रियों में भारी रोष उत्पन्न हो गया है और तीर्थस्थलों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

# ऐसे 5 फर्मेंटेड फूड जिनसे मजबूत होती है गट हेल्थ, डाइट में करें शामिल

**हमारी सेहत का सीधा रिश्ता पेट से जुड़ा होता है. अगर पेट सही न हो तो शरीर में समस्याएं आने लगती हैं. लेकिन वहीं, अगर पाचन तंत्र सही तरीके से काम कर रहा हो तो जरूरी पोषक तत्व भी मिल जाते हैं और इम्यूनिटी सिस्टम भी मजबूत रहता है. इसके अलावा एनर्जी और मूड भी बेहतर रहता है. लेकिन आज कल लोगों की डाइट काफी अनहेल्दी हो गई है. बाहर का जंक फूड खा-खाकर लोगों ने अपनी गट हेल्थ बिगाड़ ली है, जिससे गैस, कब्ज और ब्लोटिंग की समस्या होना आम हो गया है.**




गट हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए कई ऐसी चीजें हैं जिन्हें आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं, जिनमें सबसे असरदार हैं फर्मेंटेड फूड्स. ये ऐसे फूड्स है जिनमें नेचुरली बैक्टीरिया ( प्रोबायोटिक्स) की संख्या बढ़ती है. जो पाचन को सुधारने में मदद करते हैं. चलिए जानते हैं किन फर्मेंटेड फूड को आप अपनी डाइट में शामिल करके गट हेल्थ को बेहतर बना सकते हैं.

## चेडर चीज़ का करें सेवन

चेडर चीज़ स्वाद में तो लाजवाब होती ही है, साथ ही पोषक तत्वों से भरपूर भी होती है. इसमें प्रोटीन, फैट, कैल्शियम, फास्फोरस और विटामिन के2 भी पाया जाता है. इसमें कैल्शियम होने की वजह से हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाता है. वहीं, विटामिन के5 हार्ट हेल्थ को हेल्दी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. इतना ही नहीं, ये आंतो के कामकाज को भी बेहतर बनाने में हेल्प करता है, जिससे पाचन बेहतर रहता है.

## प्रोबायोटिक अचार भी है लिस्ट में

गट हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए प्रोबायोटिक अचार भी काफी फायदेमंद होता है. इसमें बैक्टीरिया ( प्रोबायोटिक) होता है जो अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाने का काम करता है. हालांकि, ध्यान रखें कि सिर्फ फर्मेंटेड और नमक के पानी में बने अचार ही प्रोबायोटिक्स प्रदान करते हैं और गट हेल्थ को बेहतर बनाने में हेल्पफुल हैं.



## किमची भी है अच्छा ऑप्शन

किमची पत्ता गोभी के पत्ते से बनी कोरिया की एक बेहद पॉपुलर डिश है. इसे भी फर्मेंट करके बनाया जाता है, जिसकी वजह से इसमें प्रोबायोटिक्स होते हैं जो आंत



में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं और पाचन को बेहतर करते हैं. इसका सेवन करने से कब्ज , गैस और पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिलती है.

## दही भी है फायदेमंद

NCBI की रिसर्च के मुताबिक, दही भी गट हेल्थ को बेहतर बनाने में मददगार है. इसमें मौजूद प्रोबायोटिक अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं. इससे पाचन दुरुस्त होता है और गट माइक्रोबायोम को बैलेंस करता है. दही में मौजूद Lactobacillus और Bifidobacterium इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में हेल्प करते हैं.

## गट हेल्थ के लिए कांजी

कांजी भी गट हेल्थ के लिए एक बेनिफिशियल ड्रिंक है. इसमें नेचुरली प्रोबायोटिक पाए जाते हैं, जो आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं और पाचन को दुरुस्त करने में मदद करते हैं. इससे पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिलती है. ये ड्रिंक एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर से भरपूर होती है, जो आंत को हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं.

# फेस्टिव सीजन में मिठाई बनाते समय अपनाएं ये टिप्स

**फेस्टिवल सीजन यानी घर में खुशियां, रौनक और सबसे जरूरी मिठाइयों की मिठास. दिवाली से लेकर भाई दूज सभी त्यौहार या किसी खास अवसर पर कुछ लोग घर पर मिठाई बनाते हैं. हालांकि कई बार मिठाइयों का स्वाद या टेक्सचर सही नहीं आता, जिससे पूरी मेहनत पर पानी फिर जाता है. ऐसे में मिठाई बनाते समय आपको इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए.**

धनतेरस से फेस्टिव सीजन की शुरुआत हो जाएगी और भाई दूज तर देशभर में इसकी धूम देखने को मिलेगी. इस दौरान सभी अपनों घरों को डेकोरेट करते हैं. हर खुशी, सौभाग्य और

फेस्टिवल के मौके पर लोग एक दूसरे का मुंह मीठा करवाते हैं. सभी तरह के त्यौहार और पूजा में भी मिठाइयों को भाग भगवान को लगाया जाता है और प्रसाद के रूप में यह बहुत महत्वपूर्ण होती है. इसी तरह दिवाली पर भी लोग एक दूसरे से घर मिठाइयां और गिफ्ट्स देने जाते हैं. मिठाइयों की दुकानों में इस दौरान बहुत भीड़ देखने को मिलती है, उसी तरह कई जगहों से मिलावट की खबरें में सामने आती हैं.

मिठाई बनाते समय कुछ मिलावटखोर अपने फायदे के लिए इसमें मिलावट करते हैं. जिसे खाने के बाद व्यक्ति की सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है. ऐसे में कई लोग घर पर मिठाई बनाने के बारे में सोचते हैं. लेकिन मिठाई का टेस्ट सही नहीं आ पाता है. दरअसल कई बार छोटी-छोटी गलतियों की वजह से स्वाद या बनावट खराब हो जाती है. इसलिए मिठाई बनाते समय आपको इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए.




## सही क्वालिटि के इंग्रीडिएंट्स

सबसे जरूरी बात कि मिठाई बनाने में उपयोग किए जाने वाले इंग्रीडिएंट्स जैसे कि दूध, खोया, मावा, घी, बेसन, चीनी और ड्राई फ्रूट्स यह सभी अच्छी क्वालिटि के हों. बासी या फिर खराब इंग्रीडिएंट्स मिठाई का स्वाद बिगड़ सकते हैं. ताजा दूध और मावा, ताजा देसी घी और साफ चीनी का उपयोग करें. आप बिना मसाले वाले गुड़ का भी उपयोग कर सकते हैं.

## सही क्वांटिटी

मिठाई या फिर कोई भी खाने की चीज बनाते समय इंग्रीडिएंट्स को नाप तौल कर डालना बहुत मायने रखता है. सभी को देखकर रेसिपी के अनुसार माप कर ही डालें. कोई चीज ज्यादा या कम होने से स्वाद खराब हो सकता है. जैसे कि लड्डू बनाते समय घी कम डाला को वह सख्त बनेंगे और ज्यादा डालने से वह बहुत ज्यादा सॉफ्ट बन सकते हैं.

## चीनी की चाशनी का सही टेक्सचर

रसगुल्ला, बर्फी, गुलाब जामुन और जलेबी जैसी मिठाइयों के लिए चाशनी जरूर बनाई जाती है. ऐसे में पहले इसे बनाने की विधि को सही से समझें. 1 तार वाली चाशनी का उपयोग गुलाब जामुन, जलेबी और इमरती और मीठी बूंदी के लिए किया जाता है, तो मिठाई चाशनी को एब्जॉर्ब कर लेती हैं. वहीं 2 तार चाशनी यूज , गुझिया, मठरी और शकर पारे में डाला जाते हीं, जो परोसते समय ऊपर चढ़ाई जाती है. 3 तार चाशनी का उपयोग बूरा, बर्फी या बताशे बनाने के लिए किया जाता है.

## खोया या मावा घर पर बनाएं

अगर संभल हो तो खोया या मावा बाजार से लाने की बजाय घर पर बनाएं. यह ज्यादा ताजा और शुद्ध होता है और इससे मिठाई का स्वाद भी बेहतर होगा. दूध को धीमी आंच पर लगातार चलाते हुए गाढ़ा करें. जब तक वह मावे जैसा गाढ़ा न हो जाए, पकाते रहें. ध्यान रखें दूध कढ़ाई पर न चिपके.

## ज्यादा मात्रा में न बनाएं

अगर आप पहली बार कोई मिठाई बना रहे हैं, तो कम मात्रा में बनाएं. इसका स्वाद और टेस्चर चेक करें. इससे इंग्रीडिएंट्स खराब नहीं होंगे और आप उसमें सुधार भी कर सकेंगे. मिठाई को एयरटाइट कंटेनर में रखें. मिठाई बनाते समय बर्तन और किचन की सफाई का विशेष ध्यान रखें.

## अपनाएं ये टिप्स

ज्यादातर मिठाइयों धीमी आंच पर पकाई जाती हैं. जिससे कि उनका स्वाद खराब न हो. खोया या बेसन को भूनते समय आंच कम रखें, वरना यह जल सकता है. घी में तले वाली मिठाइयां जैसे कि गुलाब जामुन को धीमी आंच पर ही तलें, ताकि वो अंदर तक ठीक से पक जाए. इसके साथ ही सही बर्तन का उपयोग करें.